राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in

विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 293
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
मंगलवार 16 सितंबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट | पेज 3 नोएडा में बनेगा स्काईवॉक, 3 सेक्टरों को जोड़ेगा | पेज 4 मृत युवक के परिजनों को विधायक स्वामी प्रक्तानंद ने दिलाई | पेज 6 पाक के खिलाफ पहली ही गेंद पर विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज

संक्षिप्त खबरें

एक किमी तक लोगों-वाहनों को कुचलता गया ट्रक

इंदौर। इंदौर में सोमवार शाम को एक ट्रक करीब एक किलोमीटर तक मौत बनकर दौड़ा। तेज रफ्तार ट्रक ने कई लोगों और वाहनों को कुचला-टक्कर मारी। हादसा शहर के एयरपोर्ट रोड पर हुआ है। एसीपी अमित सिंह के अनुसार, इस हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि ट्रक ने करीब 30 लोगों को चपेट में लिया। इधर, हादसे के दौरान ट्रक में आग लग गई। पहले ये सूचना आई थी कि गुस्साए लोगों ने ट्रक में आग लगा दी। लेकिन प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रक की टक्कर के बाद उसमें एक बाइक फंस गई थी।

दिल्ली एयरपोर्ट पर 26 अक्टूबर से फिर खुलेगा टर्मिनल-2

नई दिल्ली। दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट के टर्मिनल-2 को 26 अक्टूबर से यात्रियों के लिए फिर से खोल दिया जाएगा। इसे अपग्रेड करने के लिए इस साल अप्रैल में अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था। सर्दियों में कोहरे के दौरान फ्लाइट के शेड्यूल को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। अपग्रेडेशन के बाद टर्मिनल-2 में यात्रियों को कई नई और अत्याधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। टर्मिनल-2 से हर दिन 120 घरेलू उड़ानें संचालित होंगी। फिलहाल इनका संचालन अन्य टर्मिनल से किया जा रहा है। अब इन्हें टर्मिनल-2 पर शिफ्ट करने से भीड़ का दबाव भी कम होगा और संचालन आसान हो जाएगा।

हैप्पी मॉर्निंग

पप्पू- मुझसे पहले तुम्हारे कितने बॉयफ्रेंड थे? गर्लफ्रेंड- खामोश रही पप्पू- बताओ? गर्लफ्रेंड- फिर खामोश रही पप्पू (चीखकर बोला)- मैं तुम्हारी इस खामोशी को क्या समझूं? गर्लफ्रेंड- चीख क्यों रहे हो? गिन तो रही हूं.....

शायरी

झूट बोला है तो क़ायम भी रहो उस पर 'ज़फ़र'
आदमी को साहब-ए-किरदार होना चाहिए

अर्थसार

सेंसेक्स:
81,785.74
-118.96 (0.15%)
निफ्टी:
25,069.20
-44.80



मौसम

अधिकतम : 34 डिग्री से0
न्यूनतम : 27 डिग्री से0
सूयोदय बुधवार : 6 : 14
सूर्यास्त मंगलवार : 6 : 36

सुप्रीम कोर्ट बोला-थानों में सीसीटीवी नहीं चलना निगरानी में चूक

एआई तकनीक का इस्तेमाल हो, कैमरा बंद होने पर अथॉरिटी को तुरंत अलर्ट मिले

एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने देशभर के पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरों के काम नहीं करने को लेकर चिंता जताई है।

कोर्ट ने इसे निगरानी की कमी बताया और कहा कि कैमरों की फीड देखने के लिए ऐसा कंट्रोल रूम होना चाहिए, जहां इंसानी दखल न हो। अगर कोई कैमरा बंद हो जाए तो तुरंत अलर्ट मिले। कोर्ट ने इस मामले में 26 सितंबर को आदेश देने की बात कही है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने कहा कि हर पुलिस स्टेशन का निरीक्षण किसी स्वतंत्र एजेंसी से कराया जाना चाहिए। कोर्ट ने सुझाव दिया कि इस काम के लिए किसी आईआईटी को शामिल किया जा सकता है, जो ऐसा सॉफ्टवेयर बनाए जिससे सभी सीसीटीवी फीड एक जगह पर एआई (एआई) के जरिए खुद-ब-खुद मॉनिटर हों। कोर्ट ने कहा कि अगर कोई कैमरा बंद होता है तो इसकी जानकारी तुरंत संबंधित लीगल सर्विस अथॉरिटी या निगरानी एजेंसी को मिलनी चाहिए।

2018 और 2020 में दिए थे अहम आदेश

सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में पुलिस थानों में मानवाधिकार उल्लंघन रोकने के लिए सीसीटीवी लगाने का आदेश दिया था।

दिसंबर 2020 में कोर्ट ने कहा था कि हर पुलिस स्टेशन के एंट्री-एग्जिट पॉइंट, लॉकअप, गलियारे, रिसेप्शन और लॉकअप के बाहर के हिस्सों में कैमरे लगें। ये कैमरे नाइट विजन वाले हों और ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग कर सकें। साथ ही, इनका डेटा कम से कम एक साल तक सुरक्षित रखा जा सके।

सुप्रीम कोर्ट ने 4 सितंबर को एक मीडिया रिपोर्ट पर स्वत: संज्ञान लिया था, जिसमें बताया गया था कि राजस्थान में पिछले आठ महीनों में पुलिस हिरासत में 11 मौतें हुई हैं। इनमें से 7 मामले उदयपुर के हैं।

गड़बड़ी मिली तो एसआईआर रद्द करेंगे

पटना। सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को बिहार में एसआईआर (वोटर वेरिफिकेशन) के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई हुई। इस दौरान याचिकाकर्ताओं की तरफ से कहा गया कि चुनाव आयोग प्रक्रिया का पालन नहीं कर रहा है। नियमों की अनदेखी हो रही है। इस पर कोर्ट ने कहा हम यह मानकर चलेंगे कि चुनाव आयोग अपनी जिम्मेदारियों को जानता है। अगर कोई गड़बड़ी हो रही है, तो हम इसको देखेंगे। अगर बिहार में एसआईआर के दौरान चुनाव आयोग द्वारा अपनाई गई कार्यप्रणाली में कोई अवैधता पाई जाती है, तो पूरी प्रक्रिया को रद्द किया जा सकता है।

पूरे वक्फ कानून पर रोक नहीं, 3 बदलावों पर स्टे

सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ संशोधन कानून पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। हालांकि कोर्ट ने सोमवार को कानून में किए गए 3 बड़े बदलावों पर अंतिम फैसला आने तक स्टे लगा दिया। इनमें वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम सदस्यों की नियुक्ति का नियम शामिल है। सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस अगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने कहा कि केंद्रीय वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम मेंबर्स की संख्या 4 और राज्यों के वक्फ बोर्ड में 3 से ज्यादा न हो। सरकारें कोशिश करें कि बोर्ड में नियुक्त किए जाने वाले सरकारी मेंबर्स भी मुस्लिम कम्युनिटी से ही हों।

पंजाब में राहुल गांधी की एसपी से बहस

पाक बॉर्डर के पास जाने से रोका, कांग्रेस नेता बोले- भारत में मुझे प्रोटेक्ट नहीं कर सकते

गुरदासपुर। पंजाब के गुरदासपुर में सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की पुलिस अधिकारियों से बहस हो गई। राहुल गांधी गुरदासपुर के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करने गए थे।

जैसे ही वे पाकिस्तान बॉर्डर से सटे गांवों की ओर बढ़ने लगे तो स्क्वॉड जुगराज सिंह ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए उन्हें रोक दिया। एसपी ने राहुल गांधी को बताया कि आगे पाकिस्तान का बॉर्डर है और फेंसिंग टूटी हुई है।

इस पर राहुल गांधी ने एसपी से कहा कि आप इंडियन टेरिटरी में मुझे प्रोटेक्ट नहीं कर सकते, इसलिए मुझे आगे जाने से रोका जा रहा है। एसपी ने

जवाब दिया कि वहां सिक्योरिटी कंसर्न है।

इस दौरान राहुल गांधी, कांग्रेस नेताओं और पुलिस अधिकारियों के बीच काफी देर तक बहस हुई। आखिर में राहुल गांधी उन गांवों का दौरा किए बिना ही लौट गए।

राहुल गांधी ने बहस का वीडियो शेयर करते हुए फेसबुक पर लिखा- सुरक्षा का डर किसी और को दिखाएं। हिंदुस्तान की धरती पर तकलीफ में फंसे हर भारतीय की बात सुनना मेरा हक और जिम्मेदारी है।

जेन-जी प्रदर्शनकारियों ने नेपाली पीएम सुशीला कार्की का इस्तीफा मांगा

काठमांडू। नेपाल में जेन-जी प्रदर्शनकारियों ने अंतरिम पीएम सुशीला कार्की का इस्तीफा मांगा है। वे कैबिनेट विस्तार को लेकर नाराज हैं। प्रदर्शनकारियों ने रविवार रात पीएम आवास के बाहर प्रदर्शन और नारेबाजी की। उन्होंने आरोप लगाया कि अंतरिम सरकार प्रदर्शनकारियों की राय लिए बिना मंत्रियों को चुन रही है। इसका नेतृत्व सुदान गुरुंग कर रहे थे। गुरुंग ने धमकी देते हुए कहा, अगर हम फिर सड़क पर उतरे तो कोई हमें रोक नहीं पाएगा। जिस कुर्सी पर बैठाया है, वहीं से निकाल फेंकेंगे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सीनियर वकील ओमप्रकाश आर्यल सरकार में दखलअंदाजी कर रहे हैं। गुरुंग का आरोप है कि आर्यल ने खुद को गृहमंत्री बनाने का फैसला किया है। ओमप्रकाश आर्यल काठमांडू के मेयर बालेन शाह के करीबी माने जाते हैं।

पुलिस मुठभेड़ में 3 नक्सली ढेर

पाती पिरी जंगल में एक करोड़ का इनामी सहदेव सोरेन भी मारा गया, एके-47 बरामद

हजारीबाग। हजारीबाग जिले में पुलिस और नक्सलियों के बीच सोमवार को बड़ी मुठभेड़ हुई। गोरहर थाना क्षेत्र के पाती पिरी जंगल में हुई इस मुठभेड़ में तीन कुख्यात नक्सली मारे गए।

इनमें नक्सली संगठन की केंद्रीय समिति का सदस्य सहदेव सोरेन उर्फ परवेश भी शामिल है, जिस पर एक करोड़ रुपए का इनाम घोषित था।

लंबे समय से सुरक्षा एजेंसियां इसकी तलाश में थीं। मुठभेड़ में कोबरा 209 और हजारीबाग पुलिस की संयुक्त टीम ने भाग लिया।

2 जवान भी हुए हैं घायल

पुलिस और नक्सलियों के बीच चली इस मुठभेड़ में दो जवान भी घायल हुए हैं। ये अजय भौमिक 209 कोबरा बटालियन के सिपाही और सुब्रतो विश्वास कोबरा के जवान हैं। बरही अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया। दोनों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर किया गया। सुब्रतो विश्वास पश्चिम बंगाल तो अजय भौमिक असम का रहने वाला है।

मुठभेड़ में मारा गया दूसरा नक्सली रघुनाथ हेंब्रम था, जो बिहार-झारखंड विशेष क्षेत्र समिति का सदस्य था। उस पर 25 लाख रुपए का इनाम घोषित था।

हथियार बरामद, इलाके में सर्च ऑपरेशन

मुठभेड़ के बाद पुलिस ने मौके से एके-47 सहित कई घातक हथियार बरामद किए हैं। हजारीबाग के एसपी अंजनी अंजन ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि यह सुरक्षा बलों के लिए बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि नक्सलियों की गतिविधियों पर पूरी तरह से नजर रखी जा रही है। मुठभेड़ के बाद पूरे इलाके में सर्च अभियान तेज कर दिया गया है। सुरक्षाबलों की इस कार्रवाई से संगठन को करारा झटका लगा है। आने वाले दिनों में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस की पकड़ और मजबूत होगी।

वहीं तीसरा नक्सली बीरसेन गंझू उर्फ रामखेलावन था, जो क्षेत्रीय समिति का सदस्य था। उस पर 10 लाख रुपए का इनाम था।

तीनों नक्सली लंबे समय से झारखंड और बिहार की सीमावर्ती इलाकों में सक्रिय थे। तीनों कई बड़ी घटनाओं को अंजाम देने में शामिल रहे थे।

सुप्रीम कोर्ट ने अंबानी के वनतारा को क्लीनचिट दी

कहा- जानवरों की खरीद-बिक्री कानूनी; जैन मठ से हथिनी की शिफ्टिंग पर विवाद

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा, जामनगर स्थित वनतारा वाइल्डलाइफ रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर में जानवरों की खरीद-बिक्री नियमों के दायरे में हुई है। इस सेंटर को अंबानी परिवार का रिलायंस फाउंडेशन चलाता है।

कोर्ट ने कहा कि विशेष जांच दल की रिपोर्ट में कोई गड़बड़ी नहीं मिली है।

जस्टिस पंकज मित्तल और जस्टिस पीबी वराले की बेंच ने कहा, अब इस मामले को बार-बार उठाने की इजाजत नहीं दी जाएगी। स्वतंत्र समिति ने जांच की है और हम उसी पर भरोसा करेंगे।

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने 26 अगस्त को 2 पब्लिक इंटरेस्ट पिटीशन पर एसआईटी बनाने का आदेश दिया

था। एक वकील सीआर जया सुकीन और दूसरी याचिका देव शर्मा ने जुलाई में कोल्हापुर के जैन मठ से हाथी 'माधुरी' को वनतारा में ले जाने के विवाद के बाद दायर की थी।

एसआईटी रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की जाएगी

वनतारा के वकील हरीश साल्वे ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि जांच रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की जानी चाहिए। उनका तर्क था कि अगर रिपोर्ट बाहर आई तो न्यूयॉर्क टाइम्स जैसे अखबार उसका केवल कुछ हिस्सा छापकर गलत नैरेटिव बना देंगे। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं होगी।

एसआईटी ने 12 सितंबर को रिपोर्ट सौंपी

4 सदस्यीय एसआईटी का नेतृत्व पूर्व जज जस्टिस जे. चेलमेश्वर ने किया था और टीम में जस्टिस राघवेंद्र चौहान, पूर्व मुंबई पुलिस कमिश्नर हेमंत नागराले और कस्टम्स अधिकारी अनिश गुप्ता शामिल थे।

एसआईटी ने 12 सितंबर को रिपोर्ट सौंप दी थी। कोर्ट ने एसआईटी की सराहना की और कहा कि समिति को मानदेय भी दिया जाए।

ओडिशा में पुरी बीच के पास स्टूडेंट से गैंगरेप

भुवनेश्वर। ओडिशा के पुरी में बीच के पास 19 साल की कॉलेज स्टूडेंट के साथ गैंगरेप किया गया। घटना शनिवार की है लेकिन पीड़ित ने सोमवार को एफआईआर दर्ज करवाई। पीड़ित के मुताबिक, वह अपने दोस्त के साथ बलिहारचंडी मंदिर गई थी। जोकि समुद्र तट से 500 मीटर दूर है, वहां से नजदीक के एक जंगल चली गई। वहां पहले से आरोपी मौजूद थे। आरोपियों ने लड़के और लड़की का वीडियो बना लिया। फिर ब्लैकमेल करके पैसे मांगने लगे। जब इनकार कर दिया तो लड़के के हाथ बांध दिए। फिर दो आरोपियों ने लड़की के साथ रेप किया। पुरी के स्क्वॉड प्रतीक सिंह के मुताबिक, पीड़ित दो दिन तक सदमें में रही थी। सोमवार को उसने हिम्मत जुटाई और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

शिमला में पिकअप पलटी, 5 की मौत

2 व्यक्ति घायल, 60 मीटर नीचे दूसरी सड़क पर पहुंची गाड़ी

शिमला। हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले के कोटखाई में कल सुबह एक पिकअप दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

इस हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि दो पिकअप सवार गंभीर रूप से घायल है। घायलों को आईजीएमसी शिमला रेफर किया गया है। पुलिस ने मृतकों के शव कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

सूचना के अनुसार, एचपी-63-3897 नंबर पिकअप में ड्राइवर समेत कुल 7 लोग सवार थे। इनमें ड्राइवर लोकल था, जबकि 6 अन्य नेपाली मूल के मजदूर थे। सभी सेब ढुलाई के लिए क्रेट लेकर जा रहे थे।

इस दौरान इनकी पिकअप कोटखाई के रामगनर की खोला कैंची

के पास बेकाबू होकर सड़क से करीब 60 मीटर नीचे दूसरी सड़क पर जा गिरी। इसमें 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांचवें व्यक्ति ने आईजीएमसी शिमला ले जाते वक्त रास्ते में दम तोड़ा।

1 मृतक लोकल, 4 नेपाली : एसएचओ

एसएचओ कोटखाई बलेदव सिंह ने बताया कि पिकअप को जोगिंदर सिंह पुत्र बालक राम निवासी खोला चला रहा था। इसमें जोगेंदर सिंह की मौके मौत हो गई।

ड्राइवर के अलावा हादसे में 4 नेपालियों की भी मौत हुई है। उनकी अभी पहचान की जा रही है।

उन्होंने बताया कि मृतकों का कोटखाई में पोस्टमॉर्टम चल रहा है, जबकि पांचवें मृतक का पोस्टमॉर्टम आईजीएमसी शिमला में होगा। इसके बाद शव परिजनों को सौंपे जाएंगे।

कांग्रेस का निशाना कांग्रेस नेता पवन खेड़ा बोले- किसानों को धमकाकर ली जमीन, उसका शिलान्यास करने पहुंचे बिहार

'पीएम ने भागलपुर की 1050 एकड़ जमीन अडाणी को सौंपी'

पटना। पीएम मोदी के बिहार दौरे को लेकर कांग्रेस ने निशाना साधा है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने सोमवार यानी 15 सितंबर को दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि, बिहार में वोट चोरी का बंदोबस्त तो बैठाया जा रहा है, लेकिन अगर वोट चोरी से काम ना चले तो जाते-जाते गौतम अडाणी को सारी चीजें सौंप रहे हैं।

पवन खेड़ा ने दावा करते हुए कहा कि, बिहार में भागलपुर के पीरपैंती में 10 लाख पेड़, 1,050 एकड़ जमीन 'राष्ट्र सेठ' गौतम अडाणी को पावर प्लांट लगाने के लिए एक रुपए हर साल पर 33 साल के लिए दे दी गई। जब आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार जा रहे हैं, तब वहां के ग्रामीणों को नजरबंद कर दिया गया, ताकि वह धरना न दे सकें।

पवन खेड़ा ने कहा कि, किसानों से उनकी जमीन जबरदस्ती और धमकाकर ली जा रही है।

केंद्रीय बजट में भी हुई थी पावर प्लांट की घोषणा

पवन खेड़ा ने आगे कहा कि, यह जमीन और आम, लीची, सागवान के पेड़ मात्र 1 रुपए प्रति वर्ष की दर से 33 साल के लिए अडाणी समूह को सौंप दिए गए हैं।

यह सौदा भागलपुर के पीरपैंती में 2,400 मेगावाट के पावर प्लांट के

लिए है, जिसकी अनुमानित लागत 21,400 करोड़ रुपए है।

उन्होंने कहा कि, यह आम के आम, गुठलियों के दाम वाली कहानी है। जमीन, पेड़, कोयला, सब कुछ गौतम अडाणी को दे दिया गया।

चुनाव के वक्त अडाणी को देते बिहार के बड़े प्रोजेक्ट्स

खेड़ा ने आगे कहा कि बिहार से सरकार जमीन छीन रही है, कोयला ले रही है, पेड़ काट रही है और उन्हीं लोगों को 6.075 रुपए में बिजली बेच रही है। आखिर ये कहां का न्याय है? कांग्रेस नेता ने कहा कि जब भी चुनाव नजदीक आते हैं और भाजपा को हार का डर सताता है, तब गौतम अडाणी को बड़े प्रोजेक्ट्स दिए जाते हैं। उन्होंने महाराष्ट्र, झारखंड और छत्तीसगढ़ में अडाणी को मिले प्रोजेक्ट्स का जिक्र किया।

बिहार की जमीन और संसाधनों से बना पावर प्लांट बिहार के लोगों को 6.075 रुपए प्रति यूनिट की दर से बिजली बेचेगा।

जबकि महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में यह फिक्स दर 3 से 5 रुपए है।

उन्होंने इसे बिहार की जनता के साथ डबल लूट करार देते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी अपने दोस्त के लिए बिहार को कुछ इसी तरह से लूट रहे हैं और यही सब करके प्रदेश को बीमारू राज्य बना दिया गया।

अडानी की कंपनी को मिला केदारनाथ रोपवे का प्रोजेक्ट

मार्च में मिली थी 12.9 किमी लंबे प्रोजेक्ट को मंजूरी; बनने में 6 साल लगेंगे

एजेंसी

देहरादून। गौतम अदाणी की कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) को सोनप्रयाग से केदारनाथ को जोड़ने वाले लगभग 13 किलोमीटर लंबे रोपवे प्रोजेक्ट के निर्माण का ठेका मिला है। कंपनी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

सड़क से पहुंचने के लिए आखिरी प्वाइंट है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस वर्ष मार्च में इस रोपवे प्रोजेक्ट को मंजूरी दी थी, जिसकी अनुमानित लागत लगभग 4,081 करोड़ रुपये है। इसे पूरा होने में करीब 6 साल का वक्त लगेगा।

कंपनी ने बयान में कहा- एक बार संचालन में आने के बाद, 12.9 किलोमीटर का यह रोपवे प्रोजेक्ट कठिन 9 घंटे की पैदल यात्रा को मात्र 36 मिनट में कम कर देगा, जिससे तीर्थयात्रा बहुत आसान और सुरक्षित हो जाएगी। रोपवे प्रति दिशा में प्रति घंटे 1,800 यात्रियों को ले जाने में सक्षम होगा।

कुल 12.9 किलोमीटर की दूरी वाला यह रोपवे सोनप्रयाग को केदारनाथ से जोड़ेगा, जो पारंपरिक रूप से 16 किलोमीटर की कठिन चढ़ाई वाली पैदल यात्रा घोड़ों, पालकी और हेलीकॉप्टर जैसे अन्य साधनों से पूरा किया जाता है।

संपादकीय

मानव जीवन तथा पर्यावरण के लिए लगातार बढ़ रहा खतरा

जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

आज के युग में मानव जीवन और पर्यावरण पर मंडराते खतरे दिन-प्रतिदिन गंभीर होते जा रहे हैं। औद्योगीकरण, शहरीकरण, और मानव की लापरवाही ने प्रकृति के संतुलन को बुरी तरह प्रभावित किया है। पर्यावरणीय समस्याएँ जैसे जलवायु परिवर्तन, वायु प्रदूषण, जल संकट, और जैव विविधता का ह्रास न केवल मानव जीवन को प्रभावित कर रहे हैं, बल्कि समस्त पारिस्थितिकी तंत्र को भी खतरे में डाल रहे हैं। इस लेख में हम इन खतरों और उनके समाधानों पर चर्चा करेंगे।

जलवायु परिवर्तन : एक वैश्विक संकट

जलवायु परिवर्तन आज की सबसे बड़ी पर्यावरणीय चुनौतियों में से एक है। ग्रीनहाउस गैसों, विशेष रूप से कार्बन डाइऑक्साइड और मीथेन के बढ़ते उत्सर्जन के कारण वैश्विक तापमान में वृद्धि हो रही है। इसके परिणामस्वरूप ग्लेशियर पिघल रहे हैं, समुद्र का जलस्तर बढ़ रहा है, और मौसम चरम पर पहुँच रहा है। भारत जैसे देशों में बाढ़, सूखा, और चक्रवात जैसी प्राकृतिक आपदाएँ आम हो गई हैं। यह न केवल मानव जीवन को प्रभावित करता है, बल्कि कृषि, अर्थव्यवस्था, और बुनियादी ढाँचे को भी नुकसान पहुँचाता है।

वायु और जल प्रदूषण

शहरीकरण और औद्योगिक गतिविधियों के कारण वायु प्रदूषण एक गंभीर समस्या बन चुका है। दिल्ली जैसे महानगरों में वायु गुणवत्ता सूचकांक अक्सर खतरनाक स्तर पर पहुँच जाता है। वाहनों का धुआँ, औद्योगिक उत्सर्जन, और पराली जलाना इसके प्रमुख कारण हैं। यह श्वसन संबंधी रोगों, हृदय रोगों, और कैंसर जैसी बीमारियों को बढ़ावा दे रहा है। दूसरी ओर, जल प्रदूषण भी मानव जीवन के लिए खतरा बन रहा है। नदियों और झीलों में औद्योगिक कचरा, प्लास्टिक, और रासायनिक अपशिष्ट डाले जा रहे हैं, जिससे पीने योग्य पानी की कमी हो रही है। गंगा और यमुना जैसी पवित्र नदियाँ भी प्रदूषण की चपेट में हैं।

जैव विविधता का ह्रास

मानव गतिविधियों, जैसे वनों की कटाई, अवैध शिकार, और शहरी विस्तार के कारण जैव विविधता तेजी से नष्ट हो रही है। जंगल, जो पृथ्वी के फेफड़े कहलाते हैं, तेजी से सिकुड़ रहे हैं। इससे कई प्रजातियाँ विलुप्त हो रही हैं, जो पारिस्थितिकी तंत्र के लिए आवश्यक हैं। उदाहरण के लिए, मधुमक्खियों की घटती संख्या परागण को प्रभावित कर रही है, जिसका सीधा असर खाद्य उत्पादन पर पड़ता है।

मानव जीवन पर प्रभाव

पर्यावरणीय खतरों का सीधा असर मानव स्वास्थ्य, आजीविका, और सामाजिक संरचना पर पड़ रहा है। प्रदूषण के कारण बीमारियाँ बढ़ रही हैं, और प्राकृतिक आपदाएँ लोगों को बेघर कर रही हैं। गरीब और कमजोर समुदाय इन समस्याओं से सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं, क्योंकि उनके पास संसाधनों की कमी है। इसके अलावा, पर्यावरणीय असंतुलन के कारण खाद्य और जल संकट गहराता जा रहा है, जो भविष्य में सामाजिक अशांति का कारण बन सकता है।

समाधान और भविष्य की राह

इन समस्याओं से निपटने के लिए तत्काल और सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। सबसे पहले, हमें नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों, जैसे सौर और पवन ऊर्जा, को बढ़ावा देना होगा। वृक्षारोपण और वनों का संरक्षण जैव विविधता को बचाने में मदद करेगा। साथ ही, लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए शिक्षा और अभियानों की आवश्यकता है। सरकार को सख्त पर्यावरणीय नीतियाँ लागू करनी चाहिए, जैसे प्रदूषण नियंत्रण नियमों को कड़ाई से लागू करना और एकल-उपयोग प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाना। व्यक्तिगत स्तर पर, हमें पानी और बिजली की बचत, कचरे का पुनर्चक्रण, और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना चाहिए।

निष्कर्ष

मानव जीवन और पर्यावरण एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं। यदि हमने समय रहते पर्यावरण की रक्षा नहीं की, तो यह हमारे अस्तित्व के लिए खतरा बन सकता है। प्रत्येक व्यक्ति, समुदाय, और सरकार को मिलकर इस दिशा में कदम उठाने होंगे। पर्यावरणीय संरक्षण केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि हमारी जिम्मेदारी है। यदि हम आज सही कदम उठाएँ, तो हम अपने और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित कर सकते हैं।

स्वाधीन भारत और संकुचित मानसिकता?

स्वावलंबन या आत्मनिर्भरता ही मनुष्य को स्वाधीन बनाने की प्रेरणा देती है। आत्मनिर्भरता की स्थिति में व्यक्ति अपनी इच्छाओं को अपनी सुविधा अनुसार पूरा कर सकता है, इसके लिए दूसरों की तरफ मुंह ताकने की जरूरत नहीं पड़ती है। भारत में स्वाधीनता के मायने कितने लोग समझ पाते हैं और कितना इसका सही और सटीक प्रयोग कर पाते हैं। किसी भी राष्ट्र के लिए शिक्षा और साक्षरता का उस देश और काल को समझने का एक कारगर हथियार हो सकता है पर भारत में मानसिक स्वाधीनता को समझना भी एक बड़ी समस्या है यह अशिक्षा जनित समस्या बहुत ही विकराल है। हम अभी भी पश्चिमी जगत की शिक्षा, कार्यशैली, विज्ञान एवं चिकित्सा पर संपूर्ण रूप से निर्भर हैं केवल एक शिक्षा ही ऐसा अस्त्र है जो स्वतंत्र भारत के नागरिकों को स्वाधीनता के महत्व को समझने में सक्षम होगा ।अत: स्वाधीन भारत के स्वतंत्र नागरिकों को शिक्षा के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक स्वतंत्र नागरिक बनाकर देश के प्रति सजग और सचेत किया जा सकता है। आत्मनिर्भरता केवल मनुष्य के लिए व्यक्तिगत रूप से ही जरूरी नहीं है, बल्कि राष्ट्र के लिए भी अति आवश्यक है ।एक स्वतंत्र राष्ट्र अपनी जनता को अपनी क्षमता के अनुसार सारी सुविधाएं तथा अन्य जीवन उपयोगी साधन उपलब्ध करा सकता है।

भारत स्वतंत्रता के बाद हरित क्रांति सातवें दशक के प्रारंभ के बाद ही खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर बन सका, इसके साथ ही भारत में खुशहाली की स्वाभाविक तौर पर वृद्धि हुई। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी कहा था कि एक राष्ट्र की शक्ति उसकी आत्मनिर्भरता में है दूसरों से उधार लेकर काम चलाने में नहीं,पाकिस्तान की स्थिति बिल्कुल ऐसी ही है वह अभी तक स्वतंत्रता के बाद से 78 वर्ष के बाद भी संपूर्ण रूप से आत्मनिर्भर नहीं हो पाया है, वह कर्जे से डूब गया है और अपने देश में खर्चा चलाने के लिए पूरी दुनिया से उधार मांगते हुए घूम रहा है।

पाकिस्तान आत्मनिर्भर नहीं होने का एवं उधार की जिंदगी जीने का एक बहुत बड़ा उदाहरण है। जबकि भारत देश विज्ञान, टेक्नोलॉजी, मेडिकल साइंस,इंजीनियरिंग और कृषि सेवा, खनिज,स्पेस रिसर्च में पूर्णता आत्मनिर्भर होकर विकसित देशों के बराबर खड़ा हुआ है। यह देशवासियों और देश के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। आत्मनिर्भरता या स्वावलंबन किसी भी देश की प्रगति विकास तथा और उसके नागरिकों की जिंदगी की जिजीविषा है जिससे वह संघर्ष कर आगे बढ़ता है।

विश्व ओजोन दिवस- 16 सितम्बर, 2025

ओजोन परत: जीवन की ढाल और उसके संरक्षण का संकल्प

- ललित गर्ग -

ओजोन परत पृथ्वी पर मानव जीवन की ढाल है, क्योंकि यह समताप मंडलीय परत पृथ्वी को सूर्य की अधिकांश हानिकारक पराबैंगनी विकिरण से बचाती है। सूर्य के प्रकाश के बिना मानव, प्रकृति एवं जीव-जंतुओं का जीवन को संभव नहीं है, लेकिन सूर्य की सीधी किरणें मानव के लिये हानिकारक भी है, इन हानिकारक किरणों से ओज़ोन परत ही रक्षा करती है, जीवन को संभव बनाती है। धरती पर बढ़ रही पर्यावरण विनाश की गतिविधियों के कारण ओजोन परत का क्षरण होने लगा, जब 1970 के दशक के अंत में वैज्ञानिकों को पता चला कि मानव निर्मित प्रकृति दोहन इस सुरक्षा कवच में छेद कर रही है, तो उन्होंने चिंता जताई। ओजोन परत में यह छेद दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है, जो रेफ्रिजरेटर और एयर कंडीशनर जैसे एयरोसोल और शीतलन उपकरणों में इस्तेमाल होने वाली ओज़ोन-क्षयकारी गैसों (ओडीएस) के कारण हो रहा था, जिससे त्वचा कैंसर और मोतियाबिंद के मामलों में वृद्धि और पौधों, फसलों और पारिस्थितिक तंत्र को नुकसान पहुँचाने का खतरा पैदा कर रहा था। ओजोन परत का क्षरण एक गंभीर खतरा एवं चुनौती के रूप में सामने आया। इसलिये वियना कन्वेंशन में ओजोन के संरक्षण के लिये प्रतिवर्ष विश्व ओजोन दिवस मनाया जाने लगा। इस वर्ष हम वियना कन्वेंशन की 35वीं वर्षगांठ और वैश्विक ओज़ोन परत संरक्षण की 35वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। हर साल, विश्व ओज़ोन दिवस वर्तमान चुनौतियों और प्रगति पर ध्यान केंद्रित करने के लिए एक अनूठी थीम पर मनाया जाता है। 2025 का आधिकारिक थीमःजीवन के लिए ओज़ोन' है। यह थीम हमारे ग्रह के लिए एक प्रभावी एवं रक्षात्मक ढाल के रूप में ओज़ोन परत के निरंतर महत्व पर प्रकाश डालती है और मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल की वैश्विक सफलता और भविष्य की संभावनाओं का जश्न मनाती है।

पृथ्वी की सतह से 10 से 40 किलोमीटर ऊपर समताप मंडल में स्थित ओज़ोन परत हमें हानिकारक पराबैंगनी विकिरण (यूवी रेडियेशन) से बचाती है। यह सुरक्षात्मक परत, जिसे स्ट्रैटोस्फेरिक ओज़ोन या अच्छी ओज़ोन के रूप में जाना जाता है, मोतियाबिंद और त्वचा कैंसर जैसे प्रतिकूल स्वास्थ्य प्रभावों को रोकती है तथा कृषि, वानिकी और जलीय जीवन की रक्षा करती है। यह दिन हमें स्मरण कराता है कि ओज़ोन परत केवल एक वैज्ञानिक शब्द नहीं, बल्कि पृथ्वी पर जीवन की सुरक्षा कवच है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 1994 में स्थापित, यह दिवस 1987 में मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर की तिथि को चिह्नित करता है, जो एक महत्वपूर्ण घटना थी जब दुनिया ओज़ोन परत को नुकसान पहुँचाने वाले पदार्थों को नियंत्रित करने के लिए एकजुट हुई थी। ओज़ोन परत पृथ्वी के समताप मंडल में स्थित है और सूर्य की अधिकांश हानिकारक पराबैंगनी किरणों को अवशोषित करती है, जिससे इसका संरक्षण सभी प्रकार के जीवन के लिए आवश्यक है। इस दिवस का उद्देश्य ओज़ोन परत के क्षरण को रोकना और पर्यावरणीय संतुलन की रक्षा करना है। यदि यह परत क्षतिग्रस्त हो जाए तो पृथ्वी पर जीवन असुरक्षित हो जाएगा। महात्मा गांधी ने कहा था कि प्रकृति हर व्यक्ति की आवश्यकता को पूरा करने के लिए पर्याप्त साधन देती है लेकिन लालच को पूरा करने के लिए नहीं। यही कथन आज ओज़ोन संकट की मूल जड़ को समझाता है।

ओज़ोन परत के क्षरण के मुख्य कारणों में क्लोरोफ्लोरोकार्बन (सीएफसी) युक्त गैसें हैं जो फ्रिज, ए.सी., एरोसोल स्प्रे और फोम में प्रयुक्त होती हैं। वाहनों और उद्योगों से निकलने वाले प्रदूषक, रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का अत्यधिक उपयोग तथा वनों की अंधाधुंध कटाई और प्राकृतिक संसाधनों का दोहन भी इसके प्रमुख कारण हैं। इसका सीधा प्रभाव मानव स्वास्थ्य पर पड़ता है। त्वचा कैंसर और आँखों का मोतियाबिंद बढ़ रहा है, रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो रही है और बच्चों व बुजुर्गों में श्वसन संबंधी बीमारियाँ तेजी से फैल रही हैं। ओज़ोन क्षरण जलवायु परिवर्तन और मौसम की चरम स्थितियों को भी जन्म देता है। ग्लेशियर पिघलने की गति तेज हो रही है, समुद्र तल बढ़ रहा है जिससे तटीय शहर खतरे में हैं और बेमौसम बारिश, लू तथा चक्रवात जैसी प्राकृतिक आपदाएँ आम होती जा रही हैं। पर्यावरण पर भी इसका गहरा असर देखा जा रहा है। पौधों की वृद्धि और फसल उत्पादन प्रभावित हो रहा है, जल-जीवों और समुद्री पारिस्थितिकी को हानि पहुँच रही है और जैव विविधता असंतुलित हो रही है।

बढ़ते प्रदूषण और वाहन संकट ने इस समस्या को और गंभीर बना दिया है। वाहनों से निकलने वाली ग्रीनहाउस गैसें और धुआँ न केवल वायु प्रदूषण को बढ़ा रहे हैं बल्कि ओज़ोन परत को भी कमजोर कर रहे हैं। महानगरों में दमघोंटू धुआँ, बदली हुई वर्षा प्रणाली और सांस की बीमारियाँ इसी का परिणाम हैं। इस संकट से निपटने के लिए हमें ठोस कदम उठाने होंगे। पर्यावरण-अनुकूल तकनीक का प्रयोग, सार्वजनिक परिवहन और साइकिल जैसी स्वच्छ यातायात व्यवस्था का अपनाना, पेड़ लगाना और वनों का संरक्षण करना, सीएफसी और हानिकारक रसायनों पर नियंत्रण तथा सौर, पवन और जल जैसी नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों का उपयोग करना आज की आवश्यकता है। ओज़ोन परत पृथ्वी के जीवन की प्राकृतिक ढाल है। यदि यह नष्ट हो गई तो जीवन की सुरक्षा संकट में पड़ जाएगी।

ओज़ोन परत का संरक्षण एवं संवर्द्धन का संकल्प दर्शाता है कि विज्ञान द्वारा निर्देशित सामूहिक निर्णय और कार्रवाई ही प्रमुख वैश्विक संकटों का समाधान है। कोरोना वायरस महामारी जैसे महासंकटों ने इतनी सामाजिक और आर्थिक कठिनाइयाँ पैदा की हैं, ओज़ोन संधियों का सद्भाव और सामूहिक भलाई के लिए मिलकर काम करने का संदेश पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण एवं प्रासंगिक हो गया है। इस दिवस का नारा, 'जीवन के लिए ओज़ोन', हमें याद दिलाता है कि ओज़ोन न केवल पृथ्वी पर जीवन के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि हमें आने वाली पीढ़ियों के लिए ओज़ोन परत की रक्षा करते रहना चाहिए।

अध्ययनों से पता चल रहा है कि तापमान, पराबैंगनी विकिरण और वर्षा की आवृत्ति कुछ पौधों की प्रजातियों के जीवित रहने के लिए उपयुक्त आवासों की उपलब्धता या सीमा निर्धारित करने वाले प्रमुख कारक हैं। पराबैंगनी-बी विकिरण और जलवायु परिवर्तन से जुड़े कारक पौधों की वृद्धि, रोगाणुओं और कीटों से बचाव, और खाद्य फसलों की गुणवत्ता को प्रभावित करते हैं। मानव स्वास्थ्य पर, पराबैंगनी विकिरण के गंभीर नकारात्मक प्रभाव हो सकते हैं, हालाँकि, मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल ने बड़ी संख्या में मामलों और मौतों को रोकने में अहम भूमिका निभाई है। प्रदूषण के संदर्भ में, पराबैंगनी विकिरण वायुमंडल की संरचना और गुणवत्ता पर; मानव, स्थलीय और जलीय पर्यावरण के स्वास्थ्य पर; गहरा प्रभाव डाल सकता है। यह प्लास्टिक प्रदूषकों के विघटन को बढ़ावा देता है जिसका मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण पर प्रभाव पड़ता है।

शहरी और महाद्वीपीय स्तर के वायु प्रदूषण में यूवी विकिरण एक प्रमुख कारक है क्योंकि मानवीय गतिविधियों और प्राकृतिक प्रक्रियाओं से उत्सर्जित कई कार्बनिक यौगिक सौर यूवी विकिरण द्वारा विषाक्त उत्पादों में परिवर्तित हो जाते हैं, जिससे वायु की गुणवत्ता कम हो जाती है और मानव स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचता है। यूवी विकिरण जलीय वातावरण में प्रदूषकों के विघटन का एक प्रमुख कारण भी है, जिससे विषाक्त और कैंसरकारी उत्पाद उत्पन्न होते हैं। वायु की गुणवत्ता क्षोभमंडल में सौर यूवी विकिरण पर निर्भर करती है और इस प्रकार समतापमंडलीय ओजोन परत की मोटाई पर निर्भर करती है तथा यह समतापमंडल से क्षोभमंडल तक ओजोन के परिवहन से प्रभावित होती है। ओज़ोन परत का संरक्षण और संवर्धन इसलिए अत्यंत आवश्यक है क्योंकि यही परत सूर्य की घातक पराबैंगनी किरणों से धरती पर जीवन की रक्षा करती है। इसके बिना न तो मानव जीवन सुरक्षित रह सकता है, न ही पृथ्वी पर हरियाली, जल और प्राणी जगत का अस्तित्व संभव है। ओज़ोन का क्षरण हमारे स्वास्थ्य, पर्यावरण और भविष्य तीनों के लिए खतरे की घंटी है, इसलिए विश्व ओज़ोन दिवस केवल एक औपचारिक दिवस नहीं बल्कि यह संकल्प लेने का अवसर है कि हम प्रदूषण को रोकेंगे, हरियाली को बढ़ाएँगे, ऊर्जा के स्वच्छ साधनों का प्रयोग करेंगे और इस जीवनदायिनी ढाल को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

टाईम पास

काकुरो पहेली - 3652



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



काकुरो - 3651 का हल



लॉफिंग ज़ोन

एक बार में थर्टी फर्स्ट की पार्टी मना रहे युवक-युवतियों का ध्यान अचानक बोर्ड पर गया, जिसमें लिखा था 'यहाँ देर रात तक नहीं चलेगी पार्टियाँ।'

उनमें से एक युवक ने घड़ी देखी और घबराया हुआ मेन गेट पर आकर झाँकने लगा।

तभी पास ही गश्त लगा रहे पुलिस वाले ने कहा- तुम्हारे पास अब सिर्फ चार ही मिनट बचे हैं। यहाँ से जल्दी भागो वर्ना अंदर कर दूँगा।

□ □ □

प्रेमिका से मिलने गया प्रेमी बोला- अभी तुमसे मिलने आते समय रास्ते में किसी ने मेरी जेब ही काट ली?

प्रेमिका- तो तुमने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज की?

प्रेमी नहीं- ...जैसे ही मैंने कटी हुई जेब देखी, फौरन पास वाले दर्जी से सिलवा ली।

□ □ □

अपने दोस्तों के साथ ताश खेल रहा क्रोधित पति (पत्नी से)- युधिष्ठिर भी तो जुआ खेलते थे, फिर तुम मुझे क्यों रोकती हो?

पत्नी इतराकर बोली- कभी नहीं रोकूँगी! खूब खेलो जुआ, लेकिन इस बात को याद रखना की द्रौपदी के पाँच पति थे।

फिल्म वर्ग पहेली- 3652

बायें से दायें:-

१. जैकी श्रॉफ, सलमान, रंभा, अश्विनी भावे की फिल्म-३
३. 'छम छम बरसा' गीत वाली फिल्म-३
६. 'जलता है जिया मेरा भीगी भीगी' गीत वाली फिल्म-२
७. राकेश रोशन, सिम्मी की फिल्म-२
८. अमिताभ, शर्मिला, हेमा, परवीन की फिल्म-४
१०. 'मरना तेरी गली में जीना तेरी' गीत वाली फिल्म-३
१२. फरदीन, करीना की 'रंग दीन्ही रंग' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'कहना है तुम' गीत वाली आमिर, मनीषा की फिल्म-२
१४. 'सिर्फ संडे को करती हूँ मैं तो प्यार' गीत वाली फिल्म-२
१५. 'चाँदनी रात है' गीत वाली सलमान, नगमा की फिल्म-२
१७. 'जिंदगी ये जिंदगी दो घड़ी की जिंदगी' गीत वाली फिल्म-३
१९. नागार्जुन, उर्मिला की फिल्म-२
२०. जैकी श्रॉफ, जूही, एकता की एक सस्पेंस फिल्म-३
२३. मिलिंद, विक्रम सलूज की फिल्म-३
२५. विनोद मेहरा, अनिल कपूर, स्मिता, रति की फिल्म-२,१,२
२६. 'याइला रे लड़की मस्त' गीत वाली फिल्म-२
२७. धर्मेन्द्र, शर्मिला की 'बहारों की बारात आ' गीत वाली फिल्म-३
२८. 'तुझे देखके दिल' गीत वाली फिल्म-३
३१. सनी, जॉन, सुनील शेट्टी की फिल्म-३
३२. 'जिस का मुझे था' गीत वाली अमिताभ, जीनत की फिल्म-२
३३. अक्षय, सैफ, रवीना टंडन, सोनाली बेंद्रे की फिल्म-३

ऊपर से नीचे:-

१. 'रंग भरे मौसम से' गीत वाली फिल्म-३
२. अमिताभ, संजीव, ऋषि, हेमा, शर्मिला की फिल्म-३
४. 'मैं तेरी मुहब्बत में' गीत वाली फिल्म-३
५. बिजॉय आनंद, कृतिका पाने, सोनू वालिया की फिल्म-२
६. 'दिल्ली की सर्दी' गीत वाली फिल्म-३
९. राजबब्बर, अनिता की फिल्म-४
११. 'किसी के दिल में' गीत वाली फिल्म-३
१२. नवीन निश्चल, सायरा की 'इधर गया था' गीत वाली फिल्म-४
१६. 'तेरे बिना तेरे' गीत वाली फरदीन, करीना की फिल्म-२
१७. संजय, उर्मिला की 'ओ भंवरे देखो हम' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'खाई है रे हमने कसम संग रहने की' गीत वाली फिल्म-३
२१. जैकी, नीलम की 'चुरया तूने दिल' गीत वाली फिल्म-४
२२. 'अपनी चाहतों पे काबू' गीत वाली जॉन, उदिता की फिल्म-२
२३. इरफान खान, की 'मैंने दिल से कहा' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'हम तीनों की वो यारी' गीत वाली फिल्म-३
२५. राजेंद्रकुमार, राखी की फिल्म-२,२
२६. 'पहली बार जो' गीत वाली फरदीन, उर्मिला की फिल्म-३
२९. 'सुन जरा सोनिये' गीत वाली फिल्म-२
३०. रणधीरकपूर, बबीता की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3651

चा	ल	बा	ज		चा	ला	क		जा
ह		रि		आ	ह		र्ज		ल
त	ला	श		र	त	न		प्पा	सा
	वा		रा	जू		ज	ख्म		ज
रा		तु	म		जो	र		ना	
म	स्ती		क	ह	र		अ	स्ति	त्व
अ		र्जी	स		दा	वा		क	
व	क्त		म	द	र		दा		अं
ता		हे		र्द		फि	दा		जा
र	ह	मा	न		रे	जा		धू	म

सूडोकु -3652

8		4	3	9	7	5		6
3					2			
		7	6	5				4
9	6		5			1		7
5		1	4		9	8		2
4		8					5	3
2				6	1	4		
			7					8
7		9	8	3	5	6		1

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3651 का हल

7	8	4	9	5	2	6	1	3
9	6	2	4	3	1	8	5	7
1	3	5	7	8	6	2	4	9
4	2	3	6	1	5	9	7	8
8	5	9	2	4	7	1	3	6
6	7	1	3	9	8	4	2	5
3	1	7	8	6	4	5	9	2
5	9	6	1	2	3	7	8	4
2	4	8	5	7	9	3	6	1

शब्द पहेली - 3652



बाएँ से दाएँ
1.जो आदरणीय न हो-6
5.अनुक्षेपक,अंश -4
8.साथ-2
9.छोटी तलवार-3
10.विदेशी शराब का एक प्रकार -2
11.दुश्मनी-4
12.इस जगह-2
14.अनवरत-4
16.लाचार,बेबस-3
18.धुलाई करना-4
20.न्यूनता,निम्नता-5
23.समुद्री यात्री-5
26.पूंजी,संपत्ति-4
27.असंयमी,स्वच्छंद-3
29.वन में रहनेवाला-4
30.उम्मीद,आशा-2
32.सौंठ,एक कंद-4
33.जोर,बल-2
35.बसंतकाल-3
36.जोश,उग्रता-2
37.पाताल-4
38.सभ्य,होनहार-3,3

ऊपर से नीचे
1.जो संवैधानिक न हो-6
2.सांप,सर्प-2
3.दानेदार-4
4.जिगर,कलेजा-3
5.प्रेम,प्यार-3
6.पंख,पराया-2
7.मरियल, निर्बल-4
11.शत्रुता,वैमनस्यता (उर्दू-4)
13.शिकार फंसाने के लिए चिल्लाना-2
15.सुस्त,उनींदा-4
17.पदक-3
18.विश्वासघात-4
19.बहुमूल्य पत्थर-2
21.रानी,शहजादी-3
22.फलों का जूस-2
24.कुतरने वाला-4
25.मानक समुद्र तल (अंग्रेजी-2,1,3)
27.अपमान,उपेक्षित-4
28.पिता की बहन-2
29.सुखद वस्तु, इष्ट कृपा, नेमत-4
31.बलवान-3
32.प्रार्थना-3
34.तिल,मस्सा-2
36.52 पत्तों का खेल, प्लेइंग कार्ड-2

शब्द पहेली -3651 का हल

अ	द	त	न		ल		वा	य	लि	न
	ल		रा		प	य	न		ख	फ
ए			व	य	ल		र			स
ह	र	द	म		पा	ल		फ	क	त
रा		म		दा	ना		रा		मा	
न	दी	न	त	म		अ	ज	वा	ई	न
	र		वा		स	दा		रे		दी
प	ता	का		ह	क		अ	स	मा	न
र			जी		प	र	दा			रा
वा	त		न	ल	का		य		द	
ज	रु	र	त		वा		त	ल	वा	र

नोएडा में बनेगा स्काईवॉक, 3 सेक्टरों को जोड़ेगा

15 करोड़ रुपए तय की गई लागत, 11 साल तक कंपनी करेगी संचालन

नोएडा। नोएडा में बढ़ते ट्रैफिक और पैदल यात्रियों की दिक्कत को देखते हुए प्राधिकरण ने गोलचक्कर के पास स्काई वॉक बनाने का फैसला लिया है। इसके लिए टेंडर जारी कर दिए गए हैं। स्काई वॉक का निर्माण बिल्ट-ऑपरेट-ट्रांसफर मॉडल पर होगा और इस पर करीब 15 करोड़ रुपए खर्च आने का अनुमान है।

नया स्काई वॉक सेक्टर-15, सेक्टर-3 और आईओसीएल को जोड़ेगा। इन इलाकों में रोजाना भारी भीड़ रहती है और लोगों को सड़क पार करने में दिक्कत होती है। खासकर दिल्ली के अशोक नगर और नोएडा के सेक्टर-1, 2 और 3 से आने-जाने वालों को ट्रैफिक का सामना करना पड़ता है। स्काई वॉक बनने के बाद लोगों को बिना परेशानी सुरक्षित आवाजाही की सुविधा मिलेगी।

कंपनी को मिलेंगे विज्ञापन के अधिकार

निर्माण करने वाली कंपनी 11 साल तक स्काई वॉक का संचालन करेगी। इस दौरान कंपनी को स्काई

वॉक पर विज्ञापन लगाने का अधिकार मिलेगा ताकि वह अपनी लागत निकाल सके। तय अवधि पूरी होने के बाद स्काई वॉक प्राधिकरण के हवाले कर दिया जाएगा।

18 सितंबर तक आवेदन करें

प्राधिकरण ने निर्माण कंपनियों से आवेदन मांगे हैं। आवेदन की आखिरी तारीख 18 सितंबर रखी गई है। 19 सितंबर को बिड खोली जाएगी और सबसे कम लागत वाली कंपनी को काम सौंपा जाएगा।

चयनित कंपनी को छह महीने के भीतर स्काई वॉक का निर्माण पूरा करना होगा।

दूसरी जगह भी होगी सुविधा

अधिकारियों का कहना है कि गोलचक्कर के पास बनने वाला यह स्काई वॉक तो लोगों की बड़ी समस्या हल करेगा ही, साथ ही मॉडल टाउन के पास एक और स्काई वॉक बनाने की तैयारी है। इसके लिए भी जल्द कंपनी का चयन किया जाएगा। इससे गाजियाबाद और नोएडा के बीच आने-जाने वाले लोगों को राहत मिलेगी।

शार्ट न्यूज

एनटीपीसी में हिंदी पखवाड़ा 2025 का शुभारंभ

ग्रेटर नोएडा। एनटीपीसी दादरी में सोमवार को हिंदी पखवाड़ा का शुभारंभ शपथ ग्रहण समारोह के साथ हुआ। इस अवसर पर चंद्रमौलि काशिना, कार्यकारी निदेशक एवं परियोजना प्रमुख (एनटीपीसी दादरी), श्री एके मिश्र, मुख्य महाप्रबंधक ओ एंड एम विभिन्न विभागाध्यक्ष एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस शपथ ग्रहण के साथ हिंदी पखवाड़े की शुरुआत हुई, जो 29 सितम्बर तक चलेगी। इस अवधि में कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों के लिए विविध कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं राजभाषा अनुभाग द्वारा आयोजित की जाएंगी। एनटीपीसी दादरी सदैव राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए तत्पर रहती है और इसी भावना के साथ यह आयोजन किया जा रहा है।

नोएडा में मार्बल व्यापारी का गायब बेटा मिला

गौतम बुद्ध नगर। गाजियाबाद के मार्बल व्यापारी के 22 वर्षीय बेटे शशांक को ग्रेटर नोएडा पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस मुठभेड़ में 5 अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक महिला आरोपी अभी फरार है। डीसीपी साद मिया खान के अनुसार, 9 सितंबर को व्यापारी राम प्रकाश गुप्ता ने अपने पोते के गायब होने की सूचना दी थी। उन्होंने बताया कि शशांक का फोन स्विच ऑफ था और उसकी कार दनकौर थाना क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे पर मिली थी। पुलिस ने तत्काल कई टीमों का गठन कर 5 दिनों तक लगातार आरोपियों को ट्रेस किया। जेवर थाना क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में दो बदमाश आलोक और मोहित को गोली लगने से घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने कॉम्बिंग के दौरान तीन अन्य आरोपी श्याम सुंदर, सुमित और निमय को भी पकड़ लिया। पुलिस जांच में सामने आया कि प्रीति उर्फ निशा नाम की एक युवती ने शशांक को फोन करके बुलाया था। वह अभी फरार है और पुलिस उसकी तलाश कर रही है। डीसीपी ने बताया कि निमय नाम के लड़के का टूर एंड ट्रेवल्स का काम है।इसी से आलोक व मोहित इससे जुड़े है व श्याम सुंदर मोहित का मामा है जो की कन्नौज का रहने वाला है।

कार की टक्कर से सुरक्षाकर्मी ने दम तोड़ा

नोएडा। सेक्टर-2 स्थित कंपनी के बाहर कार चालक ने सिक्योरिटी गार्ड को टक्कर मारकर घायल कर दिया। उपचार के दौरान सुरक्षाकर्मी की मौत हो गई। कार से टक्कर मारने वाला आरोपी चालक मृतक का रिश्तेदार है। इस संबंध में मृतक के पिता ने फेज वन थाने में केस दर्ज कराया है। औरैया निवासी अशोक कुमार ने पुलिस को बताया कि वर्तमान में वह सेक्टर-2 के ए ब्लॉक में किराये पर रह रहा है। उनका बेटा प्रदीप कुमार सेक्टर-2 के ही सी ब्लॉक की एक कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था। वह 20 अगस्त को रोजाना की तरह कंपनी के गेट पर मौजूद था।इसी दौरान इटावा का मनोज कुमार कार से आया और प्रदीप कुमार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि प्रदीप कुमार दूर जाकर गिरे। उन्हें सिर समेत शरीर के अन्य हिस्से में चोटें आईं। शिकायतकर्ता दो दिन तक घायल बेटे का नोएडा में इलाज कराता रहा। हालांकि, खर्च ज्यादा आने के कारण शिकायतकर्ता बेटे को लेकर इटावा चला गया और उसका वहीं के मेडिकल कॉलेज में उपचार चला। घटना के चार दिन बाद उपचार के दौरान प्रदीप की मौत हो गई।

कहासुनी के बाद युवक पर चाकू से हमला

नोएडा। चोटपुर कॉलोनी में मामूली कहासुनी के बाद दो युवकों ने शनिवार शाम एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर हालत में उसका उपचार चल रहा है। उसके पिता ने दो युवकों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। चोटपुर कॉलोनी निवासी मोतीराम ने पुलिस को बताया कि उनके बेटे अमन की फोन पर शिवम से कहासुनी हो गई। शिवम उस समय आगरा में था। उसने नोएडा आने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी थी। अमन 13 सितंबर की शाम कॉलोनी में ही ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल के पास अपने दोस्त नितिन के साथ खड़ा था, तभी शिवम अपने दोस्त के साथ आया और कहासुनी करने लगा।अमन ने विरोध किया तो शिवम और उसके दोस्त ने चाकू से हमला करके अमन को घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। अमन का अस्पताल में उपचार चल रहा है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि आरोपियों को पकड़ने के लिए दबिश दी जा रही है। जल्द ही उनको गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

मकान का ताला तोड़कर नगदी और गहने चुराए

ग्रेटर नोएडा। कुलेसरा स्थित बालाजीपुरम कॉलोनी में बदमाश एक मकान का ताला तोड़कर नगदी और गहने चोरी कर ले गए। घटना के समय महिला अपने बच्चे को स्कूल लेने गई थी। पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक मूलरूप से गाजीपुर निवासी मिथिलेश कुमार सिंह अपने परिवार के साथ कुलेसरा स्थित बालाजीपुरम कॉलोनी में रहते हैं। वह सात अगस्त को अपने काम पर गए थे। घर में उनकी पत्नी और एक तीन माह की थी। उनकी पत्नी तीन माह की बच्ची को घर में छोड़कर दूसरे बच्चे को स्कूल लेने गई थी।वह वापस घर पहुंची तो ताला और कुंडा टूटे मिले। अलमारी में रखा बैग गायब था। उसमें रुपये और गहने थे। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया है। जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा।

देश का दूसरा सबसे प्रदूषित शहर रहा ग्रेटर नोएडा

नोएडा। सितंबर का महीना आधा ही बीता है कि प्रदूषण स्तर बढ़ने लगा है। 201 वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) के साथ लगातार दूसरे दिन ग्रेटर नोएडा देश का दूसरा सबसे प्रदूषित शहर बना। रविवार को भी ऐसी ही स्थिति थी और ग्रेटर नोएडा का एक्यूआई ऑरेंज जोन में दर्ज किया गया था। हालांकि, नोएडा का एक्यूआई 134 होने की वजह से दूसरे दिन भी येलो जोन में ही दर्ज हुआ। सोमवार को जारी हुई केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के मुताबिक 283 एक्यूआई के साथ देश में पहले स्थान पर सबसे प्रदूषित शहर विशाखापट्टनम रहा। वहीं, ग्रेटर नोएडा 201 एक्यूआई के साथ दूसरे नंबर पर दर्ज किया गया। इसके अलावा देश के अन्य सभी शहर ग्रीन और येलो जोन में रहे। रविवार को ग्रेनो का एक्यूआई 216 और नोएडा का एक्यूआई 141 रहा था। यदि हवा की गुणवत्ता ऐसी ही रही तो लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होने लगेंगी। सड़कों पर उड़ रही धूल और वाहनों का धुआं प्रदूषण को बढ़ावा देता है। ओवरलोडेड वाहन सड़कों पर मिट्टी और बालू गिराते हुए जाते हैं।

ग्रेनो के पंचायत भवनों में खुलेंगी आधुनिक लाइब्रेरी

ग्रेटर नोएडा। ग्रेनो के गांवों में बने पंचायत भवनों को ई-लाइब्रेरी में बदलने की योजना पर ग्रेनो प्राधिकरण काम कर रहा है। प्राधिकरण की इस पहल से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहें युवाओं को आधुनिक संसाधन और शांत माहौल मिल पाएगा। पंचायत व्यवस्था खत्म होने के बाद इन भवनों का उपयोग खत्म हो गया था। इसके बाद सीईओ एनजी रवि कुमार ने यहां आधुनिक लाइब्रेरी खोलने की पहल की है। प्राधिकरण के एसीईओ सुमित यादव ने बताया कि जिन गांवों में पंचायत भवन बने हुए हैं। वहां उनका नवीनीकरण कर ई-लाइब्रेरी में बदल दिया जाएगा। इसके अलावा हतेवा, नवादा, घंघौला और बिसायच में नए ई-लाइब्रेरी भवन बनाए जाने हैं। इसके लिए भी जगह चिन्हित कर ली गई है। यहां अब निविदा प्रक्रिया शुरू की जानी है। यहां पढ़ने आने वाले युवाओं को दिक्कत नहीं हो। इसके लिए वाईफाई, बैठकर पढ़ने की व्यवस्था के अलावा शौचालय का भी निर्माण किया जाएगा। कुछ पंचायत घरों में पहले से ही आपसी सहयोग से लाइब्रेरी का संचालन किया जा रहा है।

आल इंडिया संपादक संघ का बड़ा विस्तार, 26 प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त

सिर्फ़ दो साल के भीतर स्थापित आल इंडिया संपादक संघ ने संगठन विस्तार और मज़बूत नेतृत्व की नई मिसाल कायम की है। वर्ष 2023 में बनी यह संस्था आज देशभर में पत्रकारों और संपादकों की सबसे सक्रिय और सशक्त आवाज़ के रूप में उभर रही है।

गौतमबुद्धनगर। रविवार, 07 सितंबर 2025 को संघ ने एक बड़ा कदम उठाते हुए 26 राज्यों में प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किए, जिनमें आंध्रप्रदेश से लेकर महाराष्ट्र तक के प्रतिनिधि शामिल हैं। यह विस्तार न केवल संगठन की बढ़ती ताक़त को दर्शाता है बल्कि देशभर के मीडिया जगत को एक साझा मंच पर लाने का साहसिक प्रयास भी है।

मीडिया एकता का नया स्वरूप

नव नियुक्त प्रदेशाध्यक्षों की सूची यह बताती है कि संगठन ने हर कोने से पत्रकारिता की आवाज़ को जोड़ा है — दक्षिण में डॉ. विवेकानंद रेड्डी यादव (आंध्रप्रदेश), उत्तर में विजय कुमार (उत्तर प्रदेश), पश्चिम में अमरजीत निषाद (गुजरात) और पूर्वोत्तर में मोगथांग बासुमतारी (असम) जैसे नाम इस मिशन को राष्ट्रीय स्वरूप दे रहे हैं।

संगठन का संदेश

आल इंडिया संपादक संघ की कोर कमेटी और राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने स्पष्ट किया है कि यह नियुक्तियाँ केवल पद बाँटने की प्रक्रिया नहीं हैं, बल्कि पत्रकारिता की गरिमा और स्वतंत्रता की रक्षा का संकल्प हैं। आज जब मीडिया लगातार दबावों और चुनौतियों से जूझ रहा है, तब यह संगठन संपादकों की मज़बूत ढाल बनकर खड़ा है।

उपलब्धि और भविष्य

सिर्फ़ दो साल में 26 प्रदेशाध्यक्षों का चयन होना, इस बात का सबूत है कि संगठन कितनी तेज़ी से राष्ट्रीय स्तर पर पैठ बना रहा है। यह विस्तार आने वाले समय में मीडिया जगत में न सिर्फ़ नई ऊर्जा का संचार करेगा बल्कि पत्रकारिता को जनआवाज़ से जोड़ने का एक मजबूत आंदोलन भी बनेगा।

26 नव नियुक्त प्रदेशाध्यक्षों की सूची

1. आंध्रप्रदेश – डॉ. विवेकानंद रेड्डी यादव
2. केरल – के. संतोष कुमार
3. ओड़िशा – अशुतोष नाइक
4. सिक्किम – पुरन तमांग
5. कर्नाटक – आर. मुनीकृष्ण
6. असम – मोगथांग बासुमतारी
7. तेलंगाना – बारिगेला शिवा
8. पश्चिम बंगाल – डॉ. कमल कुजुर
9. अरुणाचल प्रदेश – चो वाशीना मंचे
10. मेघालय – कंदरपा कोच
11. मिजोरम – सुर्ज्यो धन चकमा
12. त्रिपुरा – बिजयान त्रिपुरा
13. गोवा – बाबल नाइक
14. पंजाब – प्रवीण कुमार
15. दिल्ली – दिलीप कुमार यादव
16. मध्यप्रदेश – सुरेंद्र मेहरा
17. छत्तीसगढ़ – अजय कुमार देवांगन
18. हरियाणा – बिजेंद्र कुमार
19. हिमाचल प्रदेश – धर्मचन्द यादव
20. उत्तराखंड – गोपाल सिंह गौतम
21. बिहार – भवेश कुमार मंडल
22. राजस्थान – भैरूलाल माली
23. झारखंड – शंकर यादव
24. उत्तर प्रदेश – विजय कुमार
25. गुजरात – अमरजीत निषाद
26. महाराष्ट्र – पवन गायकवाड़

यह उपलब्धि बताती है कि आल इंडिया संपादक संघ अब सिर्फ़ एक संगठन नहीं, बल्कि भारत के मीडिया जगत की सामूहिक चेतना और संघर्ष का प्रतीक बन चुका है।

कंपनियों से तार चुराने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

ट्रक और 2.90 लाख बरामद, इंडस्ट्रियल सेक्टर टारगेट पर थे

नोएडा। नोएडा पुलिस ने कंपनियों और फैक्टरियों के अंदर और बाहर से केबल तार समेत अन्य भारी सामान चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। टीम ने गिरोह के सरगना दिनेश और दो अन्य आरोपियों गुफरान और राकेश को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से चोरी के माल की बिक्री से हुई 2.90 लाख रुपए नकद बरामद हुई।

एसीपी वर्णिका सिंह ने बताया- कुछ दिनों पहले एक व्यक्ति ने फेज दो थाने में शिकायत दी थी कि उसकी कंपनी के बाहर लाखों रुपए के केबल तार चोरी हो गए हैं। रात में मौका पाकर चोरों ने केबल तार चुरा लिया। इसे ले जाने में हाइड्रा या ट्रक का इस्तेमाल किया गया। इसी प्रकार की कई अन्य शिकायतें भी पुलिस को मिली थीं। इसके बाद एसीपी के निर्देश पर ही थाना प्रभारी की अगुआई में कंपनियों

के अंदर और बाहर से केबल तार समेत अन्य सामान चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करने के लिए एक टीम गठित की गई।

टीम गिरोह के सदस्यों की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी।

रविवार को पुलिस टीम को मुखबिर ने सूचना दी कि सेक्टर-83 मेट्रो स्टेशन के पास कुछ लोग एकत्र हुए हैं जो क्षेत्र में कही पर चोरी की योजना बना रहे हैं। इसके बाद टीम मौके पर पहुंची और करीब पांच मिनट तक मुखबिर द्वारा बताए गए ठिकाने पर दिख रहे तीन लोगों की गतिविधियों पर नजर रखी।

संदिग्ध लगने पर टीम ने तीनों को दबोच लिया और पूछताछ करनी शुरू कर दी। पहले तो आरोपियों ने कुछ नहीं कबूला, लेकिन जब कड़ाई से पूछताछ हुई तो तीनों ने बता दिया वे कंपनियों से केबल तार समेत अन्य सामान चुराने वाले गिरोह के सदस्य हैं।

साकीपुर में 5000 वर्ग मीटर जमीन से हटा अवैध कब्जा

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने साकीपुर में अवैध कब्जे के खिलाफ कार्रवाई की है। प्राधिकरण ने हाईकोर्ट के आदेश पर खसरा संख्या-583 की करीब 5000 वर्ग मीटर जमीन को खाली करा लिया है। यह जमीन किसान को 6 फीसदी आबादी भूखंड के रूप में आवंटित थी। कुछ लोग इस जमीन पर बाउंड्री बनाकर अवैध कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे। इस वजह से किसान को जमीन का कब्जा नहीं मिल पा रहा था। महाप्रबंधक एके सिंह और विशेष कार्याधिकारी (भूलेख) रामनयन सिंह के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। सुबह प्राधिकरण की टीम मौके पर पहुंची और अतिक्रमण हटा दिया।

नोएडा में चार मंजिला से गिरा राजमिस्त्री, मौत

नोएडा। निठारी गांव स्थित चार मंजिल मकान की छत से गिरकर राजमिस्त्री की मौत हो गई। मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। इस संबंध में मृतक के परिजनों ने अभी तक सेक्टर-20 थाने में शिकायत नहीं दी है।

पुलिस शिकायत मिलने के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है। एसीपी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि रविवार रात एक बजकर 11 मिनट पर पीआरवी 4252 पर इमरान खान नामक व्यक्ति ने सूचना दी कि निठारी गांव स्थित मकान की छत से गिरकर एक व्यक्ति घायल हो गया। वह पड़ोस की छत पर गिरा है। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो देखा कि एक व्यक्ति छत पर अचेत अवस्था में पड़ा हुआ है और मुंह से खून निकल रहा है। सिर समेत शरीर के अन्य हिस्से में भी चोट लगी है।

व्यक्ति चार मंजिला मकान की छत से पड़ोस की छत पर गिर गया था। पुलिस टीम ने एम्बुलेंस से घायल को नजदीक अस्पताल भेजा,जहां डाक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान रामनाथ के रूप में हुई है।

जेवर एयरपोर्ट से प्रभावित परिवारों को रोजगार

जेवर। जेवर में निर्माणाधीन नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के प्रभावित परिवारों को रोजगार देने के लिए सोमवार को यमुना प्राधिकरण के सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण, जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। विधायक ने कहा कि जिन किसानों ने एयरपोर्ट के लिए अपनी जमीन दी है, उनके युवाओं को रोजगार देना नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने तीन साल बाद भी कौशल विकास केंद्रों की स्थापना न होने पर चिंता जताई।

यमुना प्राधिकरण के सीईओ राकेश कुमार सिंह ने प्रभावित युवाओं के लिए रोजगार सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। एयरपोर्ट के सीईओ क्रिस्टोफ़ श्नेलमैन ने भी सहयोग का वादा किया। विधायक ने कहा कि जेवर एयरपोर्ट देश की तस्वीर बदलने वाला अभियान है।

नोएडा में किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस लेगा प्राधिकरण

आबादी की जमीन पर नहीं होगा एक्शन, एसीईओ की बैठक में फैसला

नोएडा। किसानों के प्रतिनिधि मंडल ने प्राधिकरण एसीईओ संजय खत्री, सतीश पाल ओएसडी महेंद्र प्रसाद के साथ सोमवार को बैठक की। बैठक में किसानों ने वर्क सर्किल 6 के द्वारा की गई आबादी को जमींदोज करने , किसानों पर लाठी चार्ज करने और किसानों पर हुए मुकदमा दर्ज करने के मुद्दों पर बातचीत की गई।

प्राधिकरण की तरह से स्पष्ट किया गया कि किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस लिए जाएंगे, जबकि तत्काल ही निर्देश दिए गए कि कागजी कार्यवाही पूरी करके पुलिस को पेपर्स दिए गए। किसानों के घरों को टूट जाने के बाद उन्हें पुनर्निर्माण करने की अनुमति दो से तीन दिन के अंदर जमीन चिह्नित कर की जाएगी। ताकि यह निश्चित हो सके की किसान अब भविष्य में अपनी आबादी भूमि को किसी भी प्रकार से बना सकता है।

इससे इतर प्राधिकरण स्तर से की गई अनैतिक और गैरकानूनी ध्वस्तीकरण की कार्यवाही में संबंधित अधिकारी पर आने वाले तीन दिनों में निर्णय लेकर न्याय संगत कार्य सुनिश्चित किया जाएगा।

भारतीय किसान परिषद के प्रतिनिधिमंडल द्वारा स्पष्ट किया गया कि किसानों के साथ किसी प्रकार का अत्याचार नहीं सहेंगे, सबसे पहले किसानों का मान सम्मान उसके बाद उसका काम इसी बात को साबित करने के लिए आज भारतीय किसान परिषद द्वारा नोएडा प्राधिकरण का घिराव किया गया।

लाठी का वीडियो हुआ था वायरल

पुलिसकर्मियों द्वारा किसानों पर लाठी चलाए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। किसानों की पिटाई के बाद उसी दिन दोपहर बाद में सैकड़ों किसानों ने सेक्टर-113 कोतवाली का घेराव किया था। इस मामले में पुलिस आयुक्त ने नोएडा प्राधिकरण में तैनात एक हेड कॉन्स्टेबल को निलंबित कर दिया था। एक अन्य पुलिसकर्मी पर कार्रवाई के लिए गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट को रिपोर्ट भेज दी थी।

दोनों की तरफ से दी गई थी शिकायत

इसी के साथ ही किसानों की शिकायत पर पुलिस ने नोएडा प्राधिकरण के दो सहायक प्रबंधक समेत छह लोगों पर मुकदमा दर्ज किया था। शनिवार को नोएडा प्राधिकरण की शिकायत पर चार किसानों के खिलाफ भी मामला दर्ज कर लिया था। इससे गुस्साए किसानों ने सोरखा गांव में पंचायत की। भारतीय किसान परिषद के बैनर तले पहुंचे किसानों ने पुलिस-प्राधिकरण के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। किसानों से बातचीत के लिए एडीसीपी पहुंचे। उन्होंने किसानों से कहा कि पुलिस आपके साथ है।

भूजल दोहन के विरोध मे धरना 48वें दिन भी जारी

रबूपुरा में किसान संगठन ने प्रशासन को 21 सितंबर तक की दी मोहलत

जेवर। रबूपुरा में भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) का भूजल दोहन के विरोध में धरना सोमवार को 48वें दिन भी जारी है।

धरने का नेतृत्व संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर श्यौराज कर रहे हैं। विजयपाल प्रधान धरने की अध्यक्षता कर रहे हैं।

धरनास्थल पर संगठन की कार्यकारिणी की बैठक हुई। बैठक में तय किया गया कि अगर प्रशासन 21 सितंबर तक किसानों से धरनास्थल पर वार्ता नहीं करता है।

इसके बाद संगठन के पदाधिकारी कोई भी निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र होंगे। आगामी रणनीति की घोषणा भी 21 सितंबर को की जाएगी।

वक्ताओं ने प्रशासन की उदासीनता पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि भूजल दोहन एक गंभीर मुद्दा है। इस पर प्रशासन की चुप्पी भविष्य के लिए खतरनाक है।

किसानों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया गया तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे। धरने में उदयभान मलिक, लखन चौधरी, विनीत शर्मा, अहमद खां, नरसिंह पाल मीणा, अशोक तोमर, महेंद्र रावत, दीपक चौधरी, मुकुल माहेश्वरी, धर्मपाल मीणा, प्रमोद शर्मा और विजयवीर समेत कई प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे।

सपेरा समुदाय को मिली श्मशान घाट की जमीन

जेवर। ग्रेटर नोएडा के रीलखा गांव में सपेरा समुदाय को श्मशान घाट के लिए जमीन मिल गई है। यह जमीन एक बुजुर्ग महिला की मृत्यु के बाद समुदाय के विरोध के चलते आवंटित की गई। रविवार को 90 वर्षीय धनवंती का निधन हो गया। श्मशान घाट की जमीन न होने के कारण समुदाय ने शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। उन्होंने शव को घर में रखकर प्रशासन से जमीन की मांग की। सोमवार दोपहर को यमुना विकास प्राधिकरण के एसडीएम शिव अवतार सिंह, तहसीलदार मनोज कुमार और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों और ग्रामीणों के बीच दो घंटे तक वार्ता चली। इसके बाद गांव की पूर्व दिशा में सेक्टर-18 के पास 2200 वर्ग मीटर जमीन श्मशान घाट के लिए चिन्हित की गई। जमीन आवंटन की पुष्टि के बाद ही महिला के शव का अंतिम संस्कार किया गया। सपेरा समुदाय के लोगों का कहना है कि वे कई वर्षों से श्मशान घाट की मांग कर रहे थे।

मृत युवक के परिजनों को विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने दिलाई चार लाख की सहायता

जनकपुरी गांव में पहुंचे, परिजनों को ढांढस बंधाया और प्रमाणपत्र सौंपा

पीलीभीत। बरखेड़ा विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने सोमवार को विकासखंड मरौरी के ग्राम जनकपुरी का दौरा कर उस परिवार से मुलाकात की, जिसने हाल ही में अपने बेटे को असमय खो दिया। ग्राम जनकपुरी निवासी अनुज कुमार लोधी, पुत्र श्री चंद्रप्रकाश लोधी, की मृत्यु लगभग एक सप्ताह पूर्व पानी में डूबने से हो गई थी। इस दर्दनाक घटना से पूरा परिवार गहरे शोक में है।विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने मृतक के परिजनों के खाते में चार लाख रुपये की सहायता धनराशि संबंधित विभागों से हस्तांतरित करवाकर प्रमाणपत्र परिजनों को सौंपा। उन्होंने शोकाकुल परिवार से संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में वे स्वयं और पूरा संगठन परिवार के साथ खड़ा है।परिजनों से भेंट कर विधायक ने उन्हें ढांढस बंधाया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि अनुज की असामयिक मृत्यु पूरे क्षेत्र के लिए दुखद है और शासन-प्रशासन की ओर से पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर सदर तहसीलदार, कानूनगो एवं लेखपाल के साथ-साथ क्षेत्र के प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता हरेंद्र कुमार, श्यामाचरण, मलखान सिंह समेत अनेक सम्मानित कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। ग्रामवासियों ने विधायक की इस संवेदनशील पहल की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सक्रियता और संवेदनशीलता ने परिवार को मुश्किल समय में सहारा दिया है।

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े की तैयारियों की समीक्षा बैठक संपन्न

हरिनारायण यादव विशाल इंडिया व्यूरो

गाजीपुर। जमानिय 2 अक्टूबर तक ग्राम पंचायतों में चलने वाले स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े की तैयारियों को लेकर विकास खंड कार्यालय में सोमवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विकास खंड अधिकारी बृजेश कुमार अस्थाना ने की।
उन्होंने ग्राम पंचायत सचिवों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रों में साफ-सफाई सुनिश्चित करें तथा सफाई कार्य के पूर्व और बाद के फोटोग्राफ उपलब्ध कराएं। ग्राम पंचायतों में लगे कूड़े के ढेर को निष्क्रिय करने हेतु तत्काल कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए गए।
बीडीओ ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़े के दौरान तीन बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिसमें पात्र लाभार्थियों का चयन कर उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही न्याय पंचायत स्तर पर भी सफाई अभियान चलाया जाएगा।
उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान के साथ-साथ जहां भी सफाई कार्यक्रम आयोजित होगा, वहां एक पेड़ मां के नाम थीम पर पौधरोपण भी किया जाएगा।
इस अवसर पर सचिव लव सिंह, अरुण कुमार, लेखाकार राकेश कुमार सहित अन्य विभागीय कर्मी उपस्थित रहे।

शार्ट न्यूज

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पूरा हुआ सौ वर्ष

पूरनपुर। संघ का सौ वर्ष पूरा होने पर स्वयं सेवकों ने ट्रांस शारदा क्षेत्र में जिला प्रचारक के नेतृत्व में राष्ट्रीय मंडल एकत्रीकरण कार्यक्रम का आयोजन करते हुए शताब्दी वर्ष हर्षोल्लास के साथ मनाया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मंडल एकत्रीकरण कार्यक्रम व विजयदशमी की पूर्व तैयारी के साथ साथ संघ अपना शताब्दी वर्ष भी मना रहा है।वर्ष 1925 में बना यह संगठन अपने 100 वर्ष पूर्ण कर रहा है।ट्रांस शारदा क्षेत्र रामनगर मंडल कबीरगंज में मंडल एकत्रीकरण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों स्वयं सेवकों ने प्रतिभाग किया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला प्रचारक दुष्यंत जी व जिला कार्यवाह डालचंद जी का अमृत वचन प्राप्त हुआ व उपस्थित जिला संपर्क प्रमुख नरेश,तहसील प्रचारक देवेश, सह खंड कार्यवाह देवेंद्र सिंह नेगी,मंडल कार्यवाह अनिल गुप्ता व ट्रांस शारदा क्षेत्र के सैकड़ों स्वयंसेवक बंधु उपस्थित रहे।

गोरखपुर में लड़की ने होटल में बुलाकर रेप किया

गोरखपुर। गोरखपुर में 19 साल की लड़की पर रेप की एफआईआर दर्ज हुई है। एक युवक ने युवती पर यौन शोषण का आरोप लगाया। उसने बताया कि हमारी इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई थी। युवती ने होटल में बुलाकर मुझसे शारीरिक संबंध बनाए। फिर प्रेगनेंसी रिपोर्ट दिखाकर ब्लैकमेल करने लगी। युवक के मुताबिक, दोस्ती के बाद वह युवती के झांसे में आ गया। वह युवती की कही हुई बात मानता गया। युवती ने उसके कपड़े निकालकर फोटो भी ले लिए। वह एक बार उसके बुलाने पर गया, जिसके बाद जाना उसकी मजबूरी बन गई। युवती एक दिन अचानक उसके घर पहुंच गई। उसके पिता से भी पैसे मांगने लगी। पीड़ित युवक ने पुलिस में मामले की शिकायत की। जिसके बाद कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज किया गया। मामला गीडा थानाक्षेत्र का है।

श्रावस्ती में तालाब में डूबने से युवक की मौत

श्रावस्ती। श्रावस्ती के भिनगा कोतवाली क्षेत्र में एक युवक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। स्थानीय लोगों की माने तो चकपिहानी गांव के लाल जी गुप्ता (22) तालाब के पास से गुजर रहे थे। इस दौरान उनका पैर फिसलने से गहरे पानी में गिर गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत परिजनों को घटना की सूचना दी। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। भिनगा कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची। वहीं स्थानीय गोताखोरों की मदद से पुलिस ने शव को पानी से बाहर निकलवाया।वहीं फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिनगा भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। परिजनों ने बताया कि लाल जी घर से निकले थे। काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर खोजबीन की गई। तब पता चला कि वे तालाब में डूब गए हैं। दरअसल बीती रात से क्षेत्र में हो रही बारिश के कारण गांव के आसपास के तालाब और गड्ढे पानी से भर गए हैं।

जिला जेल में बंद दुष्कर्म के आरोपी की मौत

बाराबंकी। बाराबंकी जिला कारागार में बंद एक दुष्कर्म के आरोपी की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान मसौली थाना क्षेत्र के पतिहापुर गांव निवासी सुभाष यादव (38) के रूप में हुई है। सुभाष यादव को सात साल की बच्ची से दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के मामले में 8 नवंबर 2022 को जेल में बंद किया गया था। इसी मामले में उसका भाई लालजी यादव भी जेल में है। दोनों भाई एक ही बैरक में रह रहे थे। रविवार शाम को पानी लेने के दौरान सुभाष अचानक बैरक में गिर पड़ा। बंदी रक्षकों ने उसे तुरंत जेल अस्पताल पहुंचाया। हालत में सुधार न होने पर उसे जिला अस्पताल भेजा गया। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। कारागार अधीक्षक कुंदन कुमार के अनुसार, सुभाष पूरी तरह स्वस्थ था। उसने करीब 10 दिन पहले पेट में गैस की शिकायत पर दवा ली थी। प्रारंभिक जांच में कार्डियक अरेस्ट की आशंका जताई गई है। घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाया है।

दहेज हत्या में पति को 7 साल की सजा

प्रयागराज। प्रयागराज में दहेज हत्या के एक मामले में अदालत ने पति को दोषी करार दिया है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रविकांत की अदालत ने राजेश कुमार को सात साल की सजा सुनाई है। मामले में आरोपी ससुर नन्दलाल, सास शकुन्तला और देवर मुन्ना उर्फ आकाश व विकास को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया। सरायइनायत थाना क्षेत्र में 23 अप्रैल 2019 को रेशम की शादी राजेश कुमार से हुई थी। शादी के एक माह बाद से ही पति और ससुरालजन दो लाख रुपये अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर रेशम को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। 19 अगस्त 2019 को रेशम संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाई गई। परिजनों का आरोप था कि दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालवालों ने उसकी हत्या कर शव को फांसी पर लटका दिया। पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पीड़ित पक्ष का कहना है कि उन्हें आंशिक न्याय मिला है। उनका मानना है कि बेटी की मौत में पूरे परिवार की संलिप्तता थी। बचाव पक्ष ने अदालत के फैसले को तथ्य आधारित बताया है।

फिरोजाबाद में करंट लगने से युवक की मौत

फिरोजाबाद। थाना लाइनपार क्षेत्र के अंतर्गत धोलपुरा निवासी मोहन पुत्र किशनलाल की सोमवार को करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। अचानक हुई इस घटना से परिवार में मातम पसर गया। जानकारी के अनुसार, मोहन किसी काम से घर के पास ही बिजली के तार के संपर्क में आ गया। तेज करंट लगने से वह मौके पर ही गिर पड़ा। परिजनों ने तत्काल उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई इस दुर्घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घर में मातम का माहौल है और गांव के लोग शोक संतृप्त परिवार को ढांढस बंधाने में लगे हैं। सूचना पाकर थाना लाइनपार पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया है। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के क्षेत्र में भी शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से लापरवाही पर सवाल उठाते हुए घटना की जांच की मांग की है। थानाध्यक्ष लाइनपार रमित कुमार आर्य का कहना है कि अभी तक की जांच में सामने आया है कि युवक की करंट लगने से मौत हुई है। बाकी पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

मेरठ में कार ने मारी टक्कर, युवक की मौत

मेरठ। मेरठ में दिल्ली-देहरादून हाईवे पर रविवार देर रात हुए सड़क हादसे के कारण सोमवार को तनाव का माहौल पल्लवपुरम थाने में बना रहा। दौराला की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने मोदीपुरम स्थित प्लहैड़ा गांव निवासी युवक विकास को टक्कर मार दी। हादसे के बाद गंभीर रूप से घायल युवक को कार चालक इलाज कराने का बहाना बनाकर अपनी गाड़ी में बैठा ले गया। लेकिन, इंसानियत को शर्मसार करते हुए चालक उसे कंकरखेड़ा हाईवे पर नाले के पास फेंककर फरार हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनों को सुचना देते हुए शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। हादसे की खबर लगते ही परिजनों और ग्रामीणों का गुस्सा भड़क उठा। उन्होंने आरोप लगाया कि आरोपी चालक की गिरफ्तारी न होने से पुलिस मामले को गंभीरता से नहीं ले रही। आक्रोशित लोगों ने थाने पर पहुंचकर जमकर हंगामा किया। इस दौरान पुलिस और सभासद के बीच नोकझोंक भी हुई। तनावपूर्ण हालात को देखते हुए पुलिस ने लोगों को शांत कराने की कोशिश की और जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया। घटना में मौजूद कार को पुलिस द्वारा बरामद कर लिया गया है फिलहाल आरोपी कार चालक फरार है। पुलिस उसकी तलाश में दबिश दे रही है।

नमामी गंगे के तहत कंपोजिट विद्यालय टेनगा में गंगा शपथ एवं चित्रकला का आयोजन

ललितपुर । केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी नमामी गंगे परियोजना के तहत कंपोजिट विद्यालय टेनगा, ब्लॉक बिरधा में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय नदी गंगा के महत्व, उसकी सांस्कृतिक-पारिस्थितिकीय भूमिका और उसे स्वच्छ बनाए रखने की आवश्यकता के प्रति जागरूक करना था। सभी छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों द्वारा गंगा शपथ लेकर, गंगा और उसकी सहायक नदियों की स्वच्छता और संरक्षण का संकल्प लिया । नदी और जीवन विषय पर एक चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें विद्यालय के सभी कक्षा वर्गों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। छात्रों ने अपनी कल्पना और रचनात्मकता के माध्यम से कैनवास पर नदियों के सौंदर्य, उनके महत्व और उन्हें बचाने के संदेश को अत्यंत सुंदर ढंग से उकेरा। राज्य शिक्षक पुरस्कार विजेता, प्रधान अध्यापक सचिन निरंजन ने कहा, छात्रों को पर्यावरण और नदियों के संरक्षण के प्रति जागरूक करना हमारी शैक्षिक जिम्मेदारी है। हमें खुशी है कि बच्चों ने इतने उत्साह के साथ इसमें भाग लिया और गंगा स्वच्छता का संकल्प लिया।परियोजना अधिकारी, जिला गंगा समिति केतन दुबे ने कहा कि इस आयोजन से विद्यालय में नदी संरक्षण के प्रति एक नई ऊर्जा और जागरूकता का संचार हुआ है। कक्षा 7 की छात्रा करिश्मा नदी प्रेरक चुनी गई। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों को पुरस्कार वितरित किए गए।

एक्ट्रेस से यौन शोषण में फिल्म डायरेक्टर अरेस्ट

गाजियाबाद। गाजियाबाद पुलिस ने अभिनेत्री से यौन शोषण के आरोपी फिल्म डायरेक्टर उत्तर कुमार को अमरोहा से गिरफ्तार किया है। सर्विलांस की लोकेशन के आधार पर सुबह करीब 4: 30 बजे पुलिस ने उसके फार्महाउस पर दबिश दी। उसे सोते वक्त पकड़ लिया। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटील ने बताया- उत्तम कुमार को गिरफ्तार कर पुलिस गाजियाबाद ले जा रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, उत्तर कुमार को हिरासत में लेने के बाद जेल जाने के डर से उनकी तबीयत बिगड़ गई है। उन्हें इलाज के लिए गाजियाबाद के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। 6 सितंबर को यानी 9 दिन पहले कार्रवाई न होने पर पीड़ित एक्ट्रेस लखनऊ में सीएम आवास पहुंची थी। वहां सुसाइड की कोशिश की। हालांकि, पुलिस ने समय रहते एक्ट्रेस को बचा लिया था। गाजियाबाद पुलिस की 3 टीमों ने एडिशनल पुलिस कमिश्नर आलोक प्रियदर्शी के निर्देश पर अमरोहा में यह छापेमारी की।

स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान : 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलेगा विशेष स्वास्थ्य अभियान

गांधी जयंती तक प्रतिदिन स्वास्थ्य शिविर, पात्र लाभार्थियों को मिलेगा आयुष्मान कार्ड

पीलीभीत। जनपद में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक ''स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान'' चलाया जाएगा। सोमवार को गांधी सभागार, पीलीभीत में जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित अंतरविभागीय समन्वय बैठक में अभियान की रूपरेखा तय की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग से जुड़े अधिकारी, आयुष, रेडक्रॉस और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।अभियान की शुरुआत 17 सितम्बर को जिला चिकित्सालय में भव्य रक्तदान शिविर के साथ होगी। इसी दिन सभी सीएचसी, पीएचसी और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर प्रधानमंत्री के संदेश का सीधा प्रसारण जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में किया जाएगा।
अभियान के तहत प्रतिदिन आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे।
इन शिविरों में मातृत्व स्वास्थ्य, नियमित टीकाकरण, गैर संक्रामक रोग, नाक-कान-गला एवं टीबी जांच, पोषण, परिवार नियोजन और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी दी जाएगी।
कैंसर की जांच विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा की जाएगी। साथ ही पात्र लाभार्थियों को गोल्डन कार्ड और आभा आईडी उपलब्ध कराई जाएगी।जिलाधिकारी ने आईसीडीएस को निर्देशित किया कि इन शिविरों में पोषण माह के कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएं। वहीं, विद्यालय निरीक्षक और बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया गया कि सभी बच्चों और शिक्षकों की ब्लड ग्रुप जांच कराकर उसका रिकॉर्ड सुरक्षित रखा जाए।
अभियान के दौरान एलोपैथिक चिकित्सकों के साथ-साथ यूनानी, आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक सहित अन्य पद्धतियों के विशेषज्ञ भी शिविरों में मौजूद रहेंगे और लोगों को परामर्श व उपचार देंगे।

एसपी ने अन्तर्जनपदीय मलखम्भ प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

ललितपुर। रिजर्व पुलिस लाइन्स, ललितपुर में 03 दिवसीय 15. सितंबर से 17.सितंबर तक आयोजित होने वाली 13वीं अन्तर जनपदीय मलखम्भ प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा फीता काटकर व दीप प्रज्वलन कर किया गया ।

मुख्य अतिथि महोदय को बैज लगाकर सम्मानित किया गया। द्वारा प्रतियोगिता शुभारम्भ करने की अनुमति प्रदान की गयी। उपरोक्त मलखम्भ प्रतियोगिता में कानपुर जोन, कानपुर के कानपुर नगर, कानपुर देहात, जालौन, कन्नौज, औरैया, फतेहगढ़, झांसी तथा जनपद ललितपुर सहित कुल 08 टीमों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों द्वारा बैंड पर राष्ट्रीय धुन के साथ मुख्य अतिथि महोदय का अभिनन्दन किया गया, जिस पर मुख्य अतिथि द्वारा परेड का मान-प्रणाम ग्रहण किया गया ।

मुख्य अतिथि द्वारा प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी कोच व खिलाड़ियों का परिचय लिया गया । इसके उपरान्त मुख्य अतिथि महोदय द्वारा अपने सम्बोधन में सभी खिलाड़ियों को खेल भावना व अपने सर्वोत्तम प्रदर्शन करने हेतु प्रोत्साहित किया गया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनायें दी गयी । सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन भी किया गया ।

उपरोक्त प्रतियोगिता दिनांक 15.09.2025 से 17.09.2025 तक रिजर्व पुलिस लाइन्स, ललितपुर में आयोजित की जा रही है, जिसका समापन दिनांक 17.09.2025 को रिजर्व पुलिस लाइन्स, ललितपुर में किया जायेगा। समापन अवसर पर उक्त प्रतियोगिता में विजेता टीम व खिलाड़ियों व उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया जायेगा । 13वीं अन्तर जनपदीय मलखम्भ प्रतियोगिता के शुभारम्भ अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, कालू सिंह, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन ललितपुर व समस्त जनपद के टीम मैनेजर/कोच/खिलाड़ी आदि मौजूद रहे ।

झांसी में पानी में डूबने से बच्चे की मौत

झांसी। झांसी में खाली पड़े प्लॉट के गड्ढे में भरे पानी में डूबकर 22 महीने के बच्चे की मौत हो गई। घटना के समय वह अपनी दादी के साथ कॉलोनी में श्राद्ध के लिए निमंत्रण देने गया था। इसी दौरान उसने दादी का हाथ छोड़ दिया और गड्ढे की ओर चला गया। घटना सोमवार शाम सीपरी बाजार थाना क्षेत्र मोहल्ला अयोध्यापुरी की है। अयोध्यापुरी निवासी नाथूराम साहू के पिता का सोमवार को पटा (श्राद्ध) का कार्यक्रम था।
घर में नाते-रिश्तेदार आए हुए थे। उनके बेटे अभिषेक साहू का दो साल बेटा भौमिक साहू अपनी दादी शोभा साहू की उंगली पकड़कर मोहल्ले में निमंत्रण देने गया था। दादी मोहल्ले की महिलाओं से बात करने में व्यस्त हुईं तो भौमिक उन्हें छोड़कर कुत्ते को पकड़ने दौड़ गया। कुत्ता दौड़ते हुए खाली प्लॉट के गड्ढे में भरे पानी से बाहर निकल गया।
लेकिन वह जैसे ही गड्ढे के पास पहुंचा तो सीधा फिसलता हुआ पानी में डूब गया।
नाती को देख दादी चीख पड़ी। आनन-फानन में बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। उन्होंने पानी से किसी तरह तक भौमिक को बाहर निकाला। लेकिन, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। यहां बच्चे की मां नेहा साहू समेत परिजनों को भौमिक के डूबने से मौत की खबर मिली तो घर में कोहराम मच गया।

महाविद्यालय में तीन-दिवसीय हिंदी दिवस महोत्सव कार्यक्रम का हुआ समापन

ललितपुर। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद नैक द्वारा मूल्यांकित संस्थान पहलवान गुरुदीन स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय पनारी ललितपुर में 15 सितंबर 2025 को तीन-दिवसीय हिंदी दिवस महोत्सव कार्यक्रम के समापन के अवसर पर लघु-नाटिका,नृत्य,कविता, गीत एवं संगोष्ठी एवं उससे पूर्व रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्रबंधक सितारा देवी, डायरेक्टर डॉक्टर पूजा यादव, प्राचार्य डॉक्टर सूफिया, एनसीसी कैप्टन डॉक्टर वंदना याज्ञिक, एवं महाविद्यालय के समस्त स्टाफ के द्वारा ज्ञान की देवी मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं फूल ? माल्यार्पण कर किया गया। महाविद्यालय की प्रबंधक श्रीमती सितारा देवी ने छात्राओं को अपने वक्तव्य में बताया भारत में हर साल 14 सितंबर के दिन को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है जो कि भारत में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली क्षेत्रीय भाषा है। इस मौके पर कई जगहों पर प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाता है।भारत एक विविधताओं से भरा हुआ देश है, जहां पर बहुत सारी बोलियां और भाषाएं बोली जाती हैं। इन सभी के अंदर हिंदी भाषा का बहुत ज्यादा महत्व है जोकि हमारी मातृभाषा भी है। यह भारत के कई करोड़ लोगों को एक सूत्र में बांधने का काम भी करती है। इसी दिन संविधान सभा ने हिंदी को भारत की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। महाविद्यालय की प्रबंध निर्देशिका डॉ.पूजा यादव ने अपने उद्बोधन में बताया कि हम सब यहाँ हिंदी दिवस के अवसर पर एकत्रित हुए हैं। यह दिन हमें केवल हिंदी भाषा के गौरव की याद नहीं दिलाता, बल्कि हमारी सांस्कृतिक जड़ों, हमारी पहचान और हमारे आत्मसम्मान से भी जोड़ता है।

5 साल के बच्चे को अगवा करने की कोशिश

बाराबंकी। बाराबंकी के असंद्रा थाना क्षेत्र में स्थित नयापुरवा गांव में सोमवार दोपहर एक अज्ञात व्यक्ति ने 5 वर्षीय लक्ष्य पटेल का अपहरण करने का प्रयास किया। लक्ष्य स्कूल से छुट्टी के बाद वैन से गांव के बाहर उतरा था। आरोपी ने बच्चे को पकड़कर उसके मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। इस दौरान वहां से एक छात्रा साइकिल से गुजर रही थी। छात्रा ने जब आरोपी से कारण पूछा तो वह उस पर हमलावर हो गया। छात्रा तुरंत गांव पहुंची और ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी। ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आरोपी को पकड़ लिया। सूचना मिलते ही सिद्धौर चौकी पुलिस गांव पहुंची। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर चौकी ले गई। चौकी प्रभारी राम प्रकाश मिश्रा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। ग्रामीणों की सतर्कता और पुलिस की तत्परता से बच्चा सुरक्षित बच गया। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। हालांकि, आरोपी की गिरफ्तारी से लोगों को राहत मिली है।

स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान की अन्तर्विभागीय बैठक सम्पन्न

ललितपुर। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025, गाँधी जयन्ती तक स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का आयोजन किया जा रहा है। उक्त अभियान के सफल संचालन हेतु प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी रमेश कुमार यादव की अध्यक्षता में दिनांक 15 सितम्बर 2025 को अपराहन 1:00 बजे अन्तर्विभागीय बैठक सीडीओ कार्यालय में आयोजित की गयी। प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि यह अभियान महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित पोषण माह के साथ समन्वय करते हुए आयोजित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 इम्तियाज अहमद ने बताया कि इस अभियान के अन्तर्गत प्रदेश में समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं अन्य स्वास्थ्य इकाईयों पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से महिलाओं को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी, जिसमें विशेषज्ञ सेवाएं भी शामिल हैं। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान पखवाड़े के दौरान आयोजित की जाने वाली प्रमुख गतिविधियों में उच्च रक्तचाप और मधुमेह की जांच, ओरल कैंसर, स्तन कैंसर और गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की जांच, किशोरियों और महिलाओं के लिए एनीमिया की जांच, परामर्श एवं उपचार, उच्च जोखिम वाली महिलाओं के लिए टी0बी0 की जांच आदि शामिल हैं। दिनांक 1 अक्टूबर 2025 को राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस है, जिसके अन्तर्गत एक मेगा कैंप आयोजित किया जायेगा। प्रसव पूर्व देखभाल जांच एवं परामर्श के साथ एम.सी.पी. कार्ड का वितरण, बच्चों के लिए टीकाकरण सेवाएं, किशोरियों एवं महिलाओं को मासिक धर्म स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण के सम्बन्ध में जागरूक किया जायेगा। इसके लिए ग्राम स्तर, ब्लाक स्तर/जनपद स्तर पर जागरूकता रैली, स्कूलों में जागरूकता सत्र एवं अन्य गतिविधियाँ आयोजित की जायेगी। उन्होंने अभियान की सफलता हेतु सभी से सहयोग की अपील की। बैठक के दौरान अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं कार्यक्रम के नोडल डा0 वीरेन्द्र सिंह, जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा0 अर्जुन लाल अहिरवार, जिला विद्यालय निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह, जिला क्षय रोग अधिकारी डा0 राम नरेश सोनी, युवा कल्याण विभाग से श्री शैलेन्द्र सिंह, बेसिक शिक्षा विभाग से नंदित कुमार, पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डा0 सौरभ सक्सेना, डीपीएम रजिया फिरोज, डीसीपीएम गणेश तेंगुरिया, हास्पिटल मैनेजर नंदलाल आदि मौजूद रहे।

संक्षिप्त समाचार

स्पेन के मैड्रिड में संदिग्ध गैस रिसाव से विस्फोट, 25 घायल; राहत-बचाव कार्य जारी

मैड्रिड, एजेंसी। स्पेन की राजधानी मैड्रिड में शनिवार (स्थानीय समयानुसार) को एक इमारत में विस्फोट हो गया। हादसे में 25 लोग घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर है। घटना के बारे में मैड्रिड की आपातकालीन सेवाओं ने जानकारी दी। स्पेनिश समाचार एजेंसी ईएफई के अनुसार, अग्निशमन कर्मियों को संदेह है कि विस्फोट गैस रिसाव के कारण हुआ है। हालांकि, पुलिस अभी विस्फोट के कारणों की जांच कर रही है। अग्निशमन विभाग के प्रमुख जेवियर रोमेरो ने बताया कि विस्फोट दोपहर करीब तीन बजे तीन मंजिला इमारत की निचली मंजिल पर हुआ। सूचना मिलते ही अग्निशमन कर्मी मौके पर पहुंचे और उन्होंने मलबे में दबे चार लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। उन्होंने बताया कि विस्फोट से एक कैफे, एक दुकान और अन्य संपत्तियों को नुकसान पहुंचा है।

इस्राइली मंत्री रेगेव को तुर्किये से मिली धमकियां, कहा- हम तुम्हें और तुम्हारे देश को दफन कर देंगे

तेल अवीव, एजेंसी। इस्राइल की परिवहन मंत्री मिरी रेगेव को तुर्किये के फोन नंबरों से सैकड़ों नफरत भरे संदेश और धमकियां भेजी गई हैं। उन्हें धमकी दी गई कि हम तुम्हें और तुम्हारे देश को दफन कर देंगे। तुर्किये के हैकरों ने उनके निजी मोबाइल नंबर और अन्य मंत्रियों के फोन नंबर लीक किए थे। इस्राइली मंत्री रेगेव को भेजे गए संदेशों में लिखा था, हिटलर सही था। उसे तुम सबको मार देना चाहिए था। हम तुम्हें और तुम्हारे देश को दफन कर देंगे। मैं तुर्किये हूं। मैं तुम्हें नर्क में भेज दूंगा। रक्षा मंत्री ने भी ऐसे ही संदेश मिलने की पुष्टि की थी इस्राइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने भी कल ऐसे ही संदेश मिलने की पुष्टि की थी। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर जवाब में लिखा, उन्हें फोन और धमकियां देते रहने दो, और मैं उनके सदस्यों, आतंकवाद के सरगनाओं का सफाया करने का आदेश देता रहूंगा।

सरकारी इमारतों समेत कई स्थानों पर जेन-जी ने शुरू किया सफाई अभियान

काठमांडो, एजेंसी। कई दिनों की अशांति के बाद नेपाल में अब धीरे-धीरे जनजीवन सामान्य हो रहा है। काठमांडो घाटी समेत देश के अन्य हिस्सों से शनिवार को कर्फ्यू और प्रतिबंधात्मक आदेश हटा लिया गया। दुकानें, किराना स्टोर, सब्जी बाजार और शॉपिंग मॉल दोबारा खुल गए हैं। सड़कों पर भी वाहनों की चहल-पहल बढ़ गई है। इस बीच, शनिवार को प्रमुख सरकारी भवनों समेत कई स्थानों पर सफाई अभियान चलाया गया, जिन्हें हाल ही में हिंसक विरोध प्रदर्शनों के दौरान प्रदर्शनकारियों द्वारा तोड़फोड़ कर आग के हवाले कर दिया गया था। जेन-जी युवाओं के साथ इनमें समाजसेवी केपी खनाल भी जुटे रहे। शुरू हो गई। काठमांडो से देश के विभिन्न भागों के लिए लंबी दूरी की बसों का संचालन भी शुरू हो गया है। हालांकि, काठमांडो के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बिश्वो अधिकारी के अनुसार संभावित विरोध प्रदर्शनों को रोकने और व्यवस्था बनाए रखने के लिए कुछ संवेदनशील क्षेत्रों में प्रतिबंध जारी रहेंगे। नेपाल के सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि छात्रों के सरकार विरोधी प्रदर्शन के दौरान महत्वपूर्ण न्यायिक दस्तावेज नष्ट हो गए हैं। प्रदर्शनकारियों ने संसद भवन के साथ ही सुप्रीम कोर्ट की इमारत में भी आग लगा दी थी। मुख्य न्यायाधीश प्रकाशमान सिंह राउत ने एक बयान में आंदोलन के दौरान आगजनी, पथराव, तोड़फोड़ और लूटपाट के कारण अदालती भवनों को हुए नुकसान पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नेपाल के न्यायिक इतिहास से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज हिंसा में लगभग नष्ट हो गए। उन्होंने यह भी कहा कि हम सभी परिस्थितियों में न्याय के मार्ग पर अडिग और दृढ़ हैं। हम नागरिकों की न्याय की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए जल्द से जल्द अदालती कामकाज फिर से शुरू करने का संकल्प लेते हैं।

ब्रिटेन के वेस्ट मिडलैंड्स में सिख महिला पर हमला, ब्रिटिश एमपी प्रीत कौर गिल ने की निंदा; लोगों में आक्रोश

लंदन, एजेंसी। ब्रिटेन के वेस्ट मिडलैंड्स इलाके में एक सिख महिला के साथ हुए यौन उत्पीड़न और नस्लीय हमले की घटना ने सिख समुदाय में गहरी चिंता पैदा कर दी है। इस मामले की जांच पुलिस कर रही है और इसे नस्लीय घृणा से प्रेरित अपराध माना जा रहा है। ब्रिटिश सिख सांसद प्रीत कौर गिल ने इस हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, मैं इस भयानक हमले से बेहद सदमे में हूं। हमलावरों ने पीड़िता से कहा कि वह यहां की नहीं है। लेकिन सच यह है कि वह यहीं की है।

लंदन में अवैध-अप्रवासी मुद्दे पर प्रदर्शन, 1 लाख लोग जुटे

मस्क भी जुड़े, कहा- लड़ो या मरो; प्रोटेस्ट के समय पीएम फुटबॉल मैच देख रहे थे

लंदन, एजेंसी। सेंट्रल लंदन में शनिवार को 1 लाख से ज्यादा लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रोटेस्ट को यूनाइट द किंगडम नाम दिया गया, जिसे एंटी-इमिग्रेशन नेता टॉमी रॉबिन्सन ने लीड किया। इसे ब्रिटेन की सबसे बड़ी दक्षिणपंथी रैली माना जा रहा है। इस प्रदर्शन में टेस्ला मालिक इलॉन मस्क वीडियो के जरिए शामिल हुए। मीडिया चैनल द इंडिपेंडेंट के मुताबिक उन्होंने टॉमी रॉबिन्सन से बात की। मस्क ने कहा, हिंसा तुम्हारे पास आ रही है। या तो लड़ो या मरो। मस्क ने ब्रिटेन में संसद भंग करने की मांग की। उन्होंने कहा, सरकार बदलनी होगी। वहीं, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर उस वक्त फुटबॉल मैच देख रहे थे। वे अपने बेटे के साथ लंदन के एमिरेट्स स्टेडियम में थे, जब शहर में हिंसा हो रही थी।



28 हजार प्रवासी इस साल ब्रिटेन पहुंचे : इस प्रदर्शन का मकसद ब्रिटेन में अवैध अप्रवासन (इलीगल इमीग्रेशन) के खिलाफ आवाज उठाना था। प्रदर्शनकारी मांग कर रहे थे कि अवैध प्रवासियों को देश से बाहर किया जाए। इस साल 28 हजार से ज्यादा प्रवासी इंग्लिश चैनल के रास्ते नावों में ब्रिटेन पहुंचे थे।

प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प हुई : इसी दिन स्टैंड अप टू रेसिज्म नामक एक विरोधी प्रदर्शन भी हुआ, जिसमें लगभग 5,000 लोग शामिल थे। दोनों समूहों के बीच टकराव रोकने के लिए पुलिस ने घेराबंदी कर रखी थी। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने मीडिया को बताया कि यूनाइट द किंगडम मार्च के दौरान कुछ प्रदर्शनकारियों ने पुलिस का घेरा तोड़ने की कोशिश की और विरोधी समूह की ओर बढ़ने का प्रयास किया।

इस दौरान कई पुलिसकर्मियों पर हमला हुआ। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए 1,600 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया, जिनमें 500 अन्य क्षेत्रों से बुलाए गए थे। प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी और इजराइली झंडे लहराए प्रदर्शनकारियों ने यूनियन जैक और सेंट जॉर्ज क्रॉस के झंडे लहराए। कुछ ने अमेरिकी और इजराइली झंडे भी उठाए। कई प्रदर्शनकारी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से जुड़ी मेक अमेरिका ग्रेट अगेन टोपी पहने हुए थे। प्रदर्शन में प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के खिलाफ नारे लगाए गए और उन्हें वापस भेजो जैसे संदेशों वाले बैनर दिखाई दिए। कुछ लोग अपने बच्चों को भी साथ लाए। टॉमी रॉबिन्सन, जिनका असली नाम स्टीफन यैक्सली-लेनन है, ने इस मार्च को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उत्सव बताया। प्रदर्शनकारियों से झड़प में 26 पुलिसकर्मी लहूलुहान रैली का मकसद आव्रजन (इमिग्रेशन) का विरोध करना था। लेकिन यह विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गया और रॉबिन्सन समर्थकों व पुलिस के बीच झड़पें हुईं। पुलिस ने बताया कि उन्हें भीड़ को काबू करने में काफी मुश्किल हुई। इसी दौरान 26 पुलिसकर्मी घायल हो गए, जिनमें से चार की हालत गंभीर बताई जा रही है। कई पुलिसवालों को घूंसे, लात और बोतलों से चोटें आईं, किसी के दांत टूट गए तो किसी की नाक और सिर पर गंभीर चोट पहुंची। पुलिस के मुताबिक रैली में लगभग 1,10,000 लोग मौजूद थे। लेकिन ड्रोन और हवाई तस्वीरों से यह भी साफ दिखा कि मध्य लंदन की कई किलोमीटर लंबी सड़कें प्रदर्शनकारियों से भर गई थीं, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि भीड़ इससे भी ज्यादा हो सकती थी। इसी बीच, टॉमी रॉबिन्सन ने दावा किया कि इस रैली में लाखों लोग पहुंचे थे। उन्होंने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर कर इसे अपने समर्थकों की अब तक की सबसे बड़ी भीड़ बताया और मुख्यधारा के मीडिया पर सच्चाई छिपाने का आरोप लगाया।

यह रैली एक और प्रदर्शन स्टैंड अप टू रेज्सिम (नस्लवाद के खिलाफ) के साथ समानांतर चली, जिसमें करीब 5,000 लोग शामिल हुए। दोनों पक्षों के बीच भिड़ंत न हो, इसके लिए पुलिस को दिनभर कई बार बांध क्षेत्र (बफर जोन) बनाना पड़ा और भीड़ को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने पड़े।

हमास नेता संघर्षविराम नहीं होने दे रहे, इस्राइली पीएम बोले- इनसे छुटकारा पाकर ही खत्म होगी लड़ाई

तेल अवीव, एजेंसी। इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दावा किया कि कतर में हमास नेता संघर्षविराम के प्रयासों में बाधा डाल रहे हैं और गाजा में संघर्ष को बढ़ा रहे हैं। नेतन्याहू ने कहा कि कतर में रह रहे हमास नेताओं से छुटकारा पाकर ही शांति स्थापित हो सकती है। बेंजामिन नेतन्याहू ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में कतर सरकार पर भी निशाना साधा और हमास नेताओं को पनाह देने का आरोप लगाया।

इस्राइल का कतर पर निशाना नेतन्याहू ने लिखा कि कतर में रह रहे हमास के आतंकी प्रमुखों को गाजा के लोगों की कोई परवाह नहीं है। उन्होंने युद्ध को अंतहीन रूप से खींचने के लिए युद्धविराम के सभी प्रयासों को बाधित कर दिया। उनसे छुटकारा पाकर ही हमारे सभी बंधक रिहा हो सकेंगे और युद्ध समाप्त हो सकेगा। इस्राइली पीएम नेतन्याहू की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब इस्राइल ने शीर्ष हमास नेताओं को शरण देने के लिए कतर की बार-बार आलोचना की है। नेतन्याहू ने सोशल मीडिया पर साझा एक वीडियो संदेश में कहा कि इस्राइल, हमास नेताओं के खिलाफ, चाहे वे कहीं भी हों, कार्रवाई करेगा, जब तक कि कतर उन्हें बाहर न निकाल दे या उन्हें न्याय न हो जाए।

इस्राइल के कतर में किए गए हमले पर विवाद : इस्राइली वायुसेना ने मंगलवार को हमास के नेताओं को निशाना बनाने के लिए कतर की राजधानी दोहा में बड़ा हवाई हमला किया था। इस हमले में हमास के नेताओं की मौत हो गई थी।

कतर पर हुए हमले की मध्य पूर्व और उसके बाहर कई देशों ने व्यापक निंदा की। इसके बाद कतर और इस्राइल के बीच तनाव बढ़ गया। साथ ही युद्ध को समाप्त करने और गाजा में हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को मुक्त कराने के लिए चल रही बातचीत खतरे में पड़ गई है। हमले के बाद हमास ने कहा कि उसके शीर्ष नेता हमले में बच गए, लेकिन पांच निचले स्तर के सदस्य मारे गए। इसमें गाजा में हमास के नेता और उसके शीर्ष वार्ताकार खलील अल-हय्या का बेटा, तीन अंगरक्षक और अल-हय्या के कार्यालय का प्रमुख शामिल है।

तुम्हारी हत्या हो सकती है, चार्ली किर्क को यूटा यूनिवर्सिटी के कार्यक्रम से पहले ही मिली थी चेतावनी

वॉशिंगटन, एजेंसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी और रूढ़िवादी कार्यकर्ता चार्ली किर्क की बुधवार को यूटा वैली यूनिवर्सिटी में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक शीर्ष सुरक्षा विशेषज्ञ ने चार्ली किर्क को पहले ही चेतावनी दी थी कि अगर चार्ली ने अपनी सुरक्षा को मजबूत नहीं किया तो 100 फीसदी उनकी हत्या हो सकती है। चार्ली को यूटा वैली यूनिवर्सिटी में एक कार्यक्रम के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। रिपोर्ट के अनुसार, एक सुरक्षा एजेंसी द बॉडीगुप ग्रुप ऑफ बेवर्ली हिल्स के मालिक क्रिस हर्जोग ने बताया कि 6 मार्च को कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी में उनकी चार्ली किर्क से मुलाकात हुई थी। हर्जोग ने बताया कि उन्होंने किर्क को चेतावनी दी थी कि अगर सावधानी नहीं बरती गई तो उनके विश्वविद्यालय के कार्यक्रम के दौरान उनकी 100 फीसदी हत्या हो सकती है। पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने चार्ली किर्क की हत्या के संदिग्ध आरोपी को पकड़ लिया है, जब उसके परिवार के एक सदस्य ने उसे पुलिस के हवाले करने में मदद की। यूनिवर्सिटी के एक कार्यक्रम में चार्ली किर्क की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी 31 वर्षीय किर्क को ओरेम शहर में यूटा वैली विश्वविद्यालय में छात्रों के समूह को संबोधित करते समय गोली मार दी गई थी। किर्क के गर्दन में एक गोली लगी और वे वहीं गिर पड़े। हत्या के संदिग्ध टायलर रॉबिन्सन को गोलीबारी के लगभग 33 घंटे बाद गुरुवार रात हिरासत में ले लिया गया।

हर्जोग ने बताया कि किर्क ने उनकी कुछ सलाह मानी, लेकिन उन्होंने हर्जोग से दोबारा संपर्क नहीं किया। उन्होंने बताया दुर्भाग्य से उसने मुझसे कभी संपर्क नहीं किया और अब उसकी हत्या की मेरी भविष्यवाणी सच साबित हुई है। हर्जोग ने बताया कि उनकी टीम के सभी सदस्य मानते थे कि चार्ली किर्क के लिए सुरक्षा पर्याप्त नहीं थी और उनकी हत्या किए जाने की आशंका थी। सुरक्षा विशेषज्ञ ने किर्क को अपनी सुरक्षा के लिए बुलेटप्रूफ ग्लास पैनल और 700 मीटर के दायरे में किसी की भी निगरानी के लिए मेटल डिटेक्टर लगाने की सलाह दी थी।

कनाडा में आव्रजन विरोधी रैली के दौरान जमकर बवाल, टोरंटो पुलिस ने 10 लोगों को किया गिरफ्तार

टोरंटो, एजेंसी। कनाडा के टोरंटो शहर में शनिवार दोपहर एक आव्रजन विरोधी रैली और उसके जवाब में हुए बड़े विरोध प्रदर्शन के दौरान जमकर हंगामा हुआ। इस दौरान टोरंटो पुलिस ने 10 लोगों को गिरफ्तार किया। यह घटना शहर के क्रिस्टी पिट्स पार्क इलाके में हुई।

पहली गिरफ्तारी और रैली की शुरुआत : एक स्थानीय समाचार एजेंसी के मुताबिक, सबसे पहली गिरफ्तारी दोपहर 12:40 बजे (स्थानीय समय) के आसपास ब्लूर स्ट्रीट वेस्ट और क्रिस्टी स्ट्रीट के पास हुई, जहां एक व्यक्ति पर हमले का आरोप लगा। इसके बाद दिन भर में कुल 10 गिरफ्तारियां की गईं। यह रैली कनाडा फर्स्ट पैट्रियट रैली के नाम से आयोजित की गई थी। आयोजकों का दावा था कि यह रैली सामूहिक आप्रवासन यानी बड़े पैमाने पर हो रहे आव्रजन के खिलाफ और कनाडाई मूल्यों की रक्षा के लिए की जा रही है। रैली के आयोजक जो एनीडजार ने रेडियो-कनाडा को बताया, हमारा मकसद है कि कनाडाई नागरिकों को प्राथमिकता दी जाए, देश को पहले रखा जाए। बड़े पैमाने पर हो रहा आव्रजन हमारे राष्ट्रीय संसाधनों पर दबाव डाल रहा है।

विरोध-प्रदर्शन में सैकड़ों लोग जुटे : इस रैली का विरोध करने के लिए सैकड़ों लोग उसी पार्क में इकट्ठा हुए। ये लोग आप्रवासियों और हाशिए पर रह रहे समुदायों के समर्थन में आए थे। ओंटारियो फेडरेशन ऑफ लेबर ने अपने फेसबुक पोस्ट में कहा कि क्रिस्टी पिट्स पार्क लंबे समय से फासीवाद विरोधी आंदोलनों का केंद्र रहा है। यह पार्क प्रवासी समुदायों, आदिवासियों, एलजीबीटीक्यू+ समूहों, हिंसा के पीड़ितों, बेघर लोगों, कलाकारों और छात्रों के लिए बेहद महत्वपूर्ण जगह है। वर्कर्स एक्शन सेंटर की कार्यकारी निदेशक डिना लैड ने आव्रजन विरोधी सोच की निंदा की। उन्होंने कहा कि नए आने वाले लोगों को मकान की कमी, खाने की असुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की समस्याओं के लिए दोषी ठहराना गलत है। डिना लैड ने कहा, सच्चाई यह है कि यह समस्याएं अप्रवासियों की वजह से नहीं हैं। हमें सस्ती आवास सुविधाएं नहीं मिल रहीं, फूड बैंक में पर्याप्त खाना नहीं है और हेल्थ सर्विसेज में दिक्कतें हैं। इसके लिए प्रवासी समुदायों को दोषी ठहराना बिल्कुल गलत है। प्रदर्शनों के चलते पुलिस ने अस्थायी रूप से ब्लूर स्ट्रीट वेस्ट के कुछ हिस्सों को बंद कर दिया। इसके अलावा बे स्ट्रीट, यॉन्ग स्ट्रीट और वेल्सले स्ट्रीट के आसपास ट्रैफिक पर असर पड़ा। शाम तक सभी सड़कें फिर से खोल दी गईं जब प्रदर्शनकारी सैंकोफा स्क्वायर की ओर बढ़े।

डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ चेतावनी पर भड़का ड्रैगन

कहा- जंग से समस्याएं नहीं सुलझतीं और प्रतिबंधों से हालात और बिगड़ते हैं

बीजिंग, एजेंसी। अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ को लेकर विवाद बढ़ता ही जा रहा है। कारण है कि बीते दिनों राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन पर 50प्रतिशत से 100प्रतिशत टैरिफ करने की चेतावनी दी थी। ऐसे में अब ड्रैगन ने भी ट्रंप की चेतावनी पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने कहा कि जंग से समस्याएं नहीं सुलझतीं और प्रतिबंधों से हालात और बिगड़ते हैं।

बता दें कि डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर लिखा कि नाटो को चीन पर 50-100प्रतिशत टैक्स लगाना चाहिए और यह टैक्स रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म होने तक जारी रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि चीन का रूस पर मजबूत नियंत्रण है, और ये ताकतवर टैक्स उस पकड़ को तोड़ सकते हैं।

क्या बोले चीन के विदेश मंत्री : स्लोवेनिया में वहां की डिप्टी पीएम और विदेश मंत्री तान्या फयोन से मुलाकात के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में वांग यी ने अमेरिकी चेतावनी का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि चीन किसी भी युद्ध में भाग नहीं लेता और न ही उसकी कोई योजना है। चीन हमेशा शांति वार्ता और राजनीतिक समाधान को बढ़ावा देता है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रतिबंध और टैरिफ से हालात नहीं सुधरते, बल्कि और उलझते हैं।

चीन और यूरोप के संबंध पर भी बोले वांग : इसके साथ ही वांग यी ने कहा कि चीन और यूरोप को प्रतिस्पर्धी नहीं, बल्कि सहयोगी बनना चाहिए। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों को साथ मिलकर सुरक्षित रखने की बात कही और दुनिया में फैले संघर्षों को शांति से सुलझाने पर जोर दिया।

ट्रंप का चीन पर गंभीर आरोप : गौरतलब है कि ट्रंप इससे पहले भी चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग पर अमेरिका के खिलाफ साजिश करने का आरोप लगा चुके हैं। यह आरोप उस वक्त लगाया गया था जब चीन ने तीन सितंबर को अब तक की सबसे बड़ी सैन्य परेड की थी, जिसमें उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी शामिल हुए थे। हालांकि ट्रंप ने बाद में कहा कि उनके व्यक्तिगत संबंध शी जिनपिंग से बहुत अच्छे हैं।

अफ्रीकी प्रवासियों को जबरन निकालने की तैयारी में ट्रंप प्रशासन, संघीय न्यायाधीश ने लगाई फटकार

वॉशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका में पांच अफ्रीकी प्रवासियों को जबरन उनके देश भेजने के मामले में एक अमेरिकी संघीय न्यायाधीश ने ट्रंप प्रशासन को जमकर फटकार लगाई है। न्यायाधीश ने प्रशासन पर कोर्ट के आदेश को दरकिनार करने को लेकर सवाल तीखे सवाल पूछे है। मामले में न्यायाधीश तान्या चटकन ने कहा कि ऐसा लगता है कि प्रशासन अदालत के आदेशों को दरकिनार करने की कोशिश कर रहा है, ताकि पांच अफ्रीकी प्रवासियों को उनके देशों में वापस भेजा जा सके, जहां उन्हें यातना या मौत का खतरा है। ऐसे में इस मामले में चर्चा तब तेज हो गई जब ट्रंप प्रशासन ने इन पांच प्रवासियों को सीधे उनके देश भेजने की बजाय पहले घाना भेजा, ताकि घाना उन्हें आगे उनके मूल देशों में भेज सके। कोर्ट ने इन प्रवासियों को उनके देशों में भेजने से रोक दिया था, क्योंकि वहां उनकी जान को खतरा है। एसीएलयू ने कोर्ट में दिया तर्क, लेकिन न्यायाधीश ने लगाई फटकार बता दें कि अमेरिकन सिविल लिबर्टीज यूनियन (एसीएलयू) ने बताया कि इन पांच में से एक व्यक्ति को पहले ही घाना से गाम्बिया भेज दिया गया है, जबकि अमेरिकी अदालत ने साफ कहा था कि उसे गाम्बिया नहीं भेजा जा सकता। इसपर न्याय विभाग की वकील एलियानिस पेरेज ने कोर्ट में दलील दी कि घाना ने वादा किया था कि वह ऐसा नहीं करेगा। लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका यह तय नहीं कर सकता कि घाना किसे कहां भेजेगा। न्यायाधीश ने कोर्ट को दिए आदेश हालांकि, जज चटकन ने सरकार से नाराजगी जताते हुए कहा कि मुझे ये मत कहिए कि आपके पास घाना पर कोई नियंत्रण नहीं है। मैं जानती हूं कि ऐसा नहीं है। मामले में आगे न्यायाधीश ने प्रशासन को आदेश दिया कि वे शनिवार रात नौ बजे तक कोर्ट को लिखकर बताएं कि उन्होंने क्या कदम उठाए हैं ताकि बाकी प्रवासियों को गलत तरीके से उनके खतरनाक मूल देशों में न भेजा जाए। गौरतलब है कि कोर्ट ने पूरे मामले की तुलना किल्मर अबरेगो गार्सिया से की, जिसे पहले गलत तरीके से अल सल्वाडोर भेज दिया गया था, जबकि कोर्ट ने ऐसा करने से मना किया था। बाद में कोर्ट के आदेशों पर उसे अमेरिका वापस लाया गया। इस मामले ने ट्रंप प्रशासन की प्रवासी नीति और अदालत के आदेशों की अनदेखी करने के रवैये पर फिर से बहस छेड़ दी है।

सुशीला कार्की ने प्रधानमंत्री पद का कार्यभार संभाला, अंतरिम सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार पर मंथन जारी

काठमांडू, एजेंसी। नेपाल की नवनियुक्त अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की रविवार सुबह 11 बजे सिंह दरबार में आधिकारिक रूप से कार्यभार संभाल लिया। पूर्व मुख्य न्यायाधीश कार्की को शुक्रवार रात को अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्त किया गया था। इसके साथ ही प्रधानमंत्री सुशीला कार्की रविवार को अपने मंत्रिमंडल का विस्तार कर सकती हैं। वह मंत्रियों के नामों को अंतिम रूप देने में अपने सहयोगियों के साथ विचार-विमर्श कर रही हैं। बताया जा रहा है कि मंत्रिमंडल का विस्तार छोटा होगा।

वहीं दूसरी ओर पीएम कार्की गृह, विदेश और रक्षा समेत लगभग दो दर्जन मंत्रालय अपने पास रख सकती हैं। मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चाओं के बीच शनिवार को समय निकालकर वह सरकार विरोधी प्रदर्शन में घायलों से मिलने सिविल अस्पताल भी गईं थीं। शुक्रवार को शपथ लेने के तुरंत बाद भी वह अस्पताल जाकर घायलों का हाल जाना था।

मंत्रिमंडल में शामिल किए जा सकते हैं 15 मंत्री : काठमांडू पोस्ट के मुताबिक, कार्की ने अपने मंत्रिमंडल को अंतिम रूप देने की तैयारी के लिए जेन जी आंदोलन के करीबी सलाहकारों और प्रमुख हस्तियों के साथ परामर्श शुरू कर दिया है। उनके एक सहयोगी ने दावा किया है कि कार्की रविवार सुबह अपने मंत्रिमंडल के गठन के लिए गहन चर्चा शुरू करेंगी। सभी 25 मंत्रालयों पर अधिकार रखने के बावजूद वह कथित तौर पर 15 से अधिक मंत्रियों के साथ एक सुव्यवस्थित मंत्रिमंडल बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

इन नामों पर चल रहा है विचार : काठमांडू पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार मंत्री पदों के लिए जिन नामों पर विचार किया जा रहा है उनमें कानूनी विशेषज्ञ ओम प्रकाश आर्यल, पूर्व सेना अधिकारी बालानंद शर्मा,

सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति आनंद मोहन भट्टाराई, माधव सुंदर खड़का, अशीम मान सिंह बसन्यात और ऊर्जा विशेषज्ञ कुलमन घीसिंग शामिल हैं। चिकित्सा क्षेत्र से डॉ. भगवान कोइराला, डॉ. संदुक रुइत, डॉ. जगदीश अग्रवाल और डॉ. पुकार चंद्र श्रेष्ठ जैसे प्रमुख लोगों के नामों पर विचार चल रहा है।

नामों को लेकर हो रही है ऑनलाइन वोटिंग : काठमांडू पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, जेनरेशन जेड के सदस्य भी समानांतर परामर्श कर रहे हैं। इसके लिए वह ऑनलाइन वोटिंग का भी सहारा ले रहे हैं। अगर इन नामों पर आम सहमति बन जाती है, तो मंत्रिमंडल रविवार शाम तक शपथ ले सकता है, हालांकि चर्चा के नतीजों के आधार पर इसे सोमवार तक के लिए भी टाला जा सकता है।

5 मार्च 2026 को होंगे संसदीय चुनाव : नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने शुक्रवार को नव नियुक्त अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की की सिफारिश पर देश की संसद (प्रतिनिधि सभा) को भंग कर दिया था। राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी सूचना के अनुसार सदन का विघटन 12 सितंबर 2025 की रात 11 बजे से प्रभावी हुआ। अंतरिम सरकार बनने के साथ ही अधिकारियों ने देश में नए सिरे से संसदीय चुनाव कराने का भी एलान कर दिया। नेपाल में अब 5 मार्च 2026 को आम चुनाव कराए जाएंगे।

सोमवार से खुलेंगे स्कूल : काठमांडू महानगरपालिका क्षेत्र के स्कूलों में सोमवार से कक्षाएं शुरू होंगी। शनिवार को जारी सूचना में महानगर ने कहा कि शिक्षक और कर्मचारी रविवार को ही स्कूल में उपस्थित होंगे, लेकिन पढ़ाई सोमवार से शुरू होगी। रविवार को स्कूलों में प्रशासनिक काम, क्षति का मूल्यांकन और विवरण संकलन किया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार, जो स्कूल संचालन योग्य स्थिति में होंगे वहां कक्षाएं होंगी। युवाओं के आंदोलन के कारण 8 सितंबर से स्कूल बंद थे।

कई दिनों की अशांति के बाद नेपाल में अब धीरे-धीरे जनजीवन सामान्य हो रहा है। काठमांडो घाटी समेत देश के अन्य हिस्सों से शनिवार को कर्फ्यू और प्रतिबंधात्मक आदेश हटा लिया गया। दुकानें, किराना स्टोर, सब्जी बाजार और शॉपिंग मॉल दोबारा खुल गए हैं। सड़कों पर भी वाहनों की चहल-पहल बढ़ गई है।

एशिया कप 2025: बंगलादेश के खिलाफ सुपर चार में जगह पक्की करने उतरेगा अफगानिस्तान

अबू धाबी (एजेंसी)। एशिया कप में बंगलादेश की टीम को टूर्नामेंट में बने रहने के लिए मंगलवार को होने वाले अफगानिस्तान के खिलाफ मैच को हर-हाल में जीतना होगा। वहीं अफगानिस्तान सुपर चार में जगह पक्की करने मैदान में उतरेगा। बंगलादेश के खिलाफ अफगानिस्तान का पलड़ा भारी रहा है। अब तक दोनों टीमों के बीच 12 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले गए हैं।

इस दौरान पांच में बांग्लादेश को जीत मिली है। सात मुकाबले अफगानिस्तान ने जीत हैं। दोनों टीमों के बीच खेले गए आखिरी पांच मैचों की बात की जाये तो अफगानिस्तान ने तीन मैच जीते हैं और बंगलादेश को दो में सफलता मिली है। बंगलादेश को एशिया कप के अपने पिछले मैच में श्रीलंका के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है। उसे हार की निराशा से बाहर निकलकर जायेद क्रिकेट स्टेडियम में कल अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले मुकाबले में जीत के लिए पूरी ताकत झोकनी होगी।

बल्लेबाजी की बात की जाये तो टूर्नामेंट में बंगलादेश का शीर्ष क्रम बिल्कुल भी नहीं चल पा रहा है। दोनों सलामी बल्लेबाजों ने मिलकर दो मैचों में केवल 33 रन जोड़े हैं। कप्तान लिटन दास एक बेहतरीन खिलाड़ी है उन्हें स्वयं को पूरी तरह से झोंककर लय बनाते हुए थोड़ा साहस दिखाना होगा और जरूरत पड़ने पर लंबी पारी खेलनी होगी। तौहीद हृदय और महेदी हसन को उनका साथ देना होगा तथा जैकर अली और शमीम हुसैन जैसे बल्लेबाजो को निचले क्रम में मजबूती से बल्लेबाजी करनी होगी।

दूसरी ओर, अफगानिस्तान कहीं अधिक आत्मविश्वास से भरी टीम दिख रही है। राशिद खान की टीम ने अपने पिछले मैच में हांगकांग को 94 रनों से हराया था और वे इन परिस्थितियों में लगातार जीत रहे हैं। उन्होंने अपने पिछले आठ मैचों में से छह जीते हैं और ऐसा लगता है कि वह खाड़ी में खेलने में मजा ले रहे है। हांगकांग के खिलाफ सिदिकुल्लाह अटल की 73 रनों की पारी ने उनकी बल्लेबाजी में मजबूती दिखाई, जबकि अजमतुल्लाह उमरजई और मोहम्मद नबी मध्यक्रम में जरूरत पड़ने पर अपनी लय बदल सकते है।

राशिद और करीम जनत को इसमें

शामिल कर लें, तो उनके पास ऐसे खिलाड़ी हैं जो बंगलादेश के गेंदबाजों की लेंथ बिगड़ सकते हैं। वहीं अगर गेंदबाजी की बात की जाये तो अफगानिस्तान के पास विविधता और आत्मविश्वास है। फजलहक फारूकी और ओमरजई नई गेंद से अहम ओवरों में योगदान दे सकते हैं और राशिद की स्पिन बेहतर रही है। अगर नूर अहमद या एएम गजनफर सही गेंदबाजी करते हैं, तो वे बीच के ओवरों में विपक्षी टीम को धूल चटा सकते हैं। बंगलादेश को अफगानिस्तान को हराने के लिए बल्ले से अनुशासन और गेंद से सटीकता की जरूरत होगी, क्योंकि अफगानिस्तान के पास लय और स्थिरता है।

राशिद खान की टीम जानती है कि अगर वे संयम बनाये रखते है तो इस जीत के साथ उनका सुपर 4 में स्थान पक्का हो जाएगा। इस बीच, बंगलादेश को अपनी गेंदबाजी की धार फिर से तलाशनी होगी। मुस्तफिजुर रहमान और शोरफुल इस्लाम अपनी लय में आकर खतरनाक साबित हो सकते हैं, लेकिन श्रीलंका के खिलाफ वे नाकाम रहे। महेदी हसन और रिशाद हुसैन को अफगानिस्तान के आक्रामक बल्लेबाजों के खिलाफ संयम बनाए रखना होगा।

संभावित प्लेइंग 11

बंगलादेश = लिटन दास (कप्तान और विकेटकीपर), परवेज हुसैन इमोन, तंजीद हसन तमीम, तौहीद हृदोय, जेकर अली, शमीम हुसैन, महेदी हसन, रिशाद हुसैन, तंजीम हसन साकिब, शोरफुल इस्लाम और मुस्तफिजुर रहमान

अफगानिस्तान = राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), सेदिकुल्लाह अटल, इब्राहिम जादरान, गुलबदीन नाइब, अजमतुल्लाह ओमरजई, मोहम्मद नबी, करीम जनत, नूर अहमद, एएम गजनफर और फजलहक फारूकी।

योगेश कथुनिया विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपना विश्व रिकॉर्ड तोड़ने की कोशिश में

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत पहली बार विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी की तैयारी कर रहा है, ऐसे में पैरालंपिक में पुरुषों की डिस्कस थ्रो F56 स्पर्धा में रजत पदक विजेता योगेश कथुनिया पहले से कहीं अधिक दृढ़ हैं। वह 27 सितंबर से 5 अक्टूबर तक नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित इस महामुकाबले में अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़ने की कोशिश करेंगे। चैंपियनशिप का यह संस्करण ऐतिहासिक है, न केवल इसलिए कि यह पहली बार भारत और दक्षिण एशिया में इस तरह का कोई वैश्विक पैरा एथलेटिक्स आयोजन हो रहा है, बल्कि इसलिए भी कि यह योगेश को घरेलू मैदान पर खेलने का लाभ और अपने ही लोगों के सामने अपनी क्षमता का प्रदर्शन करने का मौका देता है।

योगेश के लिए यह कोई साधारण प्रतियोगिता नहीं है। उनका पूरा परिवार वहां मौजूद होगा, उनका उत्साहवर्धन करेगा, हर टॉस और हर सांस का साक्षी होगा। स्टैंड में प्रियजनों का होना भावनात्मक समर्थन से कहीं अधिक मायने रखता है, यह वह उत्साह है जो दबाव को शक्ति में बदल देता है। भारतीय पैरालंपिक समिति (PCI) की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, योगेश ने कहा, 'घरेलू धरती पर विश्व चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा करना जीवन में एक बार मिलने वाला अनुभव है। यह जानना कि मेरा परिवार स्टैंड में होगा, मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए अतिरिक्त प्रेरणा देता है।'

टोक्यो 2020 पैरालिंपिक में क्लF56 डिस्कस थ्रो स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाले योगेश इस चैंपियनशिप में एक स्पष्ट लक्ष्य के साथ उतर रहे हैं और वह यह अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़ना। वह कड़ी मेहनत कर रहे हैं, अपनी तकनीक को निखार रहे हैं, अपने थ्रो को और बेहतर बना रहे हैं और इस घरेलू प्रतियोगिता में, वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'मेरा लक्ष्य दिल्ली में अपना विश्व रिकॉर्ड तोड़ना है। मैं ब्राजील के मजबूत थ्रोअर बतिस्ता डॉस सैंटोस के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने के लिए उत्सुक हूँ, यह एक बड़ी चुनौती है।'

पाक के खिलाफ पहली ही गेंद पर विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बने पांड्या

दुबई (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने यहां एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में एक बड़ा रिकार्ड अपने नाम किया है। हार्दिक ने मुकाबले की पहली ही गेंद पर पाक बल्लेबाज को आउट कर एक अहम उपलब्धि अपने नाम की।

हार्दिक ने सैम अयूब को आउट कर इतिहास रच दिया क्योंकि यह पहली बार था जब किसी भारतीय गेंदबाज ने पाकिस्तान के खिलाफ टी20 मैच की पहली गेंद पर विकेट लिया। पांड्या अब टी20 में पाक के खिलाफ मैच की पहली गेंद पर विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बने हैं। इससे पहले श्रीलंका के नुवान कुलशेखरा ने साल 2009 में श्रीलंका के लिए यह रिकार्ड बनायास था। इसके अलावा जॉर्ज लिंडे ने साल 2021 में दक्षिण अफ्रीका की ओर से पहली ही गेंद पर विकेट लिया था। पाकिस्तान के खिलाफ 91 रन और 13 विकेट के साथ हार्दिक पांड्या पहले ही टी20 में भारत के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने हैं।

बुमराह टी20 में चौथे सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बने, भुवनेश्वर को पीछे छोड़ा

दुबई (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने यहां पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप मुकाबले में दो विकेट लेने के साथ ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम कर ली है। इसी के साथ ही = बुमराह ने टी20आई क्रिकेट में भुवनेश्वर कुमार का सबसे अधिक विकेट लेने का रिकार्ड तोड़ दिया। बुमराह ने 4 ओवर में 28 रन देकर दो विकेट लिए। इसी के साथ ही अब बुमराह के 72 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 17.67 की औसत और 6.29 की शानदार इकॉनमी रेट के साथ ही 92 विकेट हो गये हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सात रन देकर तीन विकेट है। इसी के साथ ही उन्होंने भुवनेश्वर के

87 मैचों में 90 विकेट के रिकार्ड को पीछे छोड़ दिया है। बुमराह के आगे अब हार्दिक पांड्या 116 मैचों में 95 विकेट, स्पिनर युजवेंद्र चहल 80 मैचों में 96 विकेट और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह 63 मैचों में 99 विकेट हैं। बुमराह के अलावा कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने पाकिस्तान के खिलाफ 18 रन देकर तीन विकेट लेने के साथ ही स्पिनर अक्षर पटेल और रविचंद्रन अश्विन को भी पीछे छोड़ दिया। इस प्रकार कुलदीप टी20आई में भारत की ओर से सबसे अधिक विकेट लेने वाले छठे गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने 42 मैचों में 13.10 की औसत और 6.66 की इकॉनमी रेट से 76 विकेट लिए हैं, जिसमें 5/17 का सर्वश्रेष्ठ स्पेल भी शामिल है। अब पाकिस्तान के खिलाफ आठ अंतरराष्ट्रीय मैचों में उन्होंने 8 मैचों में 12.66 की औसत और 5/25 के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ 18 विकेट लिए हैं। वहीं अक्षर ने इस मैच में दो विकेट लेकर आर अश्विन को पीछे छोड़ दिया। उन्होंने 73 मैचों में 21.64 की औसत और 3/9 के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ 74 विकेट लिए हैं। अक्षर ने इस मैच में अपने 200 अंतरराष्ट्रीय विकेट भी पूरे किए।

पीसीबी ने आईसीसी से मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट को हटाने की मांग की, एशिया कप से हटने की धमकी दी

दुबई । पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने एशिया कप में भारतीय टीम के खिलाफ हुए मैच के बाद मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट हो हटाने की मांग की है। पीसीबी ने कहा है कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो वह एशिया कप से हट जाएगी। पीसीबी ने मैच रैफरी पाइक्रॉफ्ट पर आईसीसी आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। पाक टीम को भारतीय टीम के खिलाफ मुकाबले में सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में भारतीय खिलाड़ियों ने पाक टीम से हाथ नहीं मिलाया था। इस कारण पाक टीम बौखलायी है। पाक बोर्ड ने इससे उसके खिलाड़ियों का अपमान बताया है। इस मामले में पहले तो पीसीबी ने मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट से ही भारतीय टीम की शिकायत की। वहीं अब उसी रैफरी को हटाने की मांग अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से शिकायत कर दी है। पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा कि पीसीबी ने मैच रेफरी की आईसीसी आचार संहिता उल्लंघन को लेकर में शिकायत दर्ज कराई है उसका आरोप है कि रैफरी ने दोनों कप्तानों को टॉस के समय हाथ न मिलाने के लिए कहा।

पाक के खिलाफ टी20 में जीत दिलाने वाले तीसरे कप्तान बने सूर्यकुमार

दुबई । भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान . सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप मुकाबले में जीत के साथ ही एक नया रिकार्ड अपने नाम किया है। सूर्यकुमार की कप्तानी में भारतीय टीम ने पाक के खिलाफ पहले ही मैच में 7 विकेट से दूसरी जीत हासिल की है। इसी के साथ ही सूर्या पाकिस्तान के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच जीतने वाले तीसरे भारतीय कप्तान बन गए हैं। इस प्रकार वह रोहित शर्मा और महेंद्र सिंह धोनी के एलीट क्लब में शामिल हो गये। सूर्यकुमार पाक के खिलाफ पहली बार टी20 में बतौर कप्तान उतरे थे। सूर्या से पहले दिग्गज कप्तान महेंद्र धोनी और रोहित की कप्तानी में भारत ने पाकिस्तान को हराया था।

अगस्त महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए मोहम्मद सिराज

दुबई । भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट में शानदार प्रदर्शन के लिए सोमवार को अगस्त महीने का आईसीसी का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। आयरलैंड की महिला खिलाड़ी ओर्ला प्रेंडरगैस्ट को भी सिराज के साथ महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। सिराज ने इंग्लैंड के खिलाफ ओवल में खेले गए पांचवें टेस्ट मैच के अंतिम दिन शानदार प्रदर्शन किया जिससे भारत ने यह मैच छह रन से जीत कर श्रृंखला बराबर कराई। इस भारतीय तेज गेंदबाज ने कहा, 'आईसीसी का महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना जाना मेरे लिए विशेष सम्मान की बात है। एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी एक यादगार श्रृंखला थी और यह उन सबसे रोमांचक मुकाबलों में से एक थी जिनका मैं हिस्सा रहा हूं।' सिराज ने कहा, 'मुझे गर्व है कि मैं कुछ महत्वपूर्ण स्पैल में योगदान दे सका, खासकर निर्णायक क्षणों में। शीर्ष बल्लेबाजी क्रम के खिलाफ उनकी घरेलू परिस्थितियों में गेंदबाजी करना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन इसने मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।'

भारतीय टीम के हाथ नहीं मिलाने से भड़का पीसीबी

-खेल भावना के खिलाफ बताया, आईसीसी से की शिकायत

हांगकांग (एजेंसी)। दुबई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम ने यहां हुए एशिया कप 2025 मैच में पाकिस्तान टीम को एकतरफा मुकाबले में सात विकेट से हराने के बाद उससे हाथ भी नहीं मिलाया जिससे पाक बोखलाया हुआ है। इस प्रकार भारतीय टीम ने पाक को एक कड़ा संदेश भी दिया है कि आतंकवाद सहन नहीं किया जाएगा। इस मैच के दौरान कई अवसरों पर पाक खिलाड़ियों ने हाथ मिलाने और खेल भावना दिखाने के प्रयास किये पर भारतीय टीम ने उसे अनदेखा कर दिया। इसी कारण टॉस के समय ही कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाक कप्तान सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाया। पूरे मैच में भारतीय खिलाड़ियों ने पाक से दूरी बनाये रखी। वहीं भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार और शिवम दुबे विजयी शॉट लगाकर पाक खिलाड़ियों को नजरअंदाज करते हुए बिना हाथ मिलाये ही सीधे सीधे ड्रेसिंग रूम की ओर बढ़ गए। इससे पाक खिलाड़ी उन्हें जीत के बाद वापस जाते हुए देखते रहे। इस मामले को पाक बोर्ड पीसीबी ने अपने खिलाड़ियों की बेइज्जती मानते हुए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से भी शिकायत की है। पीसीबी के टीम मैनेजर ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) और भारतीय टीम के रवैये पर नाराजगी जतायी है। वहीं भारतीय टीम का इस प्रकार का व्यवहार स्वाभाविक था क्योंकि मैच से पहले ही टीम पाक की आतंक घटनाओं से रोष में थी पर उसने तय किया था कि पाक खिलाड़ियों से कोई हाथ नहीं मिलाएगा। यह कदम पहलगाम

आतंकी हमले में शहीदों को श्रद्धांजलि और पाकिस्तान को करारा जवाब देने के तौर पर लिया गया। मैच के बाद कप्तान सूर्यकुमार ने पत्रकार वार्ता में ये जीत ÷पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों÷ को समर्पित की और सशस्त्र बलों के ऑपरेशन सिंदूर के लिए आभार जताया। वहीं पाक के पूर्व क्रिकेटरों ने इस मामले में नाराजगी जतायी है। उसके पूर्व क्रिकेटरों बासित अली, कामरान अकमल और राशिद लतीफ ने भारतीय टीम के इस कदम को ÷क्रिकेट भावना के खिलाफ÷ बताया है। राशिद लतीफ ने कहा कि आईसीसी को ये मामला क्यों नहीं दिख रहा है। वहीं भारत में सभी ने टीम के इस रवैये को सही करार देते हुए कहा कि क्रिकेट खेलना अलग बात है पर आतंक घटनाओं में शामिल देश के खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया जा सकता है।

सूर्यकुमार ने पहलगाम हमले के पीड़ितों और सेना को समर्पित की जीत

दुबई । भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ मिली जीत को सेना और पहलगाम हमले के पीड़ितों को समर्पित करते हुए कहा है कि हम पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं। इस मैच में भारतीय टीम के सामने पाकिस्तान टीम टिक नहीं पायी और उसे एकतरफा मुकाबले में करारी हार का सामना करना पड़ा। भारतीय स्पिनरों कुलदीप यादव ,अक्षर पटेल और वरूण चक्रवर्ती के सामने पाक के बल्लेबाज बेबस नजर आये और पूरी टीम नौ विकेट पर 127 रन ही बना पायी। वहीं इसके बाद भारतीय टीम ने 15.5 ओवर में ही जीत दर्ज कर ली। सूर्यकुमार ने छक्का लगाकर भारतीय टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। अभिषेक शर्मा ने पाक टीम के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी को जमकर पीटा और 12 गेंद में ही 31 रन बनाये। वहीं कप्तान सूर्यकुमार ने 37 गेंद में नाबाद 47 रन बनाये। सूर्यकुमार ने कहा, '' यह जीत सुखद अहसास है। मैं हमेशा कोशिश करता हूं कि अंत तक क्रीज पर बना रहूं और आज मैच समाप्त कर खुश हूं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ खेलना भी किसी अन्य प्रतिद्वंद्वी की तरह ही है। अंत में सूर्यकुमार ने कहा, ''हम पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों के परिवारों के साथ खड़े हैं। हम अपनी एकजुटता व्यक्त करते हैं और हम आज की जीत को पीड़ितों और सशस्त्र बलों को समर्पित करना चाहते हैं।

अब लिवरपूल की ओर से खेलेंगे फॉरवर्ड ह्यूगो

लंदन । फ्रांसीसी फॉरवर्ड ह्यूगो एकिटिके अब फुटबॉल क्लब लिवरपूल की ओर से खेलते हुए नजर आयेंगे। प्रीमियर लीग विजेता लीवरपूल ने आइंट्राख्ट फ्रैंकफर्ट के स्ट्राइकर एकिटिके से करार किया है। यह सौदा करीब 79 मिलियन पाउंड में हुआ। लिवरपूल ने इस फैसले की घोषणा सोशल मीडिया पर की और कहा कि उसने फ्रैंकफर्ट के फॉरवर्ड एकिटिके के ट्रांसफर के लिए एक करार किया है। क्लब ने कहा कि एकिटिके मेडिकल टेस्ट में पास हो गये हैं और लिवरपूल के साथ व्यक्तिगत शर्तों पर भी वह तैयार हैं। अब वह इस सप्ताह के अंत में एशिया के प्री-सीजन दौरे पर हांगकांग जा सकेंगे। लिवरपूल के नए मैनेजर आर्ने स्लॉट के अनुसार ये चौथा बड़ा ट्रांसफर है। इससे पहले क्लब ने फ्लोरियन विर्ट्ज को करीब 110 मिलियन पाउंड में खरीदा था। उनके अलावा डिफेंडर मिलोस केरकेज और जरेमी फ्रिमपोंग से भी करार किया। फ्रांसीसी फॉरवर्ड ह्यूगो एकिटिके, किसी भी पोजीशन पर खेल सकते हैं। उन्होंने पिछले सीजन में 48 मैचों में 22 गोल किए और एक दर्जन से अधिक गोलों में सहायोग दिया। लिवरपूल ने इस ट्रांसफर विंडो में अब तक 250 मिलियन पाउंड से ज्यादा खर्च कर दिए हैं। वहीं डार्विन नुनेज के भी क्लब छोड़ने की संभावना है। इसके अलावा फेडेरिको कियेसा को टीम के एशिया टूर के प्री-सीजन स्क्वाड में शामिल नहीं किया गया, जिससे यह संकेत मिलता है कि वह भी क्लब से बाहर जा सकते हैं। कुछ दिन पहले लिवरपूल ने यह ऐलान किया कि उन्होंने कई मजबूत दावेदारों को पीछे छोड़ते हुए एकिटिके के ट्रांसफर पर समझौता कर लिया है। सोमवार को क्लब की ओर से जारी बयान में कहा गया, रेड्स और जर्मन टीम ने एक ट्रांसफर डील की, जिसकी कीमत 6.9 करोड़ पाउंड और 1 करोड़ पाउंड अतिरिक्त होने की बात कही जा रही है। 23 वर्षीय फ्रांसीसी खिलाड़ी एकिटिके मेडिकल जांच कराने और मैनेजर आर्ने स्लॉट की टीम के साथ लंबे समय के कॉन्ट्रैक्ट को अंतिम रूप देने के लिए मर्सीसाइड पहुंच गए। वहीं इससे पहले शनिवार को फ्रैंकफर्ट के प्री-सीजन मैत्री मैच में एकिटिके बेंच पर रहे और मैदान में नहीं उतरे, क्योंकि उनके भविष्य को लेकर बातचीत जारी थी।

भारतीय टेनिस की मदद के लिए सिर्फ पद पर काबिज होना ही एकमात्र रास्ता नहीं है: सानिया

दुबई (एजेंसी)। राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम के अनुसार देश के प्रत्येक खेल महासंघ की 15 सदस्यीय कार्यकारी समिति में चार महिलाओं का होना अनिवार्य है लेकिन दिग्गज खिलाड़ी सानिया मिर्जा का मानना ??है कि युवा प्रतिभाओं को तराशने में उनकी भूमिका अखिल भारतीय टेनिस संघ (ढ्ढञ्ज) में एक पद से कहीं अधिक है। खेलों में भारतीय महिलाओं के लिए पथ प्रदर्शक रहीं सानिया ने अपने दुबई स्थित आवास से पीटीआई से कई मुद्दों पर बात की जिनमें टेनिस में वेतन समानता से लेकर स्विट्जरलैंड के खिलाफ भारत की डेविस कप जीत शामिल रहीं जबकि उन्होंने 16 साल की माया राजेश्वरन रेवती की विशेष प्रतिभा पर भी बात की है।

यह पूछे जाने पर कि क्या वह निकट भविष्य में खेल प्रशासन में दिखाई दे सकती हैं तो सानिया ने इसमें ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखाई। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं पता कि मदद करने के लिए उस शक्तिशाली पद पर होना ही एकमात्र तरीका है। ईमानदारी से कहूं तो मेरा यही जवाब है। अगर मुझे मौका मिले तो क्या मैं कर पाऊंगी, तो क्या मैं उस पद पर रहकर और योगदान दे पाऊंगी तो मैं ऐसा करना पसंद करूंगी। लेकिन क्या मैं इसका लक्ष्य बना रही हूं तो मेरा जवाब है, नहीं। क्योंकि यह मेरा लक्ष्य नहीं है।'

सानिया के लिए भारतीय टेनिस की अगली पीढ़ी के स्तर को बढ़ाने में मदद करने के लिए कोई पद पर बैठना जरूरी नहीं है। उन्होंने कहा, ''मेरा लक्ष्य युवा पीढ़ी के ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ियों और विशेषकर युवा लड़कियों की मदद करना है क्योंकि मुझे लगता है कि उनके पास ज्यादा आदर्श नहीं हैं जिनसे वे प्रेरणा ले सकें।' सानिया ने कहा, 'मैं अपने अनुभव साझा करना चाहती हूं। और अगर मुझे इसके लिए किसी तंत्र में शामिल होने का मौका मिलता है और इससे मुझे सिर्फ फोन पर बात करने या कोर्ट पर उनकी मदद करने या किसी भी तरह की अन्य चीज से ज्यादा मौके मिलते है तो मुझे ऐसा करने में खुशी होगी।' उन्होंने कहा, 'लेकिन मेरा फोकस इस पर नहीं है। यह मेरा लक्ष्य नहीं है।'

सानिया के बाद भारत में महिला टेनिस में कौन उभरती हुई प्रतिभा है , यह पूछने पर उन्होंने माया राजेश्वरन रेवती का नाम लिया । माया स्पेन में राफेल नडाल अकादमी में ट्रेनिंग लेती हैं। सानिया ने कहा, 'माया में काफी प्रतिभा है। मेरे बाद कौन आएगा, यह ऐसा सवाल है जिससे हम शायद पिछले 25 साल से जूझ रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'तो एक 15-16 साल की युवा खिलाड़ी को आगे बढ़ते हुए देखना और अपने आयु वर्ग के ऊपर वर्गों में भी अपनी पकड़ बनाए रखते हुए देखना अच्छा लगता है।'

एकल में पूर्व 27वें नंबर की खिलाड़ी सानिया ने स्विट्जरलैंड के खिलाफ डेविस कप मुकाबला जीतने के लिए भारतीय पुरुष टीम की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, 'डेविस कप टीम तारीफ की हकदार है जिसने यूरोप में शायद 31 या 32 साल बाद स्विट्जरलैंड को हराकर एक यूरोपीय टीम के खिलाफ पहली बार जीत हासिल की है। सुमित नागल ने अच्छा नेतृत्व किया और पिछले डेढ़ साल में एक तरह से शानदार वापसी की है।'

नागल के बारे में बात करते हुए सानिया ने कहा कि भारत का शीर्ष एकल खिलाड़ी अभी 28 साल का है। उन्होंने कहा, 'लेकिन यह खिलाड़ी अब उतना युवा नहीं है। ये खिलाड़ी

28, 29, 30 साल के हैं। और टेनिस के लिहाज से ये इतने युवा नहीं हैं। यही सच है। लेकिन सुमित ने पिछले कुछ सालों से अकेले ही अविश्वसनीय काम किया है और डेविस कप में भी जीत हासिल की है।'

जहां तक युवा दक्षिणेश्वर सुरेश की बात है तो सानिया अभी थोड़ा और इंतजार करना चाहती हैं। ग्रैंडस्लैम प्रतियोगिताओं में पुरुषों और महिलाओं के लिए पुरस्कार राशि समान होती है लेकिन सानिया आने वाले दिनों में अन्य टूर्नामेंट के वेतन में और समानता देखना चाहती हैं। उन्होंने कहा, 'महिला और पुरुष टेनिस खिलाड़ी बराबर पैसा कमाते हैं, असल में यह एक मिथक है। हां, ग्रैंडस्लैम में दोनों बराबर पैसा कमाते हैं। लेकिन इसके अलावा शायद एक-दो टूर्नामेंट में ही ऐसा होता है। लेकिन ज्यादा टूर्नामेंट में ऐसा नहीं है।' सानिया ने कहा, 'मुझे लगता है कि आज के जमाने में बराबर इनामी राशि होना चर्चा का विषय भी नहीं होना चाहिए क्योंकि इसमें जो मेहनत लगती है, जो खर्च होता है, वह महिला और पुरुष दोनों के लिए एक जैसा है।'

16-17 सितंबर को होने वाली बैठक में तय होगा सोने का भविष्य...गिरेगा या फिर और बढ़ेगा

नई दिल्ली

सोने की कीमतों पर अमेरिका की फेडरल रिजर्व (यूएस फेड) की 16-17 सितंबर को होने वाली नीतिगत बैठक का गहरा असर पड़ने की उम्मीद है। बाजार और निवेशकों की नजर बैठक पर टिकी है क्योंकि फेडरल रिजर्व ब्याज दरों को लेकर एक बड़ा फैसला ले सकता है। अगर फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में कड़ा फैसला लेता है, यानी उन्हें बढ़ाता है, तब सोने की कीमतों में 30,000 से 35,000 तक की बड़ी गिरावट देखने को मिल सकती है। पिछले चार हफ्तों में सोने की कीमतों में 10 प्रतिशत से ज़्यादा की बढ़ोतरी हुई है, लेकिन फेड की बैठक से पहले निवेशक सतर्क हो गए हैं। वे ऊंचे स्तर पर नए सौदे करने से बच रहे हैं। क्योंकि अगर फेड की होने वाली बैठक में ब्याज दरों में बढ़ोत्तरी होती हैं तब सोने की कीमत में बड़ी गिरावट हो सकती है। ऐसा होने पर निवेशकों को भारी नुकसान उठना पड़ सकता है। हाल ही में सोने के दाम बढ़ने के कई कारण हैं, जिसमें वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता, रूस-यूक्रेन युद्ध और पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव शामिल हैं। इन कारणों से सोने को एक सुरक्षित निवेश विकल्प के रूप में देखा जा रहा है। इस वजह से दुनियाभर के निवेशक पीली धातु में जमकर पैसा लगा रहे थे क्योंकि रुस-यूक्रेन जंग के बाद से दुनिया में जारी जंग और तनाव के मौहाल में सोना सबसे सुरक्षित निवेश बना हुआ है। वहीं बाजार जानकारों के अनुसार, अमेरिका द्वारा भारतीय सोने पर लगाए गए 50 प्रतिशत आयात शुल्क ने भी कीमतों को बढ़ाने में भूमिका निभाई है। बाजार जानकार का कहना है कि अब सोने की दिशा

पूरी तरह से फेड की बैठक के नतीजों पर निर्भर करेगी अगर फेड ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करता, तब सोने की चाल स्थिर रह सकती है। अगर फेड दरों में कटौती करता है, तब सोने की कीमतें और बढ़ सकती हैं।

बीमा सेक्टर में 100 फीसदी एफडीआई का प्रस्ताव शीतकालीन सत्र में हो सकता है पेश

नई दिल्ली

वित्त मंत्रीमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि बीमा सेक्टर में 100 फीसदी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की अनुमति देने वाला बीमा संशोधन विधेयक संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में पेश किया जा सकता है। संसद का शीतकालीन सत्र आमतौर पर नवंबर के आखिर में शुरू होता है। बता दें वित्त मंत्री ने इस साल के बजट भाषण में नई पीढ़ी के फाइनैंशियल सेक्टर सुधारों के तहत बीमा सेक्टर में विदेशी निवेश की सीमा को मौजूदा के 74 फीसदी से बढ़ाकर 100 फीसदी करने का प्रस्ताव रखा था। उन्होंने कहा कि यह बढ़ी हुई सीमा उन कंपनियों के लिए उपलब्ध होगी जो अपना पूरा प्रीमियम भारत में निवेश करती हैं। विदेशी निवेश से जुड़ी मौजूदा सुरक्षा और शर्तों की समीक्षा की जाएगी और उन्हें सरल बनाया जाएगा।अब तक बीमा सेक्टर ने एफडीआई के जरिए 82,000 करोड़ रुपए आकर्षित किए हैं। वित्त मंत्रालय ने बीमा अधिनियम में संशोधन का प्रस्ताव रखा है, जिसमें बीमा सेक्टर में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को बढ़ाकर 100 फीसदी करना, चुकता पूंजी में कमी और एक समग्र लाइसेंस का प्रावधान शामिल है। एक व्यापक विधायी प्रक्रिया के तहत, जीवन बीमा निगम और बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण में बीमा अधिनियम-1938 के साथ-साथ संशोधन किया जाएगा। एलआईसी अधिनियम में संशोधनों का प्रस्ताव है कि इसके बोर्ड को शाखा विस्तार और भर्ती जैसे परिचालन संबंधी निर्णय लेने का अधिकार दिया जाए।प्रस्तावित संशोधन मुख्य रूप से पॉलिसीधारकों के हितों को बढ़ावा देने, उनकी वित्तीय सुरक्षा बढ़ाने और बीमा बाजार में ज्यादा कंपनियों के प्रवेश को सुगम बनाने पर केंद्रित हैं, जिससे आर्थिक वृद्धि और रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा। ऐसे बदलाव बीमा उद्योग की दक्षता बढ़ाने, कारोबार सुगमता और 2047 तक सभी के लिए बीमा के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बीमा की पहुंच बढ़ाने में मदद करेंगे। 1938 का बीमा अधिनियम भारत में बीमा के लिए विधायी ढांचा प्रदान करने वाला प्रमुख अधिनियम है। यह बीमा कारोबार के कामकाज के लिए रूपरेखा प्रदान करता है और बीमाकर्ता, उसके पॉलिसीधारकों, शेयरधारकों और नियामक इरडा के बीच संबंधों को नियंत्रित करता है।

नया प्रस्ताव: दो दशक तक डेटा सेंटर डेवलपर्स को मिलेगी कर में छूट

नई दिल्ली

सरकारी नियम और गाइडलाइन को फॉलो करने वाले देश दुनिया के तमाम डेटा सेंटर डेवलपरों को दो दशक तक टैक्स में छूट देने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। मसौदे के अनुसार इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय नए डेटा सेंटर के निर्माण, हीटिंग, वेंटिलेशन और एयर कंडीशनिंग के लिए उपकरणों और डेटा सेंटर में चलने वाले बिजली के अन्य सिस्टमों जैसी पूंजीगत संपत्तियों पर लगने वाले वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) पर इनपुट टैक्स क्रेडिट देने का अनुरोध वित्त मंत्रालय से कर सकता है। 2025 की डेटा सेंटर नीति के मसौदे के अनुसार कम से कम 100 मेगावाट क्षमता वाले डेटा सेंटर चलाने वाले या भारतीय कंपनियों से उन्हें पट्टे पर लेने वाली विदेशी कंपनियों को भी स्थायी प्रतिष्ठान का दर्जा दिया जा सकता है। इसके लिए जल्द ही दिशानिर्देश तैयार होने की उम्मीद है।मसौदे में प्रस्ताव है कि राज्यों को डेटा सेंटर का बुनियादी ढांचा तैयार करने के लिए औद्योगिक गलियारों, आईटी हब या विनिर्माण क्लस्टरों के पास जमीन मुहैया करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इस जमीन पर भी ऐसे केंद्रों के लिए खास क्षेत्र तय किए जाएंगे। नई नीति के मसौदे में यह भी कहा गया है कि आईटी मंत्रालय को बिजली मंत्रालय, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण, सेंट्रल ट्रांसमिशन यूटिलिटी ऑफ इंडिया तथा अन्य प्रमुख सरकारी संस्थाओं के साथ तालमेल बिठाकर डेटा सेंटरों के लिए बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करनी चाहिए। उक्त अधिकारी ने कहा, बिजली की उपलब्धता डेटा सेंटरों की प्रमुख मांगों में है।

हमारे लिए जरूरी है कि नए डेटा सेंटरों को अक्षय ऊर्जा का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। हमने नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग और भंडारण के लिए समान दिशा निर्देश जैसे कुछ बदलाव प्रस्तावित किए हैं तथा डेटा सेंटर पार्कों के पास छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों को प्रोत्साहन देने का भी विचार है।

नई नीति में कहा गया है कि इसका लाभ लेने की पात्र कंपनियों को उसी शहर में या किसी नई जगह नया आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) डेवलपमेंट या मॉडलिंग सेंटर या ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) स्थापित करने का हौसला मिल सकता है। नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर एक अधिकारी ने कहा, इससे महानगरों में ही नहीं बल्कि छोटे-मझोले शहरों और कस्बों में भी एआई तथा मशीन लर्निंग, क्लाउड कंप्यूटिंग, साइबर सुरक्षा जैसी उन्नत प्रौद्योगिकी में नया रोजगार आएगा।

एनपीसीआई ने पी2एम लेन-देन करने यूपीआई सीमा 10 लाख रुपए प्रतिदिन की

मुंबई

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने पर्सन-टू-मर्चेंट (पी2एम) भुगतानों के लिए यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) लेनदेन सीमा को बढ़ाकर 10 लाख रुपए प्रतिदिन कर दिया है। यह नई सीमा सोमवार से लागू हो गई है। इस कदम का उद्देश्य प्रमुख क्षेत्रों में बड़े भुगतानों को सुगम बनाना और उच्च-मूल्य वाले क्षेत्रों में डिजिटल अपनाने को बढ़ावा देना है। हालांकि एनपीसीआई ने पर्सन-टू-पर्सन (पी2पी) सीमा को एक लाख रुपए प्रतिदिन पर बनाए रखा है।इससे पहले बड़े लेनदेन करने वाले यूजर्स को लिमिट का सामना करना पड़ता था, जिससे उन्हें भुगतान टुकड़ों में या चेक और बैंक ट्रांसफर जैसे पारंपरिक तरीकों पर लौटने के लिए मजबूर होना पड़ता था। नए फ्रेमवर्क के तहत कैपिटल मार्केट और इंश्योरेंस पेमेंट के लिए प्रति लेनदेन सीमा दो लाख रुपए से बढ़ाकर पांच लाख रुपए कर दी है, जबकि दैनिक सीमा 10 लाख रुपए है। सरकारी ई-मार्केटप्लेस लेनदेन की सीमा एक लाख रुपए से बढ़ाकर पांच लाख रुपए प्रति लेनदेन कर दी गई है। यात्रा बुकिंग, ऋण चुकाना और ईएमआई संग्रह के लिए प्रति लेनदेन सीमा भी एक लाख से बढ़ाकर पांच लाख रुपए कर दी गई है।क्रेडिट कार्ड बिल भुगतान के लिए भी एक ही लेनदेन में पांच लाख रुपए तक की अनुमति है, हालांकि 24 घंटे की सीमा 6 लाख रुपए तय की गई है। ऋण और ईएमआई के लिए यूजर्स अब प्रति लेनदेन पांच लाख रुपए का भुगतान कर सकते हैं ।

विदेशी संस्थागत निवेशक निकाल रहे भारत से पैसा....चीन और जापान में निवेश

नई दिल्ली

विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआईएस) लगातार भारतीय शेयर बाजार से पैसा निकाल रहे हैं और बिकवाली का स्तर करीब रिकॉर्ड तक पहुंच गया है। जानकार का कहना है कि इसका बड़ा हिस्सा चीन और अन्य एशियाई बाजारों में जा रहा है, जहां वैल्यूएशन भारत की तुलना में सस्ता है और इस साल का प्रदर्शन भी बेहतर रहा है।विश्लेषकों के मुताबिक भारतीय बाजार को हमेशा प्रीमियम मिला है लेकिन हाल की कमजोर तिमाही नतीजों और सुस्त अर्निंग ग्रोथ ने विदेशी निवेशकों का भरोसा तोड़ा। इसके उलट घरेलू संस्थागत निवेशक (डीआईआईएस) लगातार खरीदारी कर रहे हैं। उम्मीद है कि अगर आने वाले महीनों में अर्निंग्स में सुधार होता है, तब एफआईआई निवेश फिर से लौट सकता है।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय आयात पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने और कंपनियों के निराशाजनक रिजल्ट्स ने विदेशी निवेशकों की धारणा को कमजोर किया है। सर्वे के अनुसार, 30 प्रतिशत ग्लोबल फंड मैनेजर्स फिलहाल भारत को अंडरवेट मान रहे हैं,

जबकि जापान और चीन उनकी नई पसंद बने हुए हैं। सिर्फ जुलाई में ही विदेशी निवेशकों ने भारतीय टेक शेयरों से करीब 20,000

करोड़ की हिस्सेदारी घटाई। आईटी कंपनियों के कमजोर आउटलुक, डॉलर की मजबूती और ऊंची बॉन्ड यील्ड्स ने मिलकर बाजार पर दबाव बढ़ाया है। नतीजतन, बीते डेढ़ महीने में भारत ने अपने एशियाई साथियों की तुलना में कमजोर प्रदर्शन किया है।

सैमसंग का नया गैलेक्सी एस25 एफई लॉन्च

नई दिल्ली सैमसंग का नया गैलेक्सी एस25 एफई भारत में लॉन्च हो चुका है। अब टिप्स्टर योगेश ब्रार ने दावा किया है कि इसका शुरुआती वेरिएंट 59,999 रुपये में आ सकता है। सैमसंग गैलेक्सी एस25 एफई में 6.7-इंच एफएचडी प्लस डायनामिक अमोलेड 2एक्स डिस्प्ले है, जो 120 एचझेड रिफ्रेश रेट और विजन बुस्टर टेक्नोलॉजी के साथ आता है। फोन में 50एमपी ओआईएस मेन कैमरा, 12एमपी अल्ट्रा-वाइड और 8एमपी टेलीफोटो लेंस दिया गया है। सेल्फी के लिए इसमें 12एमपी फ्रंट कैमरा मौजूद है। यह स्मार्टफोन सैमसंग के एक्सीनोस 2400 चिपसेट से लैस है, जो 4 एनएम फैब्रिकेशन पर आधारित डेका-कोर प्रोसेसर है। इसमें 8जीबी रैम और 128जीबी, 256जीबी तथा 512 जीबी तक स्टोरेज विकल्प मिलेंगे। यह फोन अरमोर एल्यूमिनियम फ्रेम और आईपी68 रेटिंग के साथ आता है, यानी यह डस्ट और वॉटर रेजिस्टेंट है। इस फोन का मुकाबला भारत में आईक्यूओ 13, वनप्लस 13 और गूगल पिक्सल 9 प्रो जैसे फ्लैगशिप डिवाइस से होगा। बैटरी 4,900 एमएएच की है, जो 45वॉट फास्ट चार्जिंग और वायरलेस चार्जिंग दोनों सपोर्ट करती है। गैलेक्सी एस25 एफई एंड्राएड 16 आधारित वन यूआई 8 पर चलता है।

केआरबीएल ने किया अपने शेयरधारकों को 3.5 रुपए प्रति शेयर डिविडेंड देने का ऐलान

नई दिल्ली एग्रीकल्चर प्रोडक्ट सेक्टर की दिग्गज कंपनी केआरबीएल लिमिटेड ने वित्त वर्ष 31 मार्च 2025 को खत्म होने पर अपने शेयरधारकों के लिए फाइनल डिविडेंड 3.5 रुपए प्रति शेयर देने का ऐलान किया है। कंपनी का मार्केट कैप करीब 10,165 करोड़ रुपए है। कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज को बताया कि 17 सितंबर बुधवार को रिकॉर्ड डेट तय की है। इसका मतलब है कि इस दिन जिन निवेशकों के पास कंपनी के शेयर होंगे, वही फाइनल डिविडेंड पाने के हकदार होंगे। कंपनी का फेस वैल्यू 1 रुपए प्रति शेयर है और उस पर 350 फीसदी यानी 3.5 रुपए प्रति शेयर का डिविडेंड घोषित किया गया है।केआरबीएल लिमिटेड लगातार अपने निवेशकों को डिविडेंड देती रही है। पिछले साल कंपनी ने 4 रुपए प्रति शेयर का डिविडेंड घोषित किया था। उससे पहले 2023 में 1 रुपए प्रति शेयर का डिविडेंड और शेयर बायबैक किया था। वहीं, 2022 में भी कंपनी ने 3.5 रुपए प्रति शेयर का फाइनल डिविडेंड दिया था। बता दें शुक्रवार को बीएसई पर केआरबीएल का शेयर 0.7 फीसदी या 3.05 रुपए गिरकर 444.10 रुपए पर बंद हुआ, जबकि पिछले कारोबारी दिन यह 447.15 रुपए पर बंद हुआ था।

सोने में गिरावट, चांदी कमजोर शुरुआत के बाद उछली

नई दिल्ली घरेलू बाजार में सोने में गिरावट आई है। वहीं चांदी में शुरुआती गिरावट के बाद बढ़त दर्ज की गयी। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन दोनों ही कीमती धातुओं के वायदा भाव गिरावट के साथ खुले पर बाद में चांदी की कीमतें ऊपर आयीं। वहीं गत सप्ताह ही चांदी की कीमतें अपने शीर्ष स्तर पर पहुंच गयीं। घरेलू बाजार में सोने के भाव 1,09,200 रुपये, जबकि चांदी के भाव 1,29,000 रुपये पर कामकाज कर रहे थे। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी की वायदा कीमतों में गिरावट रही। सोने के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अक्टूबर अनुबंध 115 रुपये नीचे आकर 1,09,255 रुपये के भाव पर खुला। वहीं इसका पिछला बंद भाव 1,09,370 रुपये था। एक समय ये अनुबंध 131 रुपये की गिरावट के साथ 1,09,239 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 1,09,265 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 1,09,150 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर हासिल किया। सोने के वायदा भाव ने इस माह 1,09,840 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर हासिल किया।चांदी के वायदा भाव की शुरुआत कमजोर रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क दिसंबर अनुबंध 1,717 रुपये की गिरावट के साथ 1,27,121 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 1,28,838 रुपये था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोमवार को सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत नरमी के साथ हुई कॉमेक्स पर सोना 3,6780.20 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला क्लोजिंग प्राइस 3,686.40 डॉलर प्रति औंस था। खबर लिखे जाने के समय यह 6.90 डॉलर की गिरावट के साथ 3,679.50 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के भाव ने 3,715 डॉलर के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था।

शेयर बाजार गिरावट पर बंद

मुंबई

भारतीय शेयर बाजार सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन एशियाई बाजारों से मिले-जुले संकेतों के बीच ही बाजार नीचे आया। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 118.96 अंक टूटकर 81,785.74 और 50 शेयरों वाला एनएसइ निफ्टी 44.80 अंक नीचे आकर 25,069.20 पर बंद हुआ।वहीं लार्जकैप की जगह पर मिडकैप और स्मॉलकैप में भी खरीदारी रही। निफ्टी मिडकैप इंडेक्स 258.90 अंक बढ़कर 58,486.10 और निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स 137.10 अंक ऊपर आकर 18,127 पर बंद हुआ।वहीं सेक्टोरल आधार पर देखें तो पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, मेटल, रियल्टी, एनर्जी, प्राइवेट बैंक और इन्फ्रा शेयर लाभ के साथ ही ऊपर आये जबकि ऑटो, आईटी, फार्मा, एफएमसीजी, कंजप्शन और सर्विसेज के शेयर गिरावट पर बंद हुए। सेंसेक्स पैक में बजाज फाइनेंस, अल्ट्राटेक सीमेंट, एलएंडटी, अदाणी पोर्ट्स, भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, एसबीआई, ट्रेंट और आईसीआईसीआई बैंक टॉप के शेयर लाभ में रहे जबकि एमएंडएम, एशियन पेंट्स, इन्फोसिस, टाइटन, सन फार्मा, टीसीएस, टेक महिंद्रा और टाटा स्टील के शेयरों में नुकसान हुआ। भारतीय इक्विटी बाजारों की आज मिली-जुली शुरुआत हुई थी, लेकिन अंतिम कारोबारी घंटों में बिकवाली रही। इस सप्ताह के अंत में अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीति घोषणा को लेकर भी निवेशकों ने सावधानी बरती। बाजार की आज सुबह सपाट शुरुआत हुई। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन एशियाई बाजारों से मिलेजुले संकेतों के बीच ही अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों पर फैसले से पहले निवेशकों

ने सतर्क रुख अपनाया। सेंसेक्स 20 अंक की हल्की बढ़त के साथ ही 81,925.51 अंक पर खुला। वहीं कुछ ही देर में इसमें गिरावट आने लगी। सुबह सेंसेक्स 39.76 अंक टूटकर 81,864.94 पर कारोबार कर रहा था।वहीं इसी प्रकार निफ्टी भी बढ़कर खुला पर कुछ देर बाद ही नीचे आने लगा। कुछ समय बाद ही ये 25,092 पर कारोबार कर रहा था। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती और इस महीने वस्तु एवं सेवा कर में बदलाव के बाद भी विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक ने भारतीय शेयरों में बिकवाली जारी रखी है। वहीं एशियाई बाजारों में सोमवार को मिलाजुला रुख देखने को मिला। अमेरिकी वॉल स्ट्रीट पर नैस्डैक कंपोजिट ने एक और रिकॉर्ड हाई दर्ज किया। यह लगातार दूसरे सप्ताह 2 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। एसएंडपी 500 में 1.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो अगस्त की शुरुआत के बाद से इसका बेस्ट वीकली प्रदर्शन है। जबकि डॉव में 1 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव आया

नई दिल्ली घरेलू बाजार में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव आया है। चारों महानगरों में दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये जबकि डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर है। वहीं मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये और डीजल 89.97 रुपये प्रति लीटर है। चेन्नई में पेट्रोल 100.76 रुपये और डीजल 92.35 रुपये प्रति लीटर जबकि कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये और डीजल 91.76 रुपये प्रति लीटर पर है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें पिछले कई दिनों से 67 डॉलर के आसपास बनी हुई हैं। इससे घरेलू बाजार में पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर भी प्रभाव पड़ा है तेल कंपनियों की ओर से सुबह पेट्रोल और डीजल की कीमतों में गिरावट रही। उत्तर प्रदेश में पेट्रोल की कीमतें 35 पैसे कम हुई हैं, बिहार में भी इसकी कीमतों में कमी आई है हालांकि तेल कंपनियों ने चारों महानगरों में तेल कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। तेल कंपनियों के अनुसार गौतमबुद्ध नगर जिले में पेट्रोल की कीमतें 35 पैसे कम हुई हैं और ये 94.77 रुपये लीटर जबकि डीजल 40 पैसे नीचे आकर 89 रुपये लीटर पहुंच गया है। लखनऊ में भी पेट्रोल 11 पैसे गिरावट के साथ 94.58 रुपये लीटर पहुंच गया, जबकि डीजल 13 पैसे गिरकर 87.68 रुपये लीटर बिक रहा है। दूसरी ओर बिहार में तेल की कीमतें बढ़ी हैं। बिहार की राजधानी पटना में पेट्रोल 51 पैसे बढ़त के साथ 106.11 रुपये लीटर हो गया तो डीजल 49 पैसे बढ़कर 92.32 रुपये लीटर बिक रहा है। कच्चे तेल की बात करें तो बीते 24 घंटे में इसकी कीमतें मामूली रूप से बढ़ गई हैं। ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़त के साथ 67.07 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है।

अगस्त माह में थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई दर 0.52 प्रतिशत

नई दिल्ली

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, अगस्त माह में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित महंगाई दर 0.52 प्रतिशत रही। जुलाई में यह -0.58 प्रतिशत पर थी।अगस्त में महंगाई दर सकारात्मक रहने की मुख्य वजह खाद्य पदार्थों, अन्य विनिर्मित वस्तुओं, गैर-खाद्य उत्पादों, गैर-धात्विक खनिज उत्पादों और परिवहन उपकरणों की कीमतों में बढ़ोतरी रही। जुलाई में थोक महंगाई दर घटकर माइनस 0.58 प्रतिशत पर आ गई थी, जो बीते दो साल का निम्न स्तर था। इससे पहले जून 2023 में यह माइनस 4.12 प्रतिशत रही थी। वहीं, मई 2025 में डब्ल्यूपीआई 0.39 प्रतिशत और अप्रैल 2025 में 0.85 प्रतिशत पर दर्ज हुई थी।रोजाना की जरूरत वाले सामानों (प्राइमरी आर्टिकल्स) की महंगाई माइनस 4.95 से बढ़कर माइनस 2.10 प्रतिशत हो गई। खाने-पीने की चीजों (फूड इंडेक्स) की महंगाई माइनस 2.15 से बढ़कर 0.21 प्रतिशत हो गई। फ्यूल और पावर की थोक महंगाई दर माइनस 2.43 प्रतिशत से घटकर माइनस 3.17 प्रतिशत रही। मैन्युफैक्चरिंग प्रोडक्ट्स की थोक महंगाई दर 2.05 प्रतिशत से बढ़कर 2.55 प्रतिशत रही। वहीं अगस्त में रिटेल महंगाई दर जुलाई के 1.61 प्रतिशत से थोड़ा बढ़कर 2.07 प्रतिशत पर पहुंच गई है। इसकी वजह खाने-पीने की कुछ वस्तुओं की कीमतों में हल्की बढ़ोतरी है। रिटेल महंगाई के आंकड़े 12 सितंबर को जारी हुए थे।डब्ल्यूपीआई बास्केट का सबसे बड़ा हिस्सा विनिर्मित उत्पादों का है। अगस्त में इनकी कीमतें जुलाई के मुकाबले 0.21 फीसदी बढ़ीं। खाद्य उत्पादों, वस्त्रों, विद्युत उपकरणों, अन्य परिवहन उपकरणों और मशीनरी की कीमतों में बढ़ोतरी देखी गई। वहीं, बेसिक मेटल, कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक और ऑप्टिकल प्रोडक्ट्स, परिधान, लकड़ी और उससे बने उत्पादों तथा फर्नीचर की कीमतें इस दौरान घट गईं। इसी बीच, खुदरा महंगाई दर (सीपीआई) भी अगस्त में बढ़कर 2.07 फीसदी पर पहुंच गई, जो जुलाई में 1.61 फीसदी थी।

अगस्त में मारुति सुजुकी इर्टिगा ने बाजी मारी

नई दिल्ली अगस्त 2025 में भारतीय बाजार में कार बिक्री के आंकड़े जारी हुए हैं। अगस्त महीने में बिक्री के मामले में मारुति सुजुकी इर्टिगा ने बाजी मारी। एमपीवी सेगमेंट की इस कार ने 18,365 यूनिट्स की बिक्री के साथ देश की सबसे ज्यादा बिकने वाली कार बनकर सबको पीछे छोड़ दिया।दूसरे नंबर पर मारुति सुजुकी डिजायर रही, जिसकी बिक्री 55 प्रतिशत बढ़कर 16,509 यूनिट्स रही। तीसरे पर हयूदै क्रेटा रही, हालांकि इसकी बिक्री 5 प्रतिशत घटकर 15,924 यूनिट्स रही। चौथे पर वेगनआर रही, जिसकी बिक्री 14,552 यूनिट्स रही। टॉप-5 में टाटा नेक्सान भी शामिल रही, जिसने 14,004 यूनिट्स बेचीं।

वहीं, मारुति ब्रेझा की बिक्री 29 प्रतिशत गिरकर 13,620 यूनिट्स रही। इसके अलावा बलेनो (12,549 यूनिट्स), फ्रोंक्स (12,422 यूनिट्स) और स्वीफ्ट (12,385 यूनिट्स) ने टॉप-10 में जगह बनाई। दसवें नंबर पर मारुति इको रही, जिसकी बिक्री 10,785 यूनिट्स रही। महिंद्रा स्कार्पियो 9,840 यूनिट्स के साथ 12वें स्थान पर रही, जबकि टोयोटा इनोवा 9,304 यूनिट्स के साथ 13वें स्थान पर। किआ सोनेट, महिंद्रा बोलेरो और हयूदै वेन्यू ने भी अच्छी बिक्री दर्ज की। 25वें नंबर पर टोयोटा ग्लांझा रही, जिसकी 5,102 यूनिट्स बिकीं।

पुरानी कार मालिकों की जेब पर बढ़ेगा बोझ

नई दिल्ली सड़क परिवहन मंत्रालय ने पुराने वाहनों की फिटनेस टेस्ट फीस में भारी बढ़ोतरी का प्रस्ताव रखा है। इस प्रस्ताव के लागू होने के बाद अगर आपके पास 20 साल से पुरानी कार है, तो अब जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ने वाला है। नए नियम लागू होने पर कार मालिकों को फिटनेस टेस्ट कराने के लिए 2,600 रुपये तक खर्च करने पड़ सकते हैं। वहीं, 15 साल से पुराने ट्रक और बसों की फिटनेस फीस 25,000 रुपये तक होगी। अब तक रजिस्ट्रेशन के 15 साल पूरे होने पर आरटीओ महज औपचारिक जांच कर फिटनेस सर्टिफिकेट दे देता था। लेकिन अब प्रस्ताव है कि हर 15 साल पुराने वाहन को स्वचालित मशीनों पर तकनीकी टेस्ट से गुजरना होगा। सरकार का तर्क है कि पुराने वाहन प्रदूषण और सड़क दुर्घटनाओं की बड़ी वजह हैं। बढ़ी हुई फीस से लोग नई गाड़ियां खरीदने की ओर बढ़ेंगे और पुराने वाहनों को धीरे-धीरे हटाया जा सकेगा। कमर्शियल वाहनों पर असर सबसे ज्यादा होगा।प्रस्ताव के अनुसार, 10, 13, 15 और 20 साल पुराने ट्रक-बसों की फीस अलग-अलग तय की जाएगी। खासतौर पर छोटे ऑपरेटरों के लिए ये नई लागत भारी पड़ सकती है, क्योंकि वे पहले ही ईंधन और टैक्स की मार झेल रहे हैं। वर्तमान नियमों के अनुसार, कमर्शियल वाहन आठ साल तक हर दो साल में फिटनेस टेस्ट से गुजरते हैं और उसके बाद हर साल।

वाहबिज दोराबजी ने बताया खुद का रिलेशनशिप स्टेटस

टीवी एक्ट्रेस वाहबिज दोराबजी का 2021 में एक्टर विवियन डीसेना से तलाक हुआ था। विवियन तो अपनी लाइफ में आगे बढ़ गए हैं, लेकिन उनकी पूर्व पत्नी वाहबिज दोराबजी का रिलेशनशिप स्टेटस क्या है, यह फैंस जानना चाहते हैं। हाल ही में अभिनेत्री वाहबिज दोराबजी ने इंटरव्यू में अपने रिलेशनशिप से लेकर करियर तक के बारे में खुलकर बातें की। इस दौरान उन्होंने बताया कि उन्हें स्वाइप कल्चर से क्यों डर लगता है और वो लाइफ में अब कैसा पार्टनर चाहती हैं। जब वाहबिज दोराबजी से पूछा गया कि क्या वह सिंगल हैं, तो अभिनेत्री ने बताया कि वह इस समय किसी को डेट नहीं कर रही हैं। उन्होंने कहा, मैं खुद पर, अपने करियर पर ध्यान केंद्रित कर रही हूं। रिश्तों के मामले में मैं बहुत पुराने जमाने की हूं। मैं 90 के दशक के प्यार में विश्वास करती हूं। मैं किसी ऐसे व्यक्ति को चाहती हूं जो मेरे जीवन में कुछ अर्थ जोड़े, जो मेरे बराबर का हो, महत्वाकांक्षी हो, फिर भी परिवार के प्रति समर्पित हो।

स्वाइप कल्चर से डर लगता है

अपने करियर के बारे में बात करते हुए वाहबिज दोराबजी ने कहा, मैंने पहली बार प्यार की एक कहानी में अभिनय किया था, मुझे ठीक से साल भी याद नहीं, शायद यह 2011 के आसपास था। एक एक्ट्रेस के तौर पर, तब से मैं काफी आगे बढ़ी हूं। मजेदार बात यह है कि मैं कभी एक्ट्रेस नहीं बनना चाहती थी। मैं असल में एक मॉडल बनना चाहती थी। मैं पुणे वापस नहीं जाना चाहती थी। एक के बाद एक चीजें होती गईं और मैंने ऑडिशन देना शुरू कर दिया। बाकी तो इतिहास है। वह शो हुआ और मुझे एक्टिंग से प्यार हो गया। खुशकिस्मती से, वह सुपरहिट साबित हुआ और तब से मैंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। टीवी इंडस्ट्री के बिजी शेड्यूल पर भी उन्होंने बात की। वाहबिज दोराबजी ने अपनी राय रखते हुए कहा, टेलीविजन बहुत ही डिमांडिंग इंडस्ट्री है। जब आप इस दुनिया में आते हैं तो आपको पता होता है कि आप क्या करने जा रहे हैं। कभी-कभी प्रसारण का दबाव होता है और आप अपने प्रोडक्शन को कम नहीं कर सकते। लेकिन सच्चाई यह है कि हमारा शरीर इतना दबाव नहीं झेल पाता। मेरा मानना है कि आज की दुनिया को एक संतुलित और समग्र जीवनशैली की जरूरत है।

परदेस से किया डेब्यू और बदलना पड़ा नाम

महिमा चौधरी एक जानी-मानी भारतीय फिल्म अभिनेत्री और मॉडल हैं। उन्होंने 1997 में सुभाष घई की फिल्म 'परदेस' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था, जिसमें उनके अभिनय और मासूमियत ने दर्शकों का दिल जीत लिया। इस फिल्म के लिए उन्हें फिल्मफेयर बेस्ट डेब्यू अवार्ड भी मिला। महिमा का जन्म 13 सितंबर 1973 को दार्जिलिंग, पश्चिम बंगाल में हुआ था। फिल्मों में आने से पहले वे मॉडलिंग और विज्ञापनों में काम कर चुकी थीं। अपने करियर में उन्होंने 'दिल क्या करे', 'दाग - द फायर', 'कुरुक्षेत्र', 'लज्जा', और 'धड़कन' जैसी फिल्मों में यादगार भूमिकाएं निभाईं।
पहली फिल्म से डेब्यू करने के लिए महिमा चौधरी को अपना नाम बदलना पड़ा था। महिमा का असली नाम रितु चौधरी है। रितु चौधरी से उनको महिमा चौधरी क्यों बनाना पड़ा, यह एक दिलचस्प किस्सा है। हालांकि, पहले तो उन्हें नाम बदलने में कोई परहेज नहीं हुआ, लेकिन बाद में अभिनेत्री को इसका मलाल भी हुआ। इसे उन्होंने अपने एक इंटरव्यू में जाहिर किया।
दरअसल, फिल्म परदेस के लिए सुभाष घई को नया चेहरा चाहिए था। सैकड़ों लड़कियों के ऑडिशन करने के बाद कोई पसंद नहीं आया। तब एक पार्टी में उनकी नजर रितु चौधरी पर पड़ी। पहली बार में उन्होंने फिल्म का ऑफर रितु को दे दिया। ब उन्हें सुभाष घई की फिल्म परदेस में मुख्य भूमिका के लिए चुना गया, तब सुभाष घई ने उनसे अपना नाम बदलने के लिए कहा। सुभाष घई का एक गहरा अंधविश्वास था कि जिन अभिनेत्रियों के नाम एम अक्षर से शुरू होते हैं, उनके साथ निर्देशक की फिल्में हिट होती हैं। उनसे पहले वो माधुरी दीक्षित और मीनाक्षी शेषाद्रि जैसी अभिनेत्रियों के साथ कई ब्लॉकबस्टर फिल्में बना चुके थे। इस अंधविश्वास को मानते हुए, उन्होंने रितु को अपना नाम बदलकर महिमा रखने का सुझाव दिया। अपनी पहली फिल्म में सफलता की उम्मीद में रितु ने इस बात को मान लिया। उनका यह फैसला उनके करियर का एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ। फिल्म परदेस एक बड़ी हिट रही और महिमा रातों रात एक सुपरस्टार बन गईं। हालांकि, बाद में एक इंटरव्यू में महिमा चौधरी ने इस नाम परिवर्तन के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि अपने करियर के लिए अपना नाम बदलना उनके लिए एक मुश्किल फैसला था। वह कहती हैं कि कई सालों तक उन्हें महिमा के नाम से जाना गया, लेकिन बाद में उन्होंने महसूस किया कि उन्हें अपने असली नाम रितु से ज्यादा जुड़ाव है।

तबु ने शुरू की अपनी आने वाली पैन इंडिया फिल्म की शूटिंग

तबु ने अपनी अगली बड़ी साउथ फिल्म के कमर कस ली है। उन्होंने इस साउथ फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। यह एक पैन इंडिया फिल्म है। यह फिल्म मशहूर निर्देशक पुरी जगन्नाथ की है, जिसमें विजय सेतुपति मुख्य भूमिका में हैं। तबु ने इस बात की जानकारी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर कर दी है। उन्होंने इसे साउथ का धमाका बताया। यह फिल्म तमिल, तेलुगु, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज होगी। इस फिल्म में विजय और तबु के अलावा संयुक्ता और विजय कुमार भी दिखाई देंगे। तबु इस फिल्म में एक दमदार खलनायक की भूमिका में दिख सकती हैं। तबु इससे पहले मकबूल और अंधाधुन जैसी फिल्मों में भी नकारात्मक भूमिकाएं निभा चुकी हैं। कथित तौर पर इस फिल्म में भी उनका किरदार कुछ खास होने की उम्मीद है। फिल्म का निर्माण पुरी कनेक्ट्स के बैनर तले हो रहा है। इसे चार्मी कौर, जेबी मोशन पिक्चर्स और जेबी नारायण राव कोंड्रोला प्रस्तुत कर रहे हैं। इस फिल्म में विजय बिल्कुल अलग अंदाज में नजर आएंगे। यह फिल्म तमिल, तेलुगु, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज होगी।

एसीपी यशवर्धन के किरदार में लौटेंगे जॉन

अभिनेता जॉन अब्राहम पिछली बार तेहरान में नजर आए थे। इससे पहले आई उनकी फिल्म द डिप्लोमैट को भी दर्शकों ने सराहा था। अब जॉन एक तरफ जहां रोहित शेट्टी की अगली फिल्म को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं, वहीं उनकी नई फिल्म को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। मीडिया के मुताबिक... जॉन अपनी एक्शन फ्रेंचाइज फोर्स को आगे बढ़ाते हुए फोर्स 3 ला रहे हैं। 2011 में आई फोर्स में उन्होंने एसीपी यशवर्धन सिंह का किरदार निभाया था। निशिकांत कामत के निर्देशन में बनी यह फिल्म हिट रही थी। इसमें जेनेलिया डिसूजा पूजा और राज बब्बर भी अहम भूमिका में थे। इसके बाद 2016 में जॉन ने सोनाक्षी सिन्हा के साथ फोर्स 2 की, हालांकि यह बॉक्स ऑफिस पर असफल रही। अब करीब 9 साल बाद जॉन फोर्स 3 लेकर आ रहे हैं। साल 2023 में उन्होंने निर्माता विपुल शाह से फ्रेंचाइज के राइट्स वापस खरीदे थे। अब इस साल के अंत तक फिल्म की शूटिंग शुरू होगी।



ऋषभ शेट्टी की कंतारा - चैप्टर 1 से जुड़े दिलजीत दोसांझ

दिलजीत दोसांझ ने ऋषभ शेट्टी के साथ उनकी आगामी फिल्म कंतारा- चैप्टर 1 के लिए एक खास गाने की रिकॉर्डिंग की है। जिसे दिलजीत ने मुंबई के वाईआरएफ स्टूडियो में पूरा किया है। लजीत दोसांझ ने इंस्टाग्राम पर ऋषक्ष शेट्टी के साथ एक खास वीडियो शेयर किया और कैप्शन में लिखा, बड़े भाई ऋषभ शेट्टी को सलाम.. जिन्होंने कंतारा बनाई। इस फिल्म के साथ मेरा एक पर्सनल संबंध है, जिसे मैं बता नहीं सकता.. लेकिन मुझे याद है जब मैं सिनेमाघरों में देख रहा था.. आखिर में जब वराह रूपम गाना बजा तो मैं बहुत खुशी से रोया था..अब कंतारा चैप्टर 1, 2 अक्टूबर को आ रही है, इसे सिनेमाघरों में देखने का इंतजार नहीं कर सकता। आगे दिलजीत ने संगीतकार बी अजनीश लोकनाथ के लिए लिखा, सर आपका बहुत बहुत धन्यवाद.. कल आपसे बहुत कुछ सीखा।

दिलजीत की पोस्ट पर ऋषभ का जवाब

साउथ एक्टर ऋषभ शेट्टी ने दिलजीत दोसांझ की इस पोस्ट पर जवाब देते हुए लिखा, दिलजीत के साथ कंतारा के गाने के लिए काम करके बहुत खुशी हुई। शिव की कृपा से सब कुछ अच्छा हुआ। ढेर सारा प्यार। एक और शिव भक्त कंतारा से मिला।

नकुल मेहता ने खुद को बताया भाग्यशाली

लोकप्रिय टीवी अभिनेता नकुल मेहता ने आज सोशल मीडिया डू यू वाना पार्टनर में अपने को-स्टार्स को लेकर एक खास पोस्ट शेयर किया है। इसके साथ ही नकुल ने अपने फैंस से एक खास गुजारिश भी की है। उन्होंने दर्शकों से शो देखने की अपील की और वादा किया कि वे उनके समय को महत्व देंगे। उन्होंने लिखा, वे इस शो में कई प्रतिभाशाली महिलाओं और पुरुषों के साथ काम करके खुद को भाग्यशाली मानते हैं। नकुल ने अपने सह-कलाकारों की तारीफ की और कहा कि उनके साथ काम करना शानदार अनुभव रहा। नकुल ने आगे लिखा, मुझे आपके साथ यह साझा करते हुए बेहद खुशी हो रही है कि मेरे पास एक बिल्कुल नई ओरिजिनल सीरीज है, जिसका प्रीमियर आज से हो रहा है। क्या आप पार्टनर बनना चाहते हैं।

फैंस से की गुजारिश

नकुल ने फैंस से डू यू वाना पार्टनर को देखने की गुजारिश की और साथ ही लिखा, मैं आपके समय को कभी हल्के में नहीं लूंगा, लेकिन अगर आप इसे पूरा देख लेते हैं, तो मैं वादा करता हूं कि यह मुझे बहुत खुश कर देगा। अगर आपको यह पसंद आया, तो हमें बताएं। बॉबी और नकुल को।

डू यू वाना पार्टनर के बारे में

डू यू वाना पार्टनर एक कॉमेडी ड्रामा सीरीज है। इसे कॉलिन डी कुन्हा और अर्चित कुमार ने निर्देशित किया है। इसमें नकुल मेहता के अलावा तमन्ना भाटिया, डायना पेंटी, जावेद जाफरी, नीरज काबी, श्वेता तिवारी, रणविजय सिंह, सूफी मोतीवाला और इंद्रनील सेनगुप्ता जैसे कलाकार हैं। यह शो दो दोस्तों की कहानी है, जो पुरुष-प्रधान उद्योग में एक क्राफ्ट बियर स्टार्टअप शुरू करते हैं। इस शो का प्रीमियर आज 12 सितंबर 2025 को ओटीटी पर रिलीज हुआ है।

मेरा संघर्ष इम्पोर्टेड गाड़ी में है, महंगे कपड़े पहनकर भी स्ट्रगल कर रहा हूं

नील नितिन मुकेश पिछले दो दशक से इंडस्ट्री में सक्रिय हैं। उनका मानना है कि अच्छी भूमिकाओं और लगातार काम मिलने का उनका संघर्ष आज भी जारी है, मगर वे हार मानने वालों में से नहीं हैं। इन दिनों वे चर्चा में हैं अपनी नई फिल्म एक चतुर नार से।

आपने पिछली बार कहा इंडस्ट्री की टॉक्सिसिटी पर भी बात की थी, आपको लगता कि खुद के लिए स्टैंड लेने के बाद आपको अच्छी भूमिकाएं मिल रही हैं?

देखिए, मैं डरने वालों में से नहीं हूं। पिछले बीस सालों से मैं काम किए जा रहा हूं, संघर्ष किए जा रहा हूं, तो ये तो मुझे कास्ट करने वाले निर्देशकों पर निर्भर करता है कि वे मुझे लें। मगर आज फिल्म मेकिंग बहुत बदल गया है। एक तरह से सेटिंग-सी हो गई है। मैं शिकायत नहीं कर रहा। मुझ में अभी भी जूझने की क्षमता है और मैं खुद को प्रतिभावान मानता हूं। मैं कई राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशकों के साथ काम कर चुका हूं, मगर मेरे मन में सवाल उठता है कि मैं खुद को कब तक साबित करता रहूं। मेरे पास वो

बैकिंग नहीं है, जहां पांच फिल्में फ्लॉप होने के बावजूद मुझे मेन लीड मिले। मुझे बहुत मेहनत करनी पड़ती है। मेरी 6 साल की छोटी बेटी है, मुझे उसकी परवरिश करनी है। घर पर मेरे माता-पिता और पत्नी भी है, तो अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों को उठाने ले लिए मुझे कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। मैं मेहनत से नहीं डरता, बस भगवान मेरा साथ दें, इंडस्ट्री दे जो कि कहीं न कहीं इंडस्ट्री करती है।

आपने कभी करियर या जीवन में शॉर्टकट अपनाया है?

नहीं, शॉर्टकट अपनाया होता, तो मेरे संघर्ष की इतनी लंबी-लंबी कहानियां न कही जा रही होतीं। बहुत अच्छा लगता है, जब आप अपनी स्ट्रगल स्टोरीज सुनाते हैं, मगर मैं जहां से आता हूं, जैसे मेरे दादाजी (गायक मुकेश), पिताजी (गायक नितिन मुकेश) उनकी कहानियां असल संघर्ष की हैं। उनके संघर्ष का ग्लोरिफाइड वर्जन है। मेरा संघर्ष अब भी इम्पोर्टेड गाड़ी में है। मैं महंगे कपड़े पहनकर फिर भी अपने संघर्ष का ढिंढोरा पीट रहा हूं। मुझे नहीं लगता कि शॉर्टकट किसी भी तरह के संघर्ष को कम कर सकता है। जब आपका समय आएगा, तब कहीं न कहीं आपकी मेहनत भी चमक जाती है। मैं भी फिल्म लिखता हूं, उनका निर्माण करता हूं और कास्टिंग के समय मुझसे भी पूछा जाता है कि फलां एक्टर के साथ कोई बड़ा सरनेम जुड़ा हुआ है या नहीं? आपको इससे क्या फर्क पड़ता है, सरनेम क्या है? आप उस कलाकार की प्रतिभा पर शक कर रहे हैं।

आपने अपने करियर की शुरुआत ही ग्रे शेड वाली भूमिका से की थी, एक चतुर नार में आपका ये रोल आपकी पिछली नेगेटिव भूमिकाओं से कितना अलग है?

जब भी मैं किसी फिल्म में अपना किरदार निभाता हूं, तो मेरी कोशिश यही रहती है कि मैं उसे ह्यूमन टच दूं। अब इस फिल्म में मेरा जो किरदार है, वो हालत का मारा है। हमारी फिल्म का विषय में काफी रेलेवेंट है। हम लोग बहुत कम समय में बहुत कुछ हासिल करना चाह रहे हैं, संघर्ष और मेहनत किसी को करनी ही नहीं है। इस नजरिए से देखा जाए, तो यह किरदार पाने हिसाब से कुछ गलत नहीं कर रहा। मेरे चरित्र में कई शेड्स हैं, जिसे प्ले करते हुए मुझे काफी मजा आया, क्योंकि यह एक मानवीय चरित्र होने के साथ -साथ कॉमिक भी है।

सोशल मीडिया को लोगों तक पहुंचाने का जरिया मानता हूं

मैं सोशल मीडिया को लोगों तक अपने काम को पहुंचाने का जरिया मानता हूं। कई इसे लोगों से मिलता हूं, जिनके लिए मुझसे मिलना एक सपना है, मगर कई बार मैं गालियां भी खाता हूं कि ये तो फ्लॉप एक्टर है। जितना मैं इसे मजबूत मानता हूं, उतना कई बार मुझे ये भी लगता है कि इसका ओवरयूज हो रहा है। जैसे हर सोशल मीडिया में हैंडल लेकर चलने वाला समझता है कि मैं भी क्रिटिक बन जाऊं और फिल्म की आलोचना शुरू कर दूं। जो सीनियर क्रिटिक हैं, जिनको सिनेमा की समझ है, उनकी आलोचना समझ में आती है, मगर का कल का आया हुआ बंदा कह दे, महा बकवास वो बात समझ में नहीं आती।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी**, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in